4. c) An Under-graduate College or a Post-graduate College, as the case may be, shall ordinarily be admitted to the privileges of the University, in the first instance, for providing instruction for the first year of the course. Such a College may be admitted to the further privilege of providing instruction at the subsequent years of study in accordance with the procedure and conditions prescribed by the University for the purpose.

4. d) On receipt of the application from the college seeking admission to the privileges of the University, the Registrar will forward it to the BAR. The Board of Affiliation and Recognition shall scrutinize the application through the respective Regional Council and where needed, seek further clarification from the sponsoring body.

4. e) The recommendations of the Regional Council shall be forwarded by BAR to the Academic Council and the Academic Council after considering the report of the BAR, shall appoint a Committee of Inspection of not less than three members nominated by Vice Chancellor.

4. f) The Committee of Inspection may take necessary steps to examine the request, inspect the site and submit its report to the AC on the need and feasibility of the proposed College/Course, the suitability of the site, the adequacy of the physical facilities and financial resources and then make suitable recommendations.

4. g) While making recommendations for provisional affiliation to a college and the courses to be offered by it, the Committee of Inspection should satisfy itself about the following:

4. g (i) No Objection Certification (NOC) issued from the Government for establishment of such college.

4. g (ii) Norms prescribed by the University in respect of infrastructure, physical, financial and other facilities, staff requirements – both academic and other administrative and technical staff, equipment, library and laboratory facilities, accommodation etc. in respect of each category of Colleges/Courses which are detailed in the Annexure I.

4. h) The Committee of Inspection shall submit its report in the Proforma prescribed for each category of colleges/courses incorporating norms prescribed to the Academic Council which in turn forward it to BAR with its recommendations.

4. i) The above report may be examined by the Board of Affiliation and Recognition and give its decision.

4. j) The University shall make necessary arrangements to complete the process and intimate the decision of BAR to the sponsoring Body/Government Department concerned normally two months prior to the commencement of the next academic session.

5. a) On receipt of the permission to start the college/institution the sponsoring Body shall constitute the Governing Body/Advisory Committee and proceed to make appointment for the posts of Principal and other academic staff in accordance with the provisions of the Statutes, Ordinances and Regulations of the University about their composition, minimum qualifications, procedure for appointment.

5. b) Further, the Governing Body/Advisory Committee shall make necessary arrangements to fulfill all the conditions and recommendations made by the BAR in this regard.

5. c) No person, who is not fully qualified as per the norms laid down by the University for the purpose, shall be appointed on the staff of the college or as Principal. In exceptional cases, however, if a fully qualified Principal is not readily available, one of the members of the staff, if existing, having the longest teaching experience, at college level, may be designated as Vice-Principal and the post of Principal may be kept vacant until such time a fully qualified person in appointed as Principal.

5. d) The Governing Body/Advisory Committee of a college/institution or the Government Department, as the case may be shall at the earliest but not later than 15 days from the date of commencement of the academic session, inform the University about the staff in position with full particulars and also a clarification/acceptance regarding the fulfillment of the conditions, recommendations prescribed by the University.

6. Provisional affiliation of a College/course shall be granted for a period of one year initially may be extended to a further period as the University may deem fit and proper. Requests for renewal shall be submitted on or before 7th January of the preceding academic year.

7. The BAR may arrange for a review of the progress of the College/institution, its performance in general with particular reference to the course(s) started and then permit the renewal as per the recommendations of the Regional Council.

8. The College/institution, which has been granted provisional affiliation for any course, may apply for permanent affiliation. The College/institution shall submit a detailed report well before the time of inspection to facilitate the process for grant of permanent affiliation. The procedure for this is same as that for the provisional affiliation.

Provided that in exceptional and outstanding cases, this condition may be waived by the Executive Council on the recommendation of the BAR and permanent affiliation granted earlier to any College/institution as per usual procedure governing such permanent affiliation as special categories.

9. No college shall be dissolved or abolished by its Governing Body/Advisory Committee without making prior arrangement for admission of students in another affiliated College or Colleges and without making alternative arrangements for employment of the permanent members of the teaching staff and also without obtaining prior approval of the Government concerned, the University, the University Grants Commission, as may be necessary, regarding final settlement of any property including library books and laboratory equipment which might have been acquired by such a College with financial assistance from the University Grants Commission and/or Government.

Provided that no College shall be dissolved or abolished under any circumstances in the midst of an academic session.

10. The BAR may lay down new conditions of affiliation general or specific, regarding staff, buildings, equipment, library laboratories, finance or other relevant matters in consultation with Executive Council and specify the date by which the conditions so stipulated be satisfied, failing which the College/institution may not be allowed to enjoy the privileges of the University.

11. The report of the Inspection Committee of a College/institution shall not be communicated to the College/institution but shall be regarded as a confidential document until it has first been considered by the University. After a decision regarding affiliation has been taken, copies of the report may be sent, unless withheld under the orders of the Vice-Chancellor for any reason, to the college/institution for information, guidance and necessary action.

12. a) A sponsoring body/Government Department seeking permission to open a new college/institution or Colleges/institutions seeking to start new courses shall pay the fees/create the endowment at the rates as specified in the Annexure-II.

12. b) Such affiliated Colleges/institutions may levy such fees from students towards tuition fee etc., payable to the College and also to the University as may be prescribed/approved by the University from time to time, with the prior concurrence of the University.

13. a) The Executive Council shall have power to withdraw any affiliation or permission from a College/institution at any time whenever, on the basis of the recommendation of BAR that, such College/institution has failed to comply with the Rules, Regulations, Statutes, Ordinances or any other directives of the University, or if the College/institution authorities have failed to maintain order and discipline in the College/institution or the normal, regular and proper functioning of the College/Institution has become impossible due to mismanagement of the affairs of the College/Institution or any other valid reason. Provided that before any privileges are so withdrawn, the Governing Body of the college or institution concerned shall be given an opportunity to represent to the Executive Council why such action should not be taken.

14. Every College/institution should follow the norms laid down by the University in all matters relating to physical infrastructure and academic requirements in terms of teachers, classes, laboratories, workshops, library etc.

15. Any difficulty arising in interpretation of, or giving effect to any provisions of this ordinance, shall be referred to the Vice-Chancellor, whose interpretation or decision thereon, shall be final.

16 a) Without prejudice to the provisions of the Act and the Statutes, and other rules of the University, no student shall be eligible for admission to any undergraduate or post-graduate course of study in the University unless he/she has passed the examination or examinations prescribed by the University for admission to the concerned course or courses.

16 b) The procedure for admission to various courses of study will be notified by the University.

Part II

Board of Affiliation and Recognition

The Board of Affiliation and Recognition (BAR) would be placed in the Headquarters of IMU and will have the following members:

1. Vice Chancellor
2. 2 representatives from any of the compuses who are experts in the field to be nominated by VC
3. 2 experts from the industry to be nominated by Academic Council.
4. The Registrar of the University.
5. Two representatives of DGS, one each from Nautical and Engineering branches to be nominated by DGS with the consent of Vice Chancellor.

The Registrar is the Member Secretary of the BAR.

The BAR will have one Regional Council in each campus.

The Regional Council of the BAR will have the following members:

1. Director of the Campus
2. Two representations from the respective campuses to be nominated by Vice Chancellor
3. Two nominations from the industry to be nominated by Vice Chancellor.
4. One representative of DGS nominated by DGS with the consent of Vice chancellor.

The regional Council located at campuses would submit their recommendations on all matters referred to it, to the BAR.

IV. DATES PRESCRIBED FOR SUBMISSION OF DOCUMENTS:

(i) Last date for submission of application form in the prescribed format for grant of provisional affiliation for offering course/ courses	1st April of the academic year
(ii) Last date for submission of No Objection Certificate of the respective State Govts.	31st March of the academic year
(iii) Late date for submission of Statutory Council's permission /recognition/approval	10th April of the academic year

Dr. RAMANAND YADAV, Asstt. Professor
[ADVT III/4/92-P/2009/Exty.]

भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय

प्रशासनिक मामलों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश

प्रस्तुत अधिनियम, मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित पृथक अधिनियम (Act) का हिन्दी अनुवाद है।

यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है, तो अंग्रेजी में लिखित अधिनियम ही मान्य होगा।

अध्याय -- 1

विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर सभी कर्मचारियों के सेवा-विनियम एवं शर्तों को नियंत्रित करने वाले अध्यादेश

भाग -- I अनुप्रयोग का कार्यक्षेत्र

1. इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (गैर-शिक्षक कर्मचारी सेवा नियम एवं शर्तें) नियम" कहा जा सकता है। माना जा सकता है कि ये नियम दि. 14 नवम्बर 2008 से अमल में आये।

2. अधि नियम एवं वैधानिकता अधिनियम के प्रावधानों के तहत तथा वैधानिकता के बशर्ते, विश्वविद्यालय शिक्षकों को छोड़कर भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं।

भाग -- II परिभाषाएँ तथा व्याख्याएँ

3. जब तक संदर्भ की अन्य प्रकार की अपेक्षा नहीं की जाती है, इन नियमों में व्यवहृत विभिन्न शब्दों के निम्नलिखित प्रकार के अर्थ होंगे :

(i) 'औसत' का मतलब, औसत वेतन के परिकलन के लिए सन्निकट जिसकी आवश्यकता है, घटना घटने वाले महीने के सन्निकट पूर्ववर्ती 10 संपूर्ण महीनों के दौरान उपार्जित, औसत वेतन है।

(ii) "काडर" का मतलब है, अलग इकाई के रूप में स्वीकृत सेवा की अथवा सेवा की क्षमता/संख्या है।

(iii) किसी कर्मचारी के "क्षतिपूर्ति भत्ता" का मतलब, कार्य-परिवार में विशेष परिस्थितियों में अपेक्षित व्यक्तिगत खर्च संभालने के लिए स्वीकृत किये जानेवाला भत्ता। इसमें यात्रा भत्ता भी शामिल है।

(iv) "ड्यूटी" के तहत, परिवीक्षा - अवधि पर सेवा शामिल है, बशर्ते कि, उस सेवा का उत्तरोत्तर स्थायी करण किया गया हो।

(v) "कर्मचारी (गैर-शैक्षिक) का मतलब विश्वविद्यालय के शैक्षिकेतर कर्मचारी है।

(vi) "शुल्क" का मतलब विश्वविद्यालय की निधियों को छोड़कर कर्मचारी को सीधे अथवा विश्वविद्यालय के पदधारी के द्वारा परोक्ष रूप से किये जाने वाला आवर्ती अथवा अनावर्ती भुगतान है, परन्तु साहित्यिक, कलात्मक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय प्रयासों से प्रतिभूतियों पर सम्पत्ति, डिविडेण्ड एवं ब्याज जैसे अनुपार्जित आय इसमें शामिल नहीं है।

(vii) मानदेय का मतलब है -- किसी अवसरोचित अथवा आंतरायिक प्रकृति के विशेष कार्य के लिए मानदेय के रूप में विश्वविद्यालय की निधियों से कर्मचारी को स्वीकृत किये जाने वाला आवर्ती अथवा गैर-आवर्ती भुगतान।

(viii) "विदेशी सेवा" का मतलब है -- ऐसी सेवा जिसमें कर्मचारी विश्वविद्यालय की निधियों को छोड़कर किसी अन्य स्रोत से विश्वविद्यालय की स्वीकृति के साथ अपना वेतन प्राप्त करता है।

(ix) "कार्यारंभ समय" का मतलब है -- विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के अन्दर एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र को स्थानान्तरण किये जाने वाले केन्द्र से अथवा केन्द्र को यात्रा करने के लिए कर्मचारी को दिये जानेवाला समय।

(x) अवकाश-वेतन का मतलब है छुट्टी में रहनेवाले कर्मचारी को विश्वविद्यालय के द्वारा भुगतान की जानेवाली मासिक रकम।

(xi) "लीन" का मतलब है -- तुरन्त अथवा पूर्ण रूप से अथवा अनुपस्थिति की अवधि अथवा अवधियों की समाप्ति पर, कार्यकाल (टेन्यूर) प्रदान सहित स्थाई पद, जिस पद के लिए पूर्ण रूप से उनकी नियुक्ति हुई है, का ग्रहण करने के लिए कर्मचारी का स्वत्वाधिकार।

(xii) "महीना" का मतलब एक कैलण्डर महीना है। महीनों एवं दिनों के संबंध में अभिव्यक्त की गई अवधि के परिकलन के समय, पूर्ण कैलण्डर महीनों का, प्रत्येक में दिनों की संख्या को ध्यान में रखे बिना, पहले परिकलन किये जाना चाहिए तथा तत्पश्चात् दिनों की विषम संख्या का परिकलन किये जाना चाहिए।

(xiii) "स्थानापन्न" का मतलब है-- कोई कर्मचारी किसी पद पर कार्यवहन करते हुए, "लीन" का अधिकार प्राप्त किसी और कर्मचारी के पद के कार्यों का निष्पादन जब करता है। कर्मचारी ऐसे रिक्त पद का कार्यवहन कर सकता है जिसमें कोई दूसरा कर्मचारी "लीन" न रखता हो।

(xiv) "वेतन" का मतलब किसी कर्मचारी के द्वारा मासिक तौर पर निकाले जाने वाली रकम यथा :--

(अ) वेतन स्थाई रूप से अथवा स्थानापन्न रूप से उनके द्वारा धारण किये जानेवाले पद के लिए स्वीकृत किये गये उनकी व्यक्तिगत योग्यताओं की दृष्टि से विशेष वेतन अथवा उनके व्यक्तिगत योग्यताओं के लिए स्वीकृत किया गया वेतन को छोड़कर।

(आ) विशेष वेतन एवं व्यक्तिगत वेतन।

(xv) "व्यक्तिगत वेतन का मतलब किसी कर्मचारी को स्वीकृत किया गया अतिरिक्त वेतन :--

(अ) विशेष वेतन अथवा स्थाई पद के सन्दर्भ में, किसी कार्यकाल (टेन्यूर) के रूप में अथवा स्थानापन्न धारिता में उनके द्वारा वहन किये गये पद के लिए स्वीकृत किये गये अथवा किसी श्रेणी में उनके पद के कारण जिसके लिए वे अर्हता रखते हैं, उनके व्यक्तिगत अर्हताओं की दृष्टि से स्वीकृत किये गये वेतन के अतिरिक्त वेतन।

(xv) व्यक्तिगत वेतन का मतलब किसी कर्मचारी को स्वीकृत किये गये अतिरिक्त वेतन--

(अ) उनको, टेन्यूर पद को छोड़कर किसी स्थाई पद के संबंध में, ऐसे विधिवत् प्रस्तावित वेतन के वेतन परिवर्तन अथवा घटाव, अनुशासनिक कार्रवाई से भिन्न हो, के कारण स्थाई वेतन की हानि से बचाने के लिए;

अथवा

(आ) अन्य व्यक्तिगत प्रतिफल पर असाधारण परिस्थितियों में।

(xvi) परिवीक्षा : किसी पद में परिविक्षा पर रहनेवाला व्यक्ति वह है जो उस पद के लिए घटनापूर्ण स्थाई नियुक्ति के लिए उनकी उपयुक्तता के निर्णय के लिए उस पद पर नियुक्त किया गया व्यक्ति।

(xvii) विशेष वेतन का मतलब है --

वेतन की प्रकृति के अलावा, किसी पद के अथवा कर्मचारी के वेतनादि को,

(अ) कार्यों की विशेष श्रम साध्य प्रकृति अथवा

(आ) कार्य अथवा दायित्व को विशेष जोड़ के प्रतिफल में स्वीकृत वेतन की प्रकृति की जोड़।

(xviii) "स्थाई पद" का मतलब है, समय-सीमा के बिना स्वीकृत किये गये वेतन का निर्धारित दर पर रहनेवाला पद।

(xix) विशेष वेतन अथवा व्यक्तिगत वेतन के अतिरिक्त वेतन जिसके लिए स्थाई रूप से नियुक्त किये गये पद के कारण, कर्मचारी को प्राप्त होगा।

(xx) "जीवन निर्वाह अनुदान" का मतलब है किसी कर्मचारी जो कोई वेतन अथवा अवकाश वेतन नहीं पा रहा हो, को दिये जाने वाला मासिक अनुदान।

(xxi) अध्याई पद का मतलब है किसी सीमित समय के लिए स्वीकृत किये गये निश्चित वेतन दर पर रहनेवाला पद।

(xxii) "टैम-स्केल-वेतन" का मतलब है न्यूनतम से उच्चतम तक सार्वधिक वेतन-वृद्धि के अनुसार बढ़नेवाला वेतन।

(xxiii) "यात्रा भत्ता" का मतलब है विश्वविद्यालय के हित में यात्रा करते समय किसी कर्मचारी के द्वारा उठाये जानेवाले खर्च की एवज में उनको दिये जानेवाला भत्ता।

(xxiv) "विश्वविद्यालय" का मतलब है भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय।

भाग -- III सामान्य सेवा नियम

4.(1) विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर पद, समय समय पर निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किये जानेवाले सामान्य आदेश अथवा विशेष आदेश के अनुसार, ऐसे वर्गीकरण के बशर्ते, सरकार के माने जाएँगे (पांचवीं केन्द्रिय वेतन आयोग के अनुसार):

क्रम संख्या	पदों का विवरण	पद वर्गीकरण
1.	रु. 13,500/- से कम न रहनेवाले उच्चतम से वेतन अथवा वेतनमान पर रहनेवाला पद	ग्रुप-'ए'
2.	रु. 9,000/- से कम नहीं परन्तु रु. 13,500/- से कमवाले उच्चतम से वेतन अथवा वेतनमान पर चलनेवाला पद	ग्रुप-'बी'
3.	रु. 4,000/- के अधिक परन्तु रु. 9,000/- से कम के उच्चतम पर वेतन अथवा वेतनमान पर रहनेवाले पद	ग्रुप-'सी'
4.	रु. 4,000/- अथवा उससे कम के उच्चतम के वेतन अथवा वेतनमान पर चलनेवाले पद	ग्रुप-'डी'

विधि 4(2) के तहत कुलसचिव (रजिस्ट्रार) की परिलब्धियाँ, सेवा-शर्तें तथा विनियम।

4.(1).(ए). 1. विश्वविद्यालय के कुलसचिव, एक पूर्णकालीन वेतनभोगी अधिकारी कुल सचिव--रहेंगे और उनको रु. 10,000 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 37,400/- रु. 67,000/- के अनुज्ञेय अथवा कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर परिवर्तित किये जानेवाले वेतन मान में वेतन एवं अन्य भत्ते प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को अनुज्ञेय भत्तों के वेतन भी प्राप्त करेंगे। उनका कार्यकाल अधिकतम पाँच वर्ष का होगा। प्रथम कुलसचिव का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

इस शर्त पर कि लेखा अधिकारी की नियुक्ति संपठित लेखा/लेखापरीक्षा सेवा/कैडर से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाएँगे। उनका वेतन प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार जिससे वे सम्बद्ध हैं, उस सेवा प्रतिनियुक्ति के नियमों के अनुसार उनके लिए जो वेतन अनुज्ञेय रहेगा, उसी प्रकार का रहेगा।

2. कुलसचिव अपने कार्यों एवं प्रकार्यों को, विश्वविद्यालय के कानून एवं अध्यादेशों में उल्लिखित प्रकार अपने कर्तव्य एवं प्रचार्यों का निष्पादन करेंगे।

3. कुलसचिव को विश्वविद्यालय के सज्जित नहीं किये गये ऐसी आवास-गृह की सुविधा दी जाएगी जिसके लिए वे सामान्य दरों पर किराये का भुगतान करेंगे।

4. कुलसचिव की सेवा के अन्य शर्तें एवं विनियम ऐसे ही रहेंगे जिनका "अधिकारियों की सेवा-संविदा "में उल्लिखित है तथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले अन्य शर्तों के बशर्ते, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित हैं।

5. कुलसचिव की "सेवा संविदा" पर विश्वविद्यालय की तरफ से वित्त अधिकारी के द्वारा हस्ताक्षर किये जाएँगे।

विधि 5(2) के तहत वित्त अधिकारी की परिलब्धियाँ, सेवा-शर्तें तथा विनियम।

4.(1).(3). 1. विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी, एक पूर्णकालीन वेतनभोगी अधिकारी कुल सचिव--रहेंगे और उनको रु. 10,000 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 37,400/- रु. 67,000/- के अनुज्ञेय अथवा कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर परिवर्तित किये जानेवाले वेतन मान में वेतन एवं अन्य भत्ते प्राप्त करेंगे। विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को अनुज्ञेय भत्तों के वेतन भी प्राप्त करेंगे। उनका कार्यकाल अधिकतम पाँच वर्ष का होगा। प्रथम वित्त अधिकारी का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

2. वित्त अधिकारी अपने कार्यों एवं प्रकार्यों को, विश्वविद्यालय के कानून एवं अध्यादेशों में उल्लिखित प्रकार अपने कर्तव्य एवं प्रचार्यों का निष्पादन करेंगे।

3. वित्त अधिकारी को विश्वविद्यालय के सज्जित नहीं किये गये ऐसी आवास-गृह की सुविधा दी जाएगी जिसके लिए वे सामान्य दरों पर किराये का भुगतान करेंगे।

4. वित्त अधिकारी की सेवा के अन्य शर्तें एवं विनियम ऐसे ही रहेंगे जिनका "अधिकारियों की सेवा-संविदा "में उल्लिखित हैं तथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाने वाले अन्य शर्तों के बशर्ते, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित हैं।

5. वित्त अधिकारी के "सेवा संविदा" पर विश्वविद्यालय की तरफ से कुलसचिव के द्वारा हस्ताक्षर किये जाएँगे।

(2) नियुक्ति के लिए योग्यताएं :

विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों की नियुक्ति के लिए उम्र, योग्यता तथा भर्ती की पद्धति संबंधित भर्ती-नियमों में उल्लिखित प्रकार अथवा समय समय पर कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्णय के अनुसार रहेंगे।

(3) उपयुक्तता :

(अ) 3 महीनों से अधिक अवधि के लिए प्रत्यक्ष भर्ती के द्वारा व्यक्तियों की नियुक्ति, विश्वविद्यालय के वैद्यकीय अधिकारी के द्वारा अथवा इस प्रयोजन के लिए अधिकृत किसी और वैद्यकीय प्राधिकारी के द्वारा अथवा सिविल सर्जन की श्रेणी से कम रहनेवाले वैद्यकीय अधिकारी के द्वारा वैद्यकीय दृष्टि से उपयुक्त पहचाने जाने की शर्त पर, रहेगी।

(आ) नियुक्त करनेवाले प्राधिकरण को जबतक उस व्यक्ति के अच्छे चरित्र एवं चाल-चलन के संबन्ध में संतुष्टि नहीं होगी तबतक किसी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

(4) भर्ती की पद्धतियाँ :--

निम्नलिखित प्रकार से पदों की भर्ती की जा सकती है --

(i) प्रत्यक्ष भर्ती के द्वारा अथवा

(ii) पदोन्नति के द्वारा अथवा

(iii) स्थानान्तरण के द्वारा अथवा

(iv) सरकारी विभागों तथा अन्य संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पद्धति पर।

(5) पदोन्नति के द्वारा भर्ती :--

(i) पदोन्नति के द्वारा किसी श्रेणी में किसी पद के लिए, स्थाई रूप से अथवा स्थानापन्न हैसियत से, अगले निम्न श्रेणी के पदों में सेवारत कर्मचारियों में से, नियुक्ति की जाएगी।

(ii) पदोन्नति के द्वारा प्रत्येक नियुक्ति, वरीयता क्रम को उचित महत्व देते हुए उपयुक्तता के आधार पर, की जाएगी।

(6) नियुक्ति :--

(i) किसी पद पर नियुक्ति, कार्यकारिणी समिति के द्वारा अथवा समय समय पर प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिशों पर प्रयोजन के लिए, उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी के द्वारा, की जाएगी।

(ii) पद पर नियुक्ति के लिए उम्र, शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ तथा भर्ती की पद्धतियाँ, कार्यकारिणी समिति के द्वारा समय समय पर किये जाने वाले निर्णयों के अनुसार, रहेंगी।

(7) तदर्थ नियुक्तियाँ :--

उपर्युक्त नियम की शर्तों के बावजूद, कार्यकारिणी समिति अपने एक सामान्य आदेश के द्वारा और ऐसे आदेश में उसके द्वारा विनिर्दिष्ट की जानेवाली ऐसी शर्तों के तहत, विश्वविद्यालय में किसी प्राधिकरण को तदर्थ नियुक्तियाँ करने का अधिकार सौंप सकता है।

(8) पदच्युत अथवा बर्खास्त किये गये अथवा घटाये गये कर्मचारियों की जगह नियुक्तियाँ :

जहाँ कर्मचारी को सेवा में किसी कैडर से पदच्युत अथवा बर्खास्त अथवा घटाया जाता है, वहाँ सेवा में ऐसे कैडर में एतद्वारा अथवा तत्पश्चात होनेवाली किसी रिक्तता की भर्ती, ऐसे व्यक्ति के प्रतिकूल प्रभाव में स्थाई रूप से, ऐसी पदच्युति अथवा घटाव के खिलाफ उनके द्वारा यदि कोई अपील की गई हो तो, उस अपील पर निर्णय तक अथवा ऐसे निर्णय के अनुपालन के अलावा अथवा अपील पेश करने के लिए दी जानेवाली अवधि पूरी होने तक, यथा सन्दर्भ हो, नहीं की जाएगी।

(9) सेवा निवृत्ति--दिनांक के पार, सेवा में पुनःनियुक्ति इन नियमों में उल्लिखित बातों के बावजूद, कार्यकारिणी समिति को अधिकार होगा कि :

(i) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सेवाओं को सेवा निवृत्ति की उम्र के पार बढ़ाने का अधिकार;

(ii) केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ सीमा प्रान्त सरकार अथवा अन्य विश्वविद्यालयों के तहत काम कर चुके तथा "सेवानिवृत्ति" पर अथवा न मान्य कारणों को छोड़कर किसी अन्य कारणों से सेवा से अवकाश प्राप्त व्यक्तियों को पुनःनियुक्त करने का अधिकार।

(iii) विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर रह चुके सरकारी कर्मचारियों को स्थाई रूप से आमेलित कर लेने तथा उनको पुनःनियुक्ति पद्धति पर रख लेने का अधिकार।

सेवाकाल बढ़ाने/पुनःनियुक्ति करने के, कार्यकारिणी समिति के द्वारा निरस्त कर देने का लिहाज है कि वह विश्वविद्यालय के हित में होना चाहिए तथा निम्नलिखित दो शर्तों में किसी एक की पूर्ति होनी चाहिए:

(अ) निचली श्रेणी से पदोन्नति पर किसी व्यक्ति को सुलभ नहीं कर पाना अथवा ऐसी श्रेणी में अभाव रहना;

(आ) सेवा निवृत्त होनेवाले अधिकारी का उत्कृष्ट रहना। बशर्ते कि किसी भी अधिकारी को विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित सेवानिवृत्ति दिनांक से लेकर दो वर्षों से अधिक समय के लिए सेवा में नहीं रखा जाएगा।

(10) इन नियमों के अन्यथा शर्तों को छोड़कर, विश्वविद्यालय के कर्मचारी अपने पूरे समय में विश्वविद्यालय, जो उसे वेतन देता है, की हर ...ह की सेवा के लिए हाजिर रहेगा तथा उसे किसी अतिरिक्त पारिश्रमिक के दावे के बिना उपयुक्त अधिकरण के द्वारा अपेक्षित प्रकार किसी भी प्रकार से नियुक्त किया जा सकता है।

5. (अ) विश्वविद्यालय का कर्मचारी की अपनी ड्यूटी से, छुट्टी पर हो अथवा विदेशी सेवा पर हो, अनुपस्थिति, उसको वरीयता, पदोन्नति तथा स्थाईकरण--अन्य या वह योग्य रहने पर, उनकी अनुपस्थिति के बशर्ते जिसे वह प्राप्त कर सकता है -- के सम्बन्ध में विशेषाधिकार के लिए, उसे अनर्ह नहीं बनाएगी।

(आ) किसी भी स्थाई कर्मचारी को लगातार पाँच वर्षों से अधिक से बढ़कर किसी प्रकार की छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी;

(इ) कोई कर्मचारी के पाँच वर्षों की लगातार अवधि के लिए छुट्टी पर रहने के पश्चात् अपनी ड्यूटी का पुनरारंभ नहीं करेगा, अथवा विदेशी सेवा पर अथवा निलंबन के कारण को छोड़कर अन्य प्रकार से कोई कर्मचारी अपनी छुट्टी की समाप्ति के बाद ड्यूटी से ... हाजिर रहेगा। अथवा उनको स्वीकृत की गई छुट्टी की अवधि पाँच वर्षों से अधिक हो जाने पर मामले की असाधारण परिस्थितियों को दृष्टि में अन्यथा निर्णय नहीं लिये जाने पर, उस कर्मचारी का पद त्याग माना जाएगा तथा तदनुसार वह विश्वविद्यालय-सेवा समाप्त कर लिया--माना जाएगा।

कार्यकाल

6. (1) विश्वविद्यालय में किसी पद पर नियमित रूप से नियुक्त किया गया प्रति व्यक्ति, परिवीक्षा पर अथवा सीधे भर्ती पद्धति पर हो, दो वर्षों के लिए परीवीक्षा अवधि पर रहेगा। बशर्ते कि, नियोक्ता प्राधिकरण, किसी व्यक्तिगत मामले में, अगले दो वर्षों से अधिक न होनेवाली अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है; उसका कारण लिखित रूप से लिपिबद्ध किया जाना चाहिए।

(2) विश्वविद्यालय में, परिवीक्षा पर कोई व्यक्ति नियुक्त किया जाता है, तो अपने परिवीक्षा की नियमित अवधि के दौरान अथवा परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि के दौरान अनुपयुक्त पाये जाने पर अथवा अपनी परिवीक्षा अवधि को संतोष जनक ढंग से पूरा नहीं किया हो तो नियोक्ता प्राधिकरण;

(i) पदोन्नति पर नियुक्त किये गये व्यक्ति के सन्दर्भ में, उस व्यक्ति को उनकी पदोन्नति के तुरन्त पहले वाले पद को वापिस भेज सकते हैं।

(ii) सीधे भर्ती के द्वारा नियुक्त किये गये व्यक्ति के सन्दर्भ में, विश्वविद्यालय के तहत उनकी नियुक्ति की समाप्ति बिना पूर्व सूचना ही कर सकते हैं।

(3) विश्वविद्यालय के तहत किसी स्थाई पद पर नियुक्त किये जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति, पदोन्नति के द्वारा अथवा सीधे भर्ती के द्वारा, संतोष जनक पूर्ति उनकी परिवीक्षा अवधि की संतोषजनक समाप्ति पर उस पद पर स्थाईकरण के लिए अर्ह रहेंगे।

(4) किसी भी कर्मचारी को निम्नलिखित शर्तों पर किसी भी पद में स्थाई किया जाएगा:

(i) विश्वविद्यालय के तहत कर्मचारी की सेवा का अनुमोदन नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा किया जाना चाहिए।

7. नियम के अनुसार किसी पद को नियमित रूप से नियुक्त किये गये कर्मचारी की वरीयता क्रम का निर्धारण प्रारंभिक नियुक्ति के समय उल्लिखित विशेषता के क्रम में किया जाएगा बशर्ते कि सभी सीधी भर्तियों की सापेक्ष वरीयता पद ग्रहण के दिनांक से संबंध नहीं रखते हुए पिछले चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त किये जानेवाले व्यक्तियों के परवर्ती चयन के फलस्वरूप नियुक्त किये गये व्यक्तियों से वरिष्ठ रहने के संदर्भ में; गठित किये गये चयन प्राधिकरण के सिफारिश पर ऐसी नियुक्ति के लिए चयित किये गये गुण के क्रम के द्वारा किये जाएँ।

8. (i) कोई भी कर्मचारी विश्वविद्यालय के तहत किसी पद में स्थाई किये जाने तक विश्वविद्यालय को अस्थाई कर्मचारी रहेगा।

(ii) विश्वविद्यालय के तहत किसी पद में स्थाई किये गये कर्मचारी विश्वविद्यालय के स्थाई कर्मचारी रहेगा।

9. (1) किसी अस्थाई कर्मचारी की सेवा कुलपति/कार्यकारिणी समिति के द्वारा, कर्मचारी को किसी भी समय, कोई कारण बताये बिना ही, एक महीने की लिखित नोटिस के द्वारा सेवा समाप्ति के तुरन्त पहले जो वेतन वह पा रहा था -- उन्हीं दरों पर नोटिस की अवधि के लिए उनके वेतन एवं भत्ते की रकम के बराबर की रकम के उनको भुगतान -- जैसी परिस्थिति, हो, ऐसी अवधि के लिए जो नोटिस एक महीने से कम पडती हो।

(2) जिस पद पर उनको स्थाई किया गया था, उस पद के रद्द किये जाने पर, किसी स्थाई कर्मचारी की सेवाओं को कुलपति/कार्यकारिणी समिति के द्वारा किसी भी समय में, तीन महीनों की नोटिस के द्वारा अथवा तीन महीनों से कम पड़ने पर, ऐसी अवधि की उनकी सेवा को समाप्ति के तुरन्त पहले उनके द्वारा पाये गये वेतन एवं भत्ते के भुगतान करके अथवा उनकी सेवा की समाप्ति की जाने के तुरन्त पहले उनके द्वारा पाये गये तीन महीनों के वेतन एवं भत्ते के भुगतान पर, नोटिस के बिना, समाप्त किया जा सकता है।

(3) किसी कर्मचारी को, जिसे अनुच्छेद (2) के तहत सेवा-समाप्ति की नोटिस दी जाती है, नोटिस की अवधि के दौरान, उनके लिए मान्य जो भी हो, अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है तथा जहाँ अवकाश मान्य है और तीन महीनों से अधिक की स्वीकृति दी गई है, ऐसी छुट्टी की समाप्ति पर उनकी सेवाएँ समाप्त की जाएँगी।

10. (1) नियम में उल्लिखित बातों के अन्यथा नहीं रहने पर, विश्वविद्यालय का हरेक कर्मचारी अपनी 60 साल की उम्र प्राप्त करने के महीने के अंतिम दिन के अपराह्न को सेवा निवृत्त होंगे बशर्ते कि किसी कर्मचारी का जन्म दिनांक किसी महीने का पहला दिन हो, तो वह अपनी 60 वर्ष के उम्र पर पहुँचने के पिछले महीने के अंतिम दिन के अपराह्न को सेवानिवृत्त होंगे।

(2) 60 साल की उम्र के बाद किसी भी कर्मचारी की सेवाएँ बढ़ाई नहीं जाएँगी (कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन से विशेष संदर्भ में--देखें) 'बहरहाल', सेवा--आवश्यकताओं के सन्दर्भ में, 'सेवानिवृत्ति' की उम्र के बाद किसी कर्मचारी की सेवाओं की आवश्यकता रहे, तो ऐसे कर्मचारी को, "केस टुकेस" पद्धति पर दो वर्षों की अधिकतम अवधि के लिए अथवा ऐसी आवश्यकताएँ समाप्त होने तक, इनमें जो भी अवधि कम हो, ऐसे समय तक, कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के साथ "पुनः नियुक्ति के नियम एवं शर्तों" पर, सेवा में चालू रहने की अनुमति दी जा सकती है।

(3) इस नियम में उल्लिखित बातों के बावजूद, कुलपति, अपने विचार के अनुसार विश्वविद्यालय के हित में ऐसा करना उचित समझते हों, तो किसी कर्मचारी को उनको दस से कम तीन महीनों की लिखित नोटिस देकर अथवा ऐसी नोटिस की एवज में तीन महीनों के वेतन एवं भत्ते के भुगतान करके सेवा-निवृत्त करने का संपूर्ण अधिकार रखते हैं।

(i) अगर वह ग्रुप-- 'ए" अथवा ग्रुप "बी" सर्विस अथवा पद पर रहता हो तथा उन्होंने पैंतीस साल की उम्र प्राप्त करने के पहले अथवा उनके, पचपन साल की उम्र पर पहुँचने के पश्चात्, विश्वविद्यालय सेवा में प्रवेश किया हो, तो

(ii) किसी अन्य सन्दर्भ में, पचपन वर्षों की उम्र प्राप्त करने के बाद

(4) कोई कर्मचारी अगर वह ग्रुप-ए अथवा ग्रुप-बी सेवा में अथवा पद पर रहे, और पैंतीस साल की उम्र प्राप्त करने के पहले तथा उनके पचपन वर्षों की उम्र पर पहुँचने के बाद अन्य सभी संदर्भों में, विश्वविद्यालय की सेवा में प्रवेश कर चुका हो तो पचपन वर्ष की उम्र प्राप्त करने पर कुलपति को लिखित रूप से कम से कम तीन महीनों की नोटिस देकर सेवा निवृत्त हो सकता है।

बशर्ते कि इस अनुच्छेद के तहत सेवा निवृत्ति माँगनेवाले निलंबन में रहनेवाले कर्मचारी की अनुमति को रोक रखने के लिए कुल पति को स्वतंत्रता रहेगी।

(5) पैंतीस वर्षों की उपयुक्त सेवा पूरी करने के बाद, किसी भी समय--

(अ) वह सेवा निवृत्त हो सकता है, अथवा

(आ) विश्वविद्यालय के हित में सेवा निवृत्त होने के लिए नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा अपेक्षित रहेगा तथा ऐसी सेवा निवृत्ति के संदर्भ में सेवानिवृत्त होनेवाले व्यक्ति के लिए कर्मचारी हकदार होगा।

बशर्ते कि

(अ) किसी भी कर्मचारी को, जिस दिन से वह सेवानिवृत्त होना चाहता है, उस दिनांक से कम से कम तीन महीनों के पहले कुलपति को लिखित रूप से नोटिस देना होगा।

(आ) कुलपति भी किसी कर्मचारी को, विश्वविद्यालय के हित में जिस दिन से उनको सेवानिवृत्त होना होगा, उस दिन से कम से कम तीन महीनों के पहले लिखित नोटिस दे सकते हैं अथवा ऐसी नोटिस की एवज में तीन महीनों का वेतन एवं भत्ते का भुगतान कर सकते हैं :

बशर्ते कि पूर्व वर्ती प्राविधान की धारा (अ) के तहत नोटिस देनेवाला कर्मचारी निलंबन में रहते हो कुलपति इन नियम के तहत सेवा निवृत्त होने के लिए ऐसे कर्मचारी की अनुमति को रोक रखने को स्वतंत्र होंगे।

(6) (i) कोई कर्मचारी, पच्चीस वर्षों की अपेक्षित सेवा पूरी करने के पश्चात किसी भी समय, कुलपति को लिखित रूप से कम से कम तीन महीनों की नोटिस देकर, सेवा निवृत्त हो सकता है।

(ii) उपनियम (1) के तहत ऐच्छिक रूप से सेवा निवृत्ति की नोटिस के लिए कुलपति की स्वीकृति अपेक्षित है।

बशर्ते कि उक्त नोटिस में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पहले सेवानिवृत्ति के लिए अनुमति मना नकरें, तो ऐसी सेवानिवृत्ति उक्त अवधि की समाप्ति दिनांक से अमल में आएगी।

(iii) किसी कर्मचारी ने इस नियम के तहत सेवा निवृत्ति का चयन किया हो, तथा कुलपति को इस आशय की अपेक्षित नोटिस दिया तो उसे राज्य प्राधिकरण के विनिर्दिष्ट अनुमोदन के बिना नोटिस वापस लेने नहीं दिया जाएगा।

बशर्ते कि उद्दिष्ट सेवा निवृत्ति के दिनांक के पहले वापस लेने की उनकी प्रार्थना, की जाय।

11. कोई भी स्थाई/अस्थाई कर्मचारी, कुलपति के द्वारा त्यागपत्र की स्वीकृति के लिए, कुलपति को लिखित रूप से तीन महीनों/एक महीने की नोटिस, जैसा मामला हो, अथवा उसकी एवज में वेतन के भुगतान करके विश्वविद्यालय की सेवा से पद त्याग कर सकते हैं :

बशर्ते कि कुलपति, अगर किसी भी संदर्भ में उन्हें उचित लगे तो किसी स्थाई/अस्थाई कर्मचारी को तीन महीनों/एक महीने से कम समय की नोटिस देकर सेवा से पद त्याग करने की अनुमति दे सकते हैं।

भाग -- IV फुटकर

12. विश्वविद्यालय के तहत किसी पद पर रहनेवाला व्यक्ति, इन नियमों के प्रारंभ के बाद परन्तु इन नियमों के प्रकाशन के पहले, इन नियमों प्रावधानों के तहत नियुक्त किये गये माने जाएँगे तथा इन नियमों के जारी किये जाने के तुरन्त पहले उनके द्वारा प्राप्त किये गये वेतन प्राप्त करेगा।

13. (i) विश्वविद्यालय कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्धारित किये जाने के रूप में प्रत्येक कर्मचारी के लिए एक सेवा वही चालू रखेगा।

(ii) कर्मचारी के सेवा बही में इन्दराज, कुलपति के द्वारा इस प्रयोजन के लिए अधिकृत किये अधिकारी के द्वारा किये जाएँगे।

IndiaCode

14. (i) विश्वविद्यालय के ऐसे अधिकारी -- यथा कार्यकारिणी समिति के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जाते हैं, विश्वविद्यालय के द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में -- तुरन्त पिछले वित्त वर्ष में कम से कम तीन महीनों की अवधि के लिए उनके अधीन कार्य करनेवाले कर्मचारी के कार्य एवं व्यवहार के बारे में गोपनीय रिपोर्ट देंगे।

(ii) पुनरीक्षण अधिकारी, अगले उच्च अधिकारी, जिन प्रतिकूल रिपोर्टों अथवा उनके खण्डों के उस अधिकारी, जिनके खिलाफ रिपोर्ट की गई हो, को सूचित किये जाने लायक बजनदार होने का निर्णय लेने का विवेकाधिकार रखते हैं। सभी प्रतिकूल इन्दराजों को संबंधित अधिकारियों को विनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर ही सूचित किया जाना चाहिए। प्रतिकूल टिप्पणियों के खिलाफ कोई प्रतिनिधायन दो महीनों के अन्दर किया जाना चाहिए तथा पुनरीक्षण अधिकारी के अगले उच्च अधिकारी के पास रहेगा।

15. विश्वविद्यालय कर्मचारियों से, कार्यकारिणी समिति के विनिर्देशानुसार ऐसे विभागीय तथा अन्य जाँचों अथवा परीक्षाओं में उत्तीर्णता की अपेक्षा की जाएगी, कार्यकारिणी समिति इन जाँचों को पास किये जाने की अवधियों, जाँचों को अनुत्तीर्णता तथा अन्य सजातीय मामलों के परिणामों के संबंध में नियम निर्धारित कर सकती है।

16. कर्मचारी के सेवा नियमों से संबंधित ऐसे किसी मामले, जिसके लिए इन नियमों में कोई प्रावधान नहीं रहा हो, का निर्णय कार्यकारिणी समिति के द्वारा किया जाएगा।

17. इन नियमों से संबंध नहीं रखे बिना, कुलपति, अगर उन्हें असाधारण स्थिति की उपस्थिति की संतुष्टि हुई हो तो, कम से कम 90 दिनों की अवधि के लिए अपरिहार्य माने जानेवाली सेवाओं को संभाले रखने के लिए कुछ कर्तव्य निभाने के लिए यथा वे जरूरी समझते हैं, कुछ संवर्गों तथा कर्मचारियों की संख्या अनुसूचित कर सकते हैं। ऐसी ड्यूटी संभालने से इनकार करना-उनको, सेवा से पदच्युति सहित भारी दण्ड के लिए बाध्य बना देगा।

18. इन नियमों में उल्लिखित बातों के बावजूद, किसी कर्मचारी के संदर्भ में कार्यकारिणी समिति, ऐसे प्रावधानों का प्रचालन से होनेवाले किसी प्रकार के अनुचित कठिनाई से उन्हें मुक्त करने के लिए अथवा विश्वविद्यालय के हित में इन नियमों के प्रावधानों को शिथिल कर सकती है।

19. जब इन नियमों के प्रावधानों के अनुप्रयोग की व्याख्या के संबंध में कोई संदेह होता हो, तो मामले को कार्यकारिणी समिति को भेजा जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

भाग -- V वेतन एवं भत्ते

20. विश्वविद्यालय सेवा में बनाये गये पदों के लिए मानक वेतनमान निम्नलिखित प्रकार होंगे :

वर्गीकरण	वेतन मान	
	परिवर्तन के पहले	परिवर्तित
(1)	(2)	(3)
ग्रुप-ए	रु. 16400-450-20900-500-22400	पी.बी. 37400-67000 ग्रे.पे. 8900
ग्रुप-ए	रु. 12000-420-18300	पी.बी. 37400-67000 ग्रे.पे. 7600
ग्रुप-ए	रु. 8000-275-13500	पी.बी. 15600-39100 ग्रे.पे. 5400
ग्रुप-बी	रु. 6500-200-10500	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रुप-सी	रु. 5500-175-8000	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रुप-सी	रु. 5000-150-8000	पी.बी. 9300-34800 ग्रे.पे. 4200
ग्रुप-सी	रु. 4500-125-7000	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2800
ग्रुप-सी	रु. 4000-100-6000	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2400
ग्रुप-सी	रु. 3200-85-4900	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 2000
ग्रुप-सी	रु. 3050-75-3950-80-4590	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 1900
ग्रुप-सी	रु. 2750-70-3800-75-4400	पी.बी. 5200-20200 ग्रे.पे. 1800
ग्रुप-डी	रु. 2650-65-3300-70-4000	पी.बी. 4400-7440 ग्रे.पे. 1650
ग्रुप-डी	रु. 2550-55-2660-60-3200	पी.बी. 4400-7440 ग्रे.पे. 1300

टिप्पणी : सक्षम अधिकारियों की अनुमति से वर्तमान पदाधिकारियों को वितरित किये जानेवाले परन्तु सरकार के द्वारा अनुमोदित किये गये वेतन-मानों से भिन्न वेतन-मान, उन पदों के वर्तमान पदाधिकारियों को, उनके परिवर्तन के पहलेवाले वेतनमान में ग्रेड की सुविधाएँ पहले से पाते रहने को मानते हुए, व्यक्तिगत रूप में दिये जा सकते हैं। एक बार पदाधिकारी पद का त्याग किये जाने पर उनके वेतनमान अनुमोदित माप तक प्रदान किया जाएगा जो कि सरकार में चालू रहता है।

उपर्युक्त प्रकार को छोड़कर, वेतनमान में किसी पद का सृजन नहीं किया जाएगा।

21. कोई कर्मचारी, वेतन के एक टाइम स्केल पर किसी पद पर नियुक्त किये जाने पर, नियोक्ता प्राधिकरण के द्वारा उनके लिए किसी उच्चतर स्तर पर वेतन पाने के पक्ष में निर्णय किये जाने तक टाइम स्केल पर न्यूनतम वेतन पाएगा:

बशर्ते कि जब ऐसी नियुक्ति पदोन्नति पर की जाती है --

(i) कर्मचारी का वेतन पहले निचले स्केल पर एक वेतनवृद्धि से बढ़ाई जाएगी, और तब अगले ऊपर के स्तर पर उच्चतर वेतन मान में निर्धारित किया जाएगा। कर्मचारी, को बहरहाल, अपने वेतन को पदोन्नति के दिनांक से तीन महीनों के अन्दर लिखित रूप से प्रकट करने का विकल्प रहता है कि अपना वेतन पदोन्नति के दिनांक से उच्चतर वेतन मान पर निर्धारित किया जाय अथवा अपने अगली वार्षिक वेतन-वृद्धि के तुरंत दिनांक से किया जाय। विकल्प एक बार इसेमाल किये जाने पर वही अंतिम होगा।

(ii) अगर उसने इसके पहले उसी पद पर अथवा विश्वविद्यालय के तहत किसी और पद पर उसी वेतन टाइप-स्केल अथवा समरूप वेतन टाइम स्केल पर काम किया हो तथा खंड (i) के तहत स्वीकार्य वेतन से अधिक वेतन पाता रहा हो, तो वह वह अधिकतर वेतन पाएगा तथा ऐसे वेतन पर ऐसे पद पर उनकी हुयी की अवधि भी उच्चतर पद में वेतन वृद्धि के प्रयोजन के लिए गिनती में ली जाएगी।

(iii) पुनः नियुक्त किये गये पेंशनधारियों का वेतन-निर्धारण, पेंशन दे दिये गये तथा अंशदायी भविष्य निधि पर सेवा निवृत्त तथा राज्य सरकार, रेलवे, रक्षा प्रतिष्ठानों आदि की सेवा से रक्षा निकाय अधिकारियों सहित विश्वविद्यालय में पुनः नियुक्त पेंशनधारी का प्रारंभिक वेतन, जिस पद पर वह पुनः नियुक्त किया गया है, उस पद के लिए निर्धारित वेतन मान के न्यूनतम चरण पर निर्धारित किया जाना चाहिए। अलावा इसके, उसको, उनको स्वीकृत किये गये पेंशन को अलग तौर पर प्राप्त करने की तथा सेवा निवृत्ति सुविधा (सामान्य भविष्य निधि, पेंशन का ग्रेच्युटी परिवर्तित मूल्य आदि) के किसी भी रूप के रखे रहने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते कि प्रारंभिक वेतन की कुल राशि के साथ पेंशन की रकम तथा/अथवा सेवा निवृत्ति सुविधाओं के अन्य रूपों की पेंशन समतुल्य राशि निम्नलिखित राशि से अधिक न हो:

(1) उनकी सेवा निवृत्ति के पहले उनके द्वारा प्राप्त किया गया वेतन (सेवानिवृत्ति के पहले का वेतन) अथवा

(2) रु. 26,000/- इनमें जो भी कम हो

टिप्पण : (1) सभी मामलों में, जहाँ इसे सीमाओं में किसी को पार किया गया हो तो पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति सुविधाएँ पूर्ण रूप से भुगतान की जाएँगी तथा वेतन और सेवानिवृत्ति सुविधाओं का योग निर्धारित सीमाओं के अन्दर रहने का सुनिश्चियन करने के लिए वेतन में आवश्यक समंजन किये जाएँगे। न्यूनतम पर अथवा उच्चतर चरण पर, अथवा उपर्युक्त समंजनों के परिणाम स्वरूप न्यूनतम के नीचे, वेतन निर्धारित किये जाने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष के बाद वेतन में बढ़ती--न्यूनतम पर अथवा उच्चतर चरण पर, जैसा सन्दर्भ हो, प्रकार वेतन निर्धारित किये गये जैसे, स्वीकार्य वेतन वृद्धि दर पर -- स्वीकृत की जा सकती है।

टिप्पणी : (2) सेवा निवृत्ति के पहले प्राप्त किया गया वेतन स्थाई वेतन और साथ ही विशेष वेतन, कोई हो तो, के रूप में माना जाएगा, स्थानापन्न नियुक्ति में पाया गया वेतन-- सेवानिवृत्ति के कम से कम एक वर्ष पहले लगातार वह वेतन लिया गया हो तो -- हिसाब में लिया जा सकता है।

जहाँ पुनः नियुक्त किये गये अधिकारी के पद का न्यूनतम वेतन उनके द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त किये गये वेतन से अधिक है, संबंधित अधिकारी को, पद के निर्धारित वेतनमान का न्यूनतम, पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति सुविधाओं के बराबर की पेंशन को घटाकर, की स्वीकृति की जा सकती है।

उपर्युक्त प्रकार निर्धारित पुनः नियुक्त पेंशन द्वारा को प्रारंभिक वेतन का निर्धारण किये जाने पर, उनको नियुक्त किये गये पद का टाइम स्केल पर सामान्य वेतन वृद्धियाँ पाने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि वेतन तथा थोक पेंशन/सेवानिवृत्ति सुविधाओं के बराबर के पेंशन समतुल्य किसी भी समय में रु. 26,000/- से अधिक न हो।

55 वर्षों की उम्र के पहले सेवा निवृत्त होनेवाले ग्रूप-ए पद पर रहनेवाले अधिकारियों के सन्दर्भ में, रु. 1500/- को पहली पेंशन को, पुनः नियुक्ति पर उनके प्रारंभिक वेतन के निर्धारण में नजरन्दाज किया जाएगा।

दि. 1.1.96 के अनुसार, जो लोग पुनः नियुक्ति में विश्वविद्यालय की सेवा में रहे तथा जो परिवर्तन के पहले वाले वेतनमान पर वेतन पाते रहे, विश्वविद्यालय के पुनःनियुक्त ऐसे कर्मचारियों का प्रारंभिक वेतन ओ.एम. नं. 3/12/97 स्थापन दि. 19-11-1997 कर्मचारी एवं प्रशिक्षण ओ.एम. विभाग, भारत सरकार, में उल्लिखित प्रकार निर्धारित किया जाएगा।

पूर्वगामी अनुच्छेदों में उल्लिखित बातों के बावजूद, कुलपति को विशेष परिस्थितियों में, उच्चतर चरण पर पुनःनियुक्त पेंशनदार का वेतन निर्णय करने का और नियुक्त किये गये पद पर टाइम स्केल में सामान्य वेतनवृद्धि पाने की अनुमति दे सकते हैं।

22. (i) कर्मचारी का आचरण अच्छा नहीं रहने पर अथवा उनका कार्य संतोषजनक नहीं रहने के कारण जब तक सक्षम अधिकारी के द्वारा रोक रखा जाता है, तब तक वेतन वृद्धि, एक क्रम के रूप में साधारण तौर पर पाया जाएगा।

(ii) टाइम-स्केल पर जब योग्यता वर्जन का निर्धारण किया गया है, उस वर्जन के ऊपर के अगली वेतन वृद्धि कुलपति की विशेष स्वीकृति के बिना किसी कर्मचारी को नहीं दी जाएगी।

23. (अ) वेतन के टाइम-स्केल पर किसी पद पर रहनेवाले पूरी ड्यूटी को उस टाइम-स्केल में वेतन वृद्धि के लिए गिनती में लिया जाएगा।

(आ) समरूप अथवा उच्चतर पद में सेवा, विदेशी सेवा और सेवा में शामिल होने के लिए अवधि, वेतन वृद्धि के लिए गिनती में लिये जाएँगे।

(इ) निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश, स्वायत्त रूप से अतिरिक्त मंजूरी के बिना पेंशन और वेतन वृद्धि के लिए उपयुक्त सेवा मानी जाएगी:-

(i) विश्वविद्यालय कर्मचारी की "सिविल कम्मोशन" के कारण सेवा में भर्ती होने अथवा पुनःभर्ती होने में असमर्थता के कारण स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश।

(ii) उच्च तकनीकी तथा वैज्ञानिक अध्ययनों को जारी रखने के लिए विश्वविद्यालय कर्मचारी को स्वीकृत किया गया असाधारण अवकाश

24. (1) निलंबन के तहत कोई कर्मचारी, निलंबन के तुरन्त पहले उनके लिए देय वेतन के आधे दर के बराबर के जीविका-भत्ता तथा उस वेतन के आधार पर स्वीकार्य महंगाई भत्ते के अतिरिक्त और ऐसे भत्ते को पाने के लिए निर्धारित किये गये अन्य शर्तों को पूराकरने के शर्ते, निलंबन के दिनांक उनके द्वारा पाये गये वेतन के आधार पर समय समय पर स्वीकार्य ऐसे क्षतिपूर्ति भत्ते प्राप्त करेंगे।

बशर्ते कि जब निलंबन की अवधि तीन महीनों से अधिक हो जाती है, वह प्राधिकरण -- जिसने निलंबन का आदेश जारी किया हो अथवा जिसको निलंबन आदेश जारी किया समझा जा रहा है-- निम्नलिखित प्रकार से पहले तीन महीनों की अवधि की उत्तर वर्ती अवधि के लिए जीविका-भत्ता की राशि बदलने के लिए सक्षम रहेगा:-

(i) अगर, उपर्युक्त प्राधिकरण की राय में, ऐसे कारणों से जिनको लिखित रूप से लिपिबद्ध किया जाना है, कर्मचारी पर सीधे अभियोज्य नहीं, जो निलंबन की अवधि बढाई गई हो, तो जीविका-भत्ते की रकम, पहले तीन महीनों की अवधि के दौरान स्वीकार्य जीविका-भत्ते की 50% से अधिक न रहनेवाली उपयुक्त राशि से बढ़ाई जा सकती है।

(ii) प्राधिकरण की राय में, ऐसे कारणों से, जिनको लिपिबद्ध कि योजना चाहिए, कर्मचारी पर सीधे अभियोज्य नहीं, निलंबन की अवधि बढाई गई हो, तो जीविका भत्ते की रकम से, जो पहले तीन महीनों की अवधि के दौरान स्वीकार्य जीविका-भत्ते की 50% से अधिक न हो, घटाया जा सकता है।

(iii) महंगाई भत्ते का दर, उपर्युक्त उप धारा (i) तथा (ii) के तहत स्वीकार्य जीविका भत्ते की बढी हुई अथवा घटाई गई (जैसा मामला हो) रकम के आधार पर रहेगा।

(2) निलंबन की अवधि के दौरान, किसी अन्य नौकरी, व्यापार, पेशा अथवा व्यवसाय में नहीं लगे रहने की घोषणा जब तक प्रस्तुत नहीं करेगा, उपनियम (i) के तहत कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। इस शर्त पर कि सेवा से पदच्युत किये गये, समाप्त कर दिये गये अथवा अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त किये गये किसी कर्मचारी के संदर्भ में, जिसको निलंबन में रखे गये माने जाते हो अथवा निलंबन के तहत चालू रहते हों, यथा मामला हो, ऐसी अवधि अथवा अवधियों के दौरान उनका उपार्जन जीविका भत्ते तथा उनके लिए अन्यथा स्वीकार्य हों, अन्य भत्ते से कम पडता हो, रकम के लिए अर्हता रखेंगे; जहाँ उनके लिए स्वीकार्य जीविका-भत्ता तथा अन्य भत्ते उनके द्वारा उपार्जित रकम के समान अथवा उससे कम है, इन प्रावधानों के तहत उनके लिए कुछ भी लागू नहीं होगा।

(3) जीविका भत्ते से स्वीकार्य कटौतियाँ निम्नलिखित प्रकार के दो संवर्गों में रहेंगी

(अ) अनिवार्य कटौतियाँ

(आ) वैकल्पिक कटौतियाँ

अनिवार्य कटौतियाँ:

(i) आयकर और सूपर-कर (बशर्ते कि जीविका भत्ते के सन्दर्भ में कर्मचारी की परिकलित वार्षिक भत्ता कर-योग्य हो)

(ii) घर किराया तथा अन्य प्रभार अर्थात बिजली, पानी, फर्नीचर आदि

(iii) विश्वविद्यालय से, कुल सचिव के द्वारा निर्णय किये जानेवाले दरों पर, भविष्य निधि को छोडकर, ली गई अन्य ऋण और अग्रिमों की वापसी।

वैकल्पिक कटौतियाँ:

इस संवर्ग के तहत पड़नेवाली कटौतियाँ, कर्मचारी की लिखित सहमति के बिना नहीं की जानी चाहिए:

(i) जीवन बीमा पॉलिसियों पर बकाया प्रीमिया (किस्तें)

(ii) सहकारी भण्डार तथा सहकारी उधार संघों को बकाया रकम

(iii) भविष्य निधि से लिये गये उधार की वापसी

निम्नलिखित प्रकार की कटौती जीविका-भत्ते से नहीं की जा सकती है:

(i) भविष्य निधि को चन्दा

(ii) विश्वविद्यालय को हानि, जिस के लिए कर्मचारी बाध्य है, की पुनः प्राप्ति

25. विश्व विद्यालय कर्मचारी को, किन्हीं विशेष परिस्थितियों में, ऐसे विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन, मानदेय अथवा ऐसी परिस्थितियों में विनियमों के द्वारा यथा निर्धारित किया जाता है, शुल्क स्वीकृत कर सकता है।

26. (i) कर्मचारी, यदि उस दिन के पूर्वाह्न में भर्ती होते हों, अन्यथा उसके अगले दिन से, पद-भार संभालने के नियुक्ति दिनांक से, उनकी नियुक्ति के पद का वेतन पाने के लिए हकदार बनते हैं।

(ii) विशेष परिस्थितियों की दृष्टि से, कुलपति जब तक आदेश जारी नहीं करते, किसी महीने का वेतन महीने के अंतिम कार्य-दिन पर देय होगा; मार्च महीने के छोडकर जिस महीने के लिए अप्रैल के प्रथम कार्य-दिन को ही वेतन वितरित किया जाएगा।

(iii) निर्धारित प्रकार की नोटिस दिये बिना विश्वविद्यालय की सेवा से इस्तीफा देनेवाले कर्मचारी को जब तक कुलपति अन्य था निर्देश नहीं देंगे, तब तक वेतन, बकाया परन्तु निकाला नहीं गया, को निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

27. (i) उच्चतर पद की बाध्यताओं के पूर्ण अतिरिक्त चार्ज वहन करने के लिए नियुक्त किया गया कर्मचारी उच्चतर पद का वेतन प्राप्त करेगा।

(ii) अपने निजी मूलभूत पद के समतुल्य हैसियतवाले पद की पूरी जिम्मेदारियों का प्रभारी रखा गया कर्मचारी, उस अतिरिक्त पद के अनुमानित वेतन की 10% के दर पर भत्ते प्राप्त करेगा।

(iii) एक पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी को, अपनी मूलभूत पद के बराबर हैसियतवाले पद की चालू बाध्यताओं के प्रभारी बना दिये जाने पर, कोई भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। संबन्धित कर्मचारी अपनी मूलभुत पद में वेतन मात्र पाएगा।

(iv) एक पद पर रहनेवाला कर्मचारी निम्नतर पद की चालू बाध्यताओं के प्रभारी बनादिये जाने पर अतिरिक्त कार्य के लिए कोई भत्ता नहीं प्राप्त करेगा।

टिप्पणी:(1) अतिरिक्त वेतन अथवा भत्ते की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

(2) एक ही समय पर छः महीनों से अधिक अवधि के लिए अतिरिक्त वेतन अथवा भत्ते की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

28. विश्वविद्यालय के कर्मचारी समय-समय पर अमल में रहनेवाले नियमों के अनुसार विश्वविद्यालय के द्वारा स्वीकृत प्रकार तथा इन भत्तों की प्राप्ति के लिए निर्धारित शर्तों के बशर्ते महंगाई भत्ता, घर किराया भत्ता, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता, यात्रा भत्ता तथा अन्य भत्ते प्राप्त करने के लिए अर्हता रखेंगे।

29. यदि भारतीय समुद्री विश वविद्यालय अधिनियम विधियों, अध्यादेशों, में किसी प्रकार की प्रतिकूल बात नहीं रही हो, तो, आधारभूत नियमों तथा अनुपूरक नियमों के संशोधनों को इन नियमों के संबद्ध प्रावधानों को संशोधन के रूप में माना जाएगा अथवा पहले ही केन्द्र सरकार के द्वारा जारी किये गये/जारी किये जाने वाले किसी प्रशासनिक आदेश अथवा किसी प्रशासनिक निर्देश को केन्द्र सरकार के द्वारा अमल में लाये गये ऐसे परिवर्तनों, आदेशों के अमल में लाये गये दिन से इननियमों के तहत आदेश अथवा प्रशासनिक निर्देश अमल में रहने को माना जाएगा।

अध्याय -- 2

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के आचरण को नियंत्रित करने वाले अध्यादेश

भाग -- I - अनुप्रयोग का कार्यक्षेत्र

1. (1) इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (आचरण) नियम" कहा जाएगा।

(2) ये नियम 14 नवम्बर 2008 से अमल में आये-माना जाएगा।

2. इस अध्याय में, संदर्भ की अन्यथा अपेक्षा न रहने पर,

(अ) 'कर्मचारी' का मतलब विश्वविद्यालय के शैक्षिक और शैक्षिकेतर कर्मचारी है।

(आ) किसी कर्मचारी के संबंध में "परिवार के सदस्य" में शामिल हैं:

(i) कर्मचारी की पत्नी अथवा उसके पति यथा मामला हो, उनके साथ वास करता/करती हो या नहीं, परन्तु पत्नी अथवा पति, यथा मामला हो, जो कर्मचारी से, सक्षम न्यायालय के अधिदेश अथवा आदेशों के द्वारा, अलग किये गये हों, को शामिल नहीं किया जाएगा।

(ii) उस कर्मचारी पर पूरी तरह से निर्भर रहने वाला पुत्र या पुत्री अथवा सौतेला पुत्र या सौतेली पुत्री; परन्तु कर्मचारी पर किसी भी प्रकार से अब जो निर्भर रही है अथवा किसी विधि के द्वारा अथवा विधि के तहत कर्मचारी की अभिरक्षा से वंचित किया गया है, तो से शामिल नहीं किया जाएगा;

(iii) रक्त द्वारा अर्द कर्मचारी के साथ अथवा कर्मचारी की पत्नी अथवा पति के साथ विवाह के द्वारा संबद्ध तथा कर्मचारी पर पूरी तरह से निर्भर रहनेवाला कोई अन्य व्यक्ति।

(इ) "निर्धारित प्राधिकरण" का मतलब है कुलपति अथवा इन नियमों के प्रयोजन के लिए कार्यकारिणी समिति के द्वारा निर्धारित किया गया प्राधिकरण।

भाग -- II

3. (1) सभी समयों में प्रत्येक कर्मचारी :

(i) परिपूर्ण निष्ठा रखेगा;

(ii) ड्यूटी के प्रति निष्ठा दिखाएगा तथा

(iii) ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे कि वह विश्वविद्यालय का कर्मचारी नहीं रह सकता हो।

(2) (i) पर्यवेक्षी पद पर रहनेवाला प्रत्येक कर्मचारी अपने नियंत्रण तथा अधिकार के तत्काल रहनेवाले सभी कर्मचारियों की ड्यूटी के प्रतिनिष्ठा एवं श्रद्धा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव सदम उठायेंगे;

(ii) (अ) कोई भी कर्मचारी, अपनी बाध्यताओं के निष्पादन में, अथवा उनका प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग में, अपने अधिकृत उच्चाधिकारी के निर्देश के तहत जब कार्य करता हो, ऐसे समय को छोड़कर, अपने उत्तम निर्णय के विपरीत कार्य नहीं करेगा।

(आ) अधिकारिक उच्चाधिकारी के निर्देश सामान्यतया लिखित रहेंगे। अधीनस्थ कर्मचारी को मौखिक निर्देश यथा संभव छोड़ दिये जाना चाहिए। जहाँ मौखिक निर्देश की जारी अपरिहार्य बन जाती है, अधिकृत उच्चाधिकारी, को, तुरन्त तदनन्तर लिखित रूप से, उसकी लिखित पुष्टि करनी चाहिए;

(इ) अपने अधिकृत उच्चाधिकारी से मौखिक निर्देश प्राप्त करनेवाले कर्मचारी को, यथा शीघ्र उसकी लिखित पुष्टि मांगकर प्राप्त कर लेना चाहिए, जिसपर निर्देश का लिखित रूप से पुष्टीकरण करना अधिकृत उच्चाधिकारी की बाध्यता हो जाएगी।

(iii) नियुक्ति की शर्तों तथा संविदा में निश्चित रूप से अन्यथा उल्लेख नहीं किये जाने पर, प्रत्येक पूर्णकालीन कर्मचारी को ऐसी ड्यूटी को, जो सक्षम अधिकारी के द्वारा अनुसूचित कार्य समय के अतिरिक्त और बन्द रहनेवाले अवकाश के दिन तथा रविवारों में, करने के लिए कहा जा सकता है।

(iv) कर्मचारी, कार्य के नियत घंटों का अनुपालन करेगा जिस समय में उनको अपनी ड्यूटी के स्थल पर उपस्थित रहना चाहिए।

(v) विधिमान्य कारणों तथा/अथवा अप्रत्याशित घटनाओं को छोड़कर, अगर कोई भी कर्मचारी 90 दिनों की अविच्छिन्न अवधि के लिए अनुमति के बिना ड्यूटी से अनुपस्थित रहे, तो उनको "ड्यूटी से फरार हो गया" माना जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त समझा जाएगा।

स्पष्टीकरण : उपनियम 3.2 की धारा (II) में उल्लिखित किसी भी बात को, वरिष्ठ अधिकारी अथवा प्राधिकरण से, अधिकार एवं जिम्मेदारियों के वितरण की योजना के तहत जब ऐसे निर्देशों की जरूरत नहीं है, तब प्रयास द्वारा निर्देशों को अथवा अनुमोदन प्राप्त करके अपनी जिम्मेदारियों से बच निकलने में की अधिकृति के रूप में अर्थ निकाला नहीं जा सकता।

4. (1) (i) कोई कर्मचारी, विश्वविद्यालय के साथ आधिकारिक संबंध रखनेवाली किसी कम्पनी अथवा फर्म में अपने परिवार के किसी सदस्य के लिए नौकरी प्राप्त कर लेने के लिए प्रत्यक्ष रूप से अथवा परोक्ष रूप से अपने पद अथवा प्रभाव का प्रयोग नहीं करेगा।

(ii) कोई भी कर्मचारी, अपने सर्विस व्यक्ति में किसी भी ऐसे कार्य में लिए नहीं होगा या ऐसा प्रतिबंध को संस्तुति नहीं देगा जिसमें वह फर्म या कम्पनी, हो जिसमें उसके परिवार के लोग कार्य कर रहे हों, पर किसी भी प्रकार संबंधित हों।

5. (1) कोई भी कर्मचारी, राजनीति में भाग लेने वाले किसी राजनैतिक दल अथवा किसी संगठन का सदस्य नहीं रहेगा अथवा वैसे तो संबद्ध नहीं रहेगा अथवा किसी राजनैतिक आन्दोलन अथवा क्रियाकलाप को सहायता में अंशदान अथवा किसी अन्य प्रकार से सहायता नहीं करेगा।

(2) कोई भी कर्मचारी अपने परिवार के किसी भी सदस्य को स्थापित किये गये कानून के अनुसार सरकार के अथवा विश्वविद्यालय के प्रति विध्वंसक प्रवृत्ति के आन्दोलन अथवा कार्य में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप में भाग लेने सहायता में अंशदान देने अथवा सहायता करने से रोकने का प्रयास करेगा तथा जब कोई कर्मचारी अपने परिवार के सदस्य को ऐसे आन्दोलन अथवा कार्यक्रम में भाग लेने, अथवा सहायता में अंशदान देने, किसी और प्रकार से सहायता करने से रोक नहीं पाता है, तो उस कर्मचारी को विश्वविद्यालय को इस प्रभाव की रिपोर्ट करनी चाहिए।

(3) किसी दल के राजनैतिक पार्टी होने के अथवा किसी संगठन के राजनीति में भाग लेने के अथवा किसी आन्दोलन अथवा कार्यक्रम के उपनियम 5.2 की परिधि में आने के संबंध में कोई प्रश्न उठे, तो उस पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।

(4) कोई भी कर्मचारी, किसी विधान सभा को अथवा स्थानीय प्राधिकरण के लिए चुनाव के लिए प्रचार अथवा अन्य प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करेगा अथवा उसके संबंध में अपने प्रभाव का प्रयोग नहीं करेगा अथवा भाग नहीं लेगा:

बशर्ते कि :

(i) ऐसे चुनाव के लिए मतदान करने के लिए योग्य बनने पर, कोई कर्मचारी अपना मत दे सकता है परन्तु जब वह ऐसा करता है, वह जिस दल के पक्ष में अपना मत देना चाहता है अथवा दिया है -- उसका कोई संकेत नहीं देगा।

(ii) प्रदत्त बाध्यताओं के निष्पादन में चुनाव चलाने में सहायता करने के कारण ही अथवा तत्काल चालू रहनेवाले कानून के तहत मात्र से कर्मचारी के द्वारा इस उपनियम के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

स्पष्टीकरण : अपने ऊपर, वाहन या घर पर किसी चुनावी चिह्न का प्रदर्शन इस उपनियम के तात्पर्य के अन्तर्गत चुनाव के संदर्भ में अपने प्रभाव के प्रयोग के बराबर होगा।

6. कोई कर्मचारी, किसी संघ, भारत के पूर्ण स्वराज्य तथा समग्रता के, लोक-व्यवस्था, शिष्टता अथवा नैतिकता के हित के क्षतिकारक रहनेवाले उद्देश्य अथवा कार्यक्रमों में शामिल हो अथवा सदस्य के रूप में चालू नहीं रह सकता है।

7. कोई कर्मचारी,

(i) भारत के पूर्ण स्वराज्य एवं समग्रता के, राज्य की सुरक्षा विदेशों के साथ मित्रता पूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टता एवं नैतिकता के हितों के क्षतिकारक रहनेवाले अथवा किसी न्यायालय की अवमानना, मान हानि अथवा किसी अपराध को उकसाना शामिल किसी प्रकार के प्रदर्शन अथवा हड़ताल में स्वयं नहीं लगेगा अथवा भाग नहीं लेगा;

(ii) अपनी सेवाओं अथवा किसी अन्य कर्मचारी की सेवाओं से संबंधित हड़ताल अथवा प्रपीडन अथवा भौतिक दबाव का सहारा नहीं लेगा अथवा किसी भी प्रकार से नहीं उकसायेगा।

8. (i) कोई भी कर्मचारी विश्वविद्यालय से पूर्वानुमति प्राप्त किये बिना, किसी समाचार-पत्र अथवा अन्य सार्वधिक प्रकाशन के संपादन अथवा प्रबन्धन का स्वामिक अथवा पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से नहीं चलाएगा अथवा भाग नहीं लेगा।

(ii) कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय की अथवा निर्धारित प्राधिकरण से पूर्वानुमति के बिना अथवा अपनी ड्यूटी के प्रामाणिक पालन को छोड़कर निम्नलिखित कार्य नहीं करेगा:

(अ) स्वयं अथवा किसी प्रकाशक के द्वारा कोई पुस्तक प्रकाशन, अथवा किसी पुस्तक के लिए लेख प्रदान अथवा लेखों का संकलन।

(आ) रेडियो प्रसारण में भाग लेना अथवा किसी समाचार पत्र को अथवा पत्रिका को अपने नाम पर अथवा अनामक तौर पर अथवा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर कोई लेख अथवा पत्र लिखना बशर्ते कि उन्हें ऐसी स्वीकृति की अपेक्षा तब नहीं होगी, जब

(i) ऐसे प्रकाशन, एक प्रकाशक के द्वारा हो तथा विशुद्ध साहित्यिक, कलात्मक अथवा वैज्ञानिक प्रकृति का हो; अथवा

(ii) ऐसाप्रसारण अथवा ऐसी कृति अपना लेखन विशुद्ध साहित्यक, कलात्मक अथवा वैज्ञानिक हो।

8. अ. (i) जबकभी कोई कर्मचारी, अपनी किसी कष्टकर बात को अथवा अपनेप्रति किये गये अन्याय के प्रति कोइ दावा करना अथवा सुधार करवाना चाहता हो, तो उनको अपने मामले सही चेनल के द्वारा अग्रेषित करना चाहिए तथा जबतक निम्नतर अधिकारी ने उनके दावे का तिरस्कार नहीं कर दिया हो अथवा राहत मना नहीं कर दिया गया हो, अथवा मामले का निपटान तीन महीनों से अधिक समय से विलंबित नहीं किया गया हो, तब तक अपने आवेदन की अग्रिम प्रतिलिपियों को किसी उच्च अधिकारी को अग्रेषित नहीं करेगा।

(ii) कोई भी कर्मचारी, किसी शिकायत के सुधार के लिए अथवा किसी अन्य विषय के लिए, अधिकारियों को संबोधित किये जाने वाले संयुक्त निवेदन पर हस्ताक्षर नहीं करेगा।

9. कोई भी कर्मचारी किसी रेडियो प्रसारण में अथवा अपने निजी नाम से अथवा गुमनाम से छद्मनाम से अथवा किसी अन्य व्यक्ति के नाम से अखबार को किसी पत्र व्यवहार में अथवा आम अभिव्यक्ति में प्रकाशित किये गये दस्तावेज में किसी तथ्य अथवा राय प्रकट नहीं करेगा।

(i) विश्वविद्यालय की किसी चालू अथवा हाल की नीति की अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा सरकार की प्रतिकूल आलोचना के प्रभाव में; अथवा

(ii) विश्वविद्यालय तथा आयोग अथवा सरकार के बीच संबंधों को परेशान करने के लिए सक्षमः
किसी कर्मचारी के द्वारा अपने आधिकारिक क्षमता के द्वारा अथवा उनको सौंपीगयी बाध्यताओं के सम्यक निर्वाह में किये गये अथवा व्यक्त किये गये वक्तव्यों पर इस नियम में किसी भी बात के लागू नहीं होने की शर्त पर।

10. (1) यथा उपनियम 10.3, यथा नीचे दिया गया है, के अनुसार, कोई भी कर्मचारी विश्वविद्यालय की पूर्व-अनुमति के बिना, किसी व्यक्ति, समिति अथवा अधिकारी के द्वारा चलाये जानेवाली जाँच के सम्बन्ध में गवाही नहीं देगा।

(2) उपनियम 10.1 के तहत अनुमति दी जाने पर कोई कर्मचारी, किसी कर्मचारी के द्वारा उक्त प्रकार गवाही देने की, विश्वविद्यालय अथवा आयोग अथवा सरकार की नीति की आलोचना, नहीं करेगा।

(3) इस नियम में कुछ भी इनमें लागू नहीं होगा :--

(अ) विश्वविद्यालय, आयोग, सरकार, संसद अथवा किसी राज्य विधान सभा के द्वारा नियुक्त किये जानेवाले अधिकारी के सामने जाँच में गवाही, अथवा

(आ) किसी न्यायिक जाँच में दी जानेवाली गवाही; अथवा

(इ) कुल पति के अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा आदेशित किसी विभागीय जाँच में दी जाने वाली गवाही।

11. कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय के किसी सामान्य अथवा विशेष आदेश के अनुपालन को छोड़कर, अथवा उनको सौंपी गई बाध्यताओं के निष्ठापूर्वक निष्पादन में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से किसी कर्मचारी को अथवा किसी अन्य व्यक्ति, जिनको ऐसे दस्तावेज अथवा सूचना सूचित करने के लिए वह अधिकृत नहीं है, को किसी आधिकारिक दस्तावेज अथवा उसका कोई अंश, अथवा सूचना संसूचित नहीं करेगा।

12 कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय अथवा निर्धारित प्राधिकरण की पूर्व-अनुमति के बिना, किसी भी लक्ष्य के कार्यान्वेयन में निधि की माँग करने में अथवा चन्दा स्वीकृति में अथवा किन्हीं निधियों या अन्य वसूलियों को नकद स्वरूप अथवा माल के रूप में प्राप्त करने में अपने को नहीं लगाएगा।

13. (1) इन नियमों में यथा प्रावधान किया गया है, कोई भी कर्मचारी, कोई उपहार प्राप्त नहीं करेगा अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य को अथवा किसी व्यक्ति को अपनी ओर से प्राप्त करने की अनुमति नहीं देगा।

स्पष्टीकरण : 'उपहार' अभि व्यंजना के तहत, निःशुल्क यातायात, बोर्डिंग, आवास अथवा अन्य सेवा अथवा निकट रिश्तेदार अथवा कर्मचारी के आधिकारिक लेन-देन नहीं रखनेवाले व्यक्तिगत मित्र के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा प्रदान किये जाने पर अन्य आर्थिक सुविधा, शामिल हैं।

टिप्पणी 1 : अनौपचारिक भोजन, लिफ्ट अथवा अन्य विशेष अतिथि सत्कार 'उपहार' नहीं माने जाएँगे।

टिप्पणी 2 : कोई भी कर्मचारी, अपने साथ अधिकारिक संबंध रहने वाले किसी व्यक्ति से अथवा औद्योगिक अथवा व्यापारी संस्था, संगठन अथवा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों आदि से खर्चीला अतिथि सत्कार अथवा बारबार अतिथि सत्कार स्वीकार करने से दूर रहेगा।

(2) विवाह, वार्षिकोत्सव, दाहकर्म अथवा धार्मिक कार्यक्रमों जैसे सन्दर्भों में, जब उपहार देना, मौजूदा धार्मिक अथवा सामाजिक प्रथा के क्रम में है, कोई भी कर्मचारी अपने निकट रिश्तेदारों से उपहार स्वीकृत करेगा परन्तु ऐसे उपहार के मूल्य निम्नलिखित प्रकार के विवरण से अधिक रहने पर विश्वविद्यालय को रिपोर्ट करेगा :---

(i) क्लास I (ग्रुप-ए) अथवा क्लास-II (ग्रुप-बी) पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी के सन्दर्भ में रु. 500.

(ii) क्लास-III (ग्रुप-सी) पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी के सन्दर्भ में रु. 250.

(iii) किसी क्लास IV (ग्रुप-डी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में रु. 100.

(3) उपनियम 13.2 में उल्लिखित प्रकार के ऐसे सन्दर्भों में, कोई भी कर्मचारी अपने साथ किसी प्रकार के आधिकारिक संबंध नहीं रखनेवाले व्यक्तिगत मित्रों से उपहार स्वीकृत कर सकता है, परन्तु ऐसे उपहारों का मूल्य निम्नलिखित विवरण से अधिक होने पर विश्वविद्यालय को रिपोर्ट करेगा :---

(i) रु. 200, क्लास I (ग्रुप-ए) अथवा क्लास-II (ग्रुप-बी) पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी के सन्दर्भ में;

(ii) रु. 100, क्लास-III (ग्रुप-सी) पद पर रहनेवाले किसी कर्मचारी के सन्दर्भ में;

(iii) रु. 50, क्लास-IV (ग्रुप-डी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में।

(4) किसी अन्य संदर्भ में, कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय की स्वीकृति के बिना, कोई उपहार, उसका मूल्य निम्नलिखित प्रकार से अधिक रहने पर, स्वीकृत नहीं करेगा अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य को अथवा अपनी तरफ से किसी अन्य व्यक्ति को स्वीकार करने नहीं देगा:

(i) रु. 75, क्लास-I (ग्रुप-ए) अथवा क्लास-II (ग्रुप-बी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में

(ii) रु. 25, क्लास-III (ग्रुप-सी) अथवा क्लास-IV (ग्रुप-डी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में

(5) उपनियम 13.2, 13.3 और 13.4 में उल्लिखित किसी बात के बावजूद कोई भी कर्मचारी विदेशी उच्च पदस्थों से प्रतीकात्मक प्रकृति के उपहार प्राप्त कर सकते हैं और ऐसे उपहारों को रख सकते हैं।

(6) उद्गम के देश में उपहार का बाजार-मूल्य रु. 3000/- से अधिक न रहने पर प्रतीकात्मक प्रकृति में नहीं रहनेवाले विदेशी उच्चपदस्थों से प्राप्त किये गये उपहार को कर्मचारी अपने पास रख सकते हैं।

(7) विदेशी उच्च पदस्थ से प्राप्त किये गये उपहार के प्रतीकात्मक प्रकृति के बारे में जब सन्देह होता है अथवा जब उद्गम के देश में उपहारों का बाजार-मूल्य ऊपर से रु. 3000/- से अधिक लगता है अथवा उपहारों के वास्तविक बाजार मूल्य के बारे में जहाँ सन्देह रहता है, ऐसे उपहारों की स्वीकृति तथा कर्मचारी के द्वारा उसका धारण सरकार/विश्वविद्यालय के द्वारा इसके संबंध में समय समय पर जारी किये जानेवाले निर्देशों के द्वारा विनियमित किये जाएँगे।

(8) कोई भी कर्मचारी विश्वविद्यालय के साथ ठेका करनेवाले अथवा कर्मचारी को हुए अथवा संभवतः होनेवाले आधिकारिक लेन देन वाले विदेशी फर्म से कोई उपहार स्वीकार नहीं करेगा। किसी कर्मचारी के द्वारा किसी विदेशी फर्म से उपहारों को स्वीकृत करना-उपनियम 13.4 के प्रावधानों के अधीन रहेगा।

13.कोई भी कर्मचारी नहीं करेगा --

(i) दहेज देना अथवा लेना अथवा लेने-देने को उकसानाः अथवा

(ii) वधू अथवा वर, जो भी संदर्भ हो, माता-पिता अथवा अभिभावक से किसी दहेज की, प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, मांग करना।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए, "दहेज" शब्द का वही अर्थ होगा जो दहेज निषेद अधिनियम, 1961 (1961 का 28)

14.कोई भी कर्मचारी, कुलपति के पूर्वानुमोदन के बिना, किसी प्रशंसा अथवा विदाई सम्बन्धी मान-पत्र अथवा प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं करेगा अथवा अपने सम्मान में अथवा किसी अन्य कर्मचारी के सम्मान में आयोजित बैठक अथवा मनोरंजन आदर-सत्कार में भाग नहीं लेगा :

बशर्ते कि इस नियम में कुछ भी निम्नलिखित बातों पर लागू नहीं होगा --

(i) किसी कर्मचारी के सम्मान में, उनकी सेवानिवृत्ति अथवा स्थानान्तरण के सन्दर्भ में अथवा हाल ही में विश्वविद्यालय की सेवा छोडनेवाले किसी व्यक्ति के सम्मान में पूरी तरह से निजी और अनौपचारिक ढंग के विदाई समारोह; अथवा

(ii) सार्वजनिक समूहों में अथवा संस्थाओं के द्वारा आयोजित किये जानेवाले साधारण एवं अल्प-व्यापी आदर-सत्कार की स्वीकृति।

टिप्पणी : किसी कर्मचारी पर, पूरी तरह से निजी अथवा अनौपचारिक प्रकृति के होने पर भी किसी विदाई समारोह के लिए चन्दा देने के लिए कर्मचारी को के मनाने के किसी प्रभाव का दबाव अथवा प्रभाव। और ग्रुप-सी अथवा ग्रुप-डी कर्मचारियों से चन्दे की वसूली ग्रुप-सी अथवा ग्रुप-डी से सम्बद्ध न रहने वाले किसी कर्मचारी के आदर-सत्कार के लिए किसी भी संदर्भ में वर्जित है।

15. (1) कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय की पूर्व-स्वीकृति के बिना, प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, किसी व्यवसाय अथवा व्यापार में नहीं लग जाएगा अथवा कोई अन्य रोजगार नहीं अपनाएगा।

बशर्ते कि कोई भी कर्मचारी, ऐसी मंजूरी के बिना--

(i) सामाजिक अथवा धर्मार्थ प्रकृति के अवैतनिक कार्य अपनाएगा; अथवा

(ii) साहित्यिक, कलात्मक अथवा वैज्ञानिक विशेषता वाला प्रासंगिक कार्य अपनाएगा; अथवा

(iii) अपेक्षकृत के रूप में खेलकूद कार्यक्रमों में भाग लेगा, बशर्ते कि सभी संदर्भों में अपने आधिकारिक बाध्यताओं को एतद्वारा बाधा न पहुँचे। यदि विश्वविद्यालय के द्वारा ऐसा निर्देशित किया जाय, तो ऐसे कार्य अथवा क्रिया कलाप वह नहीं अपनाएगा अथवा छोड देगा।

स्पष्टीकरण : अपनी पत्नी अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के स्वामित्व वाले अथवा नियंत्रण में रहनेवाले बीमा अभिकरण, कमिशन अभिकरण आदि के कारोबार के समर्थन में किसी कर्मचारी के द्वारा कन्वैसिंग करना -- इस उपनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

(2) प्रत्येक कर्मचारी, अपने परिवार के किसी सदस्य के किसी व्यवसाय अथवा व्यापार में लगे रहने अथवा बीमा अभिकरण अथवा कमिशन अभिकरण के स्वामित्व अथवा नियंत्रण करने की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को करेगा।

(3) कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय की पूर्व-मंजूरी के बिना, अपनी आधिकारिक बाध्यताओं के अनुपालन को छोडकर, किसी बैंक अथवा अन्य कम्पनी, जिसका, कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के तहत अथवा तत्काल अमल में रहनेवाली किसी अन्य निधि अथवा वाणिज्य प्रयोजनों के लिए किसी सहकारीसंघ के तहत, पंजीकरण अपेक्षित है, के पंजीकरण, विकास अथवा प्रबन्धन में भाग नहीं लेगा:

बशर्ते कि कोई भी कर्मचारी, पंजीकरण, विकास अथवा प्रबन्धन में तभी भाग लेगा जब--

(i) सहकारी संघ अधिनियम, 1912 (1912 का 2) अथवा तत्काल अमल में रहनेवाली किसी अन्य विधि के तहत पंजीकृत पूर्ण रूप से कर्मचारियों के लाभार्थ कोई सहकारी संघ हो; अथवा

(ii) सोसाइटीज पंजीकरण अधिनियम 1960 (1960 का 2) अथवा तत्काल अमल में रहनेवाली किसी अन्य निधि के तहत पंजीकृत साहित्यिक, वैज्ञानिक अथवा धर्मार्थ संघ हो।

(4) कोई भी कर्मचारी, किसी गैर-सरकारी अथवा लोक इकाई अथवा किसी गैर सरकारी व्यक्ति के लिए, विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी की मंजूरी के बिना, अपने द्वारा किसे गये किसी काम के लिए कोई शुल्क प्राप्त नहीं कर सकता है।

16. (1) कोई भी कर्मचारी किसी स्टॉक, शेयर अथवा अन्य निवेश में सट्टेबाजी नहीं करेगा:-

स्पष्टीकरण : शेयरों, प्रतिभूतियों अथवा अन्य निवेशों की बार-बार खरीद अथवा बिक्री अथवा दोनों-को इस उपनियम की परिभाषा के अन्तर्गत सट्टेबाजी माना जाएगा।

(2) कोई भी कर्मचारी, अपने आधिकारिक कर्तव्यों के अनुपालन में लज्जित करने अथवा प्रभावित करने की संभावना वाले कोई निवेश नहीं करेगा अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य को अथवा अपनी तरफ से काम करने वाले किसी व्यक्ति को, करने नहीं देगा।

(3) अगर किसी लेन देन के, उपनियम 16.2 में सदर्भित प्रकृति के होने अथवा न होने पर प्रश्न उठे तो, विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

(4) (i) कोई भी कर्मचारी, किसी बैंक में अथवा पब्लिक लिमिटेड कम्पनी में, स्वयं अथवा अपने किसी सदस्य अथवा अपनी तरफ से काम करनेवाले किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा कारोबार के सामान्य क्रम में बचत नहीं करेगा।

(अ) अपने अधिकार की स्थानीय सीमाओं के अन्दर किसी व्यक्ति अथवा फर्म अथवा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को/से/के साथ अथवा जिनसे वह आधाकारिक लेन-देन रखने जा रहे हैं अथवा ऐसे व्यक्ति अथवा फर्म अथवा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी, के जिसके तहत अपने को अन्यथा अधीन कर लेगा, के साथ एक प्रधान अथवा एक एजेन्ट के रूप में रकम उधार में देना अथवा उधार लेना अथवा जमा करना; अथवा

(आ) किसी व्यक्ति को ब्याज पर उधार दिया हो अथवा किसी प्रकार से जिससे वापसी की रकम अथवा वस्तु के रूप में प्रचारित अथवा प्रदत्त किया गया हो।

बशर्ते कि, कोइ व्यक्ति रिश्तेदार अथवा निजी मित्र से, व्याज-मुक्त विशुद्ध तात्कालिक उधार में कोई छोटी रकम दे अथवा ले सकता है अथवा किसी प्रामाणिक व्यापारी के साथ ऋण-खाता खोल अथवा अपने निजी नियोक्ता के वेतन का अग्रिम दे नहीं सकता है;

बशर्ते आगे कि, किसी कर्मचारी के द्वारा, विश्वविद्यालय की पूर्व मंजूरी के साथ किये गये किसी लेन-देन के संबंध में इस उप-नियम में कुछ भी लागू नहीं होगा।

(ii) कोई कर्मचारी उपनियम 16.2 अथवा उपनियम 16.4 के प्रावधानों में किसी के उल्लंघन में उनको लगा देनेवाली प्रकृति के पद पर नियुक्त अथवा को स्थानान्तरित किये जाने पर, अपनी परिस्थितियों को रिपोर्ट करेगा तथा तत्पश्चात् ऐसे प्राधिकरण के द्वारा किये जानेवाले आदेश के अनुसार कार्य काम करेगा।

17. कोई भी कर्मचारी अपने निजी मामलों, को, आध्यात्मिक ऋण ग्रस्तता को अथवा दिवालियापन को रोकने की दृष्टि से, संभालेगा। कोई भी कर्मचारी, जिन के प्रति, उनसे बकाये किसी प्रकार के ऋण की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई प्रवर्तित की गई है, अथवा जिसको दिवालिया व्यक्ति के रूप में माना गया है, विश्वविद्यालय को कानूनी कार्रवाई के पूरे तथ्य की रिपोर्ट करेगा।

18. (1) प्रत्येक कर्मचारी, किसी विश्वविद्यालय में अथवा पद पर अपनी पहली नियुक्ति पर, विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित किये जाने के रूप में निम्नलिखित पूरा विवरण देते हुए, आस्तियों तथा देयताओं का निवेदन प्रस्तुत करेगा --

(अ) द्वारा विरासत में प्राप्त की गई अथवा उनके द्वारा स्वामित्व वाली अथवा उनसे उपार्जित अथवा लीज या रहने पर अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर अथवा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर रखी गई अचल सम्पत्ति;

(आ) उनके द्वारा विरासत में प्राप्त किये गये बैंक जमाओं अथवा उपार्जित शेयर, डिबेन्चर तथा नकदी

(इ) उनके द्वारा विरासत में प्राप्त की गई अथवा उसी प्रकार से उनके स्वामित्व की उपार्जित अथवा रखी गई अन्य अचल सम्पत्ति; तथा

(ई) उनके ऋण अथवा उनके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अथवा परोक्ष रूप से की गई देयताएँ।

टिप्पणी 1: क्लास-IV (ग्रुप-डी) नौकरों को उपनियम 18.1 सामान्य रूप से लागू नहीं होगा परन्तु विश्वविद्यालय निदेश दे सकता है कि ऐसे कर्मचारी पर अथवा ऐसे कर्मचारियों के क्लास (ग्रुप) पर लागू होगा।

टिप्पणी 2: सभी रिटर्नों में, रु. 2,000/- से कम मूल्य की चल सम्पत्ति की वस्तुओं के मूल्य तथा एकमुश्त में दिखाई गई रकम को जोड़ा जा सकता है। वस्तु बर्तन, क्राकरी, पुस्तकें आदि जैसी दैनिक कार्यों की वस्तुओं का मूल्य ऐसे रिटर्नों में जोड़ने की आवश्यकता नहीं है।

टिप्पणी 3: (i) पहले से किसी सेवा से अथवा पद से सम्बद्ध रहनेवाले को किसी अन्य सिविल सेवा अथवा पद पर नियुक्त किये जाने पर, उस कर्मचारी से इस धारा के तहत ताजा रिटर्न प्रस्तुत करने की अपेक्षा नहीं रहेगी।

(ii) किसी सेवा में रहनेवाले अथवा पद का धारण करने वाले ग्रुप-ए अथवा ग्रुप-बी में शामिल किये गये प्रत्येक कर्मचारी को, इसके सम्बन्ध में, उनके द्वारा विरासत में पाई गई अथवा मालकियत की अथवा उनके द्वारा उपार्जित की गई अथवा लीज पर अथवा रेहन पर अपने निजी नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर अथवा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर अपने द्वारा रखी गई अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में पूरा विवरण देते हुए, विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित किये जाने के रूप में एक वार्षिक निवेदन प्रस्तुत करना होगा।

(2) कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय के पूर्वज्ञान के बिना, अपने ही नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम, लीजपर, रेहन पर, खरीद से बिक्री द्वारा, भेंट द्वारा, अन्यथा किसी अचल सम्पत्ति का उपायोजन अथवा बिक्री नहीं करेगा।

बशर्ते कि कर्मचारी के द्वारा विश्वविद्यालय की पूर्व मंजूरी

(3) निम्नलिखित प्रकार के लेनदेन के होने पर --

(i) किसी व्यक्ति से जो कर्मचारी के साथ आधिकारिक लेन देन रखता हो।

कर्मचारी के साथ आधिकारिक लेनदेन रखनेवाले व्यक्ति के साथ जहाँ कोई भी कर्मचारी अपने नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर रहनेवाली चल सम्पत्ति के सम्बन्ध में लेन देन चलाता है, वह कर्मचारी, ऐसे लेनदेन के दिनांक से एक महीने के अन्दर, किसी क्लास-I (ग्रुप-ए) अथवा क्लास II (ग्रुप-बी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में सम्पत्ति का मूल्य रु. 10,000/- अधिक मूल्य के अथवा क्लास-III (ग्रुप-सी) अथवा किसी क्लास-IV (ग्रुप-डी) पद पर रहनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में सम्पत्ति का मूल्य रु. 5,000/- से अधिक होने पर, विश्वविद्यालय को उसका निवेदन करेगा।

(4) विश्वविद्यालय, किसी भी समय, सामान्य अथवा विशेष आदेश पर, किसी कर्मचारी से, ऐसे आदेश में निर्दिष्ट अवधि के अन्दर, उक्त आदेश पर विनिर्दिष्ट किये गये प्रकार से उनके द्वारा अथवा उनकी तरफ से अथवा उनके परिवार के किसी सदस्य के द्वारा रखी गई अथवा उपार्जित अचल सम्पत्ति के संपूर्ण विवरण की अपेक्षा कर सकता है। ऐसे वक्तव्य में, विश्वविद्यालय के द्वारा ऐसा अपेक्षित हो तो, ऐसी सम्पत्ति के अर्जन के माध्यम अथवा स्रोत का विवरण शामिल है।

(5) विश्वविद्यालय, क्लास-III (ग्रुप-सी) अथवा क्लास-IV (ग्रुप-डी) से सम्बद्ध कर्मचारी के किसी संवर्ग को उपनियम (4) को छोड़कर इस नियम के किन्हीं प्रावधानों से छूट दे सकता है। ऐसी कोई छूट, कार्यकारिणी समिति की सहमति के बिना नहीं दी जाएगी।

स्पष्टीकरण: 1) उपनियम के प्रयोजन के लिए 'चल सम्पत्ति" की अभिव्यक्ति में शामिल हैं :--

(अ) आभूषण, बीमा पॉलिसियाँ जिनके वार्षिक किस्त रु. 2000/- से अधिक मूल्य के हो, अथवा विश्वविद्यालय से प्राप्त कुल वार्षिक परिलब्धियों का छटा अंश, इनमें जो भी कम हो, शेयरें, प्रतिभूतियाँ तथा डिबेन्चरें;

(आ) ऐसे कर्मचारियों के द्वारा दिये गये ऋण-सुरक्षित अथवा नहीं;

(इ) मोटर कारें, मोटर साइकलें, घोड़े अथवा यातायात के कोई अन्य साधन; तथा

(ई) प्रशीतक, रेडियो सेट, रेडियो ग्राम और टेलीविजन सेट।

स्पष्टीकरण: 2) इस नियम के प्रयोजनों के लिए, "लीज" का मतलब है, कर्मचारी के साथ आधिकारिक लेन देन रखनेवाले व्यक्ति से प्राप्त अथवा किसकी व्यक्ति को स्वीकृत किये गये को छोड़कर, वर्ष-दर-वर्ष अथवा एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए अथवा वार्षिक किराया लेते हुए, अचल सम्पत्ति की लीज़।

18-ए भारत के बाहर अचल सम्पत्ति के अर्जन और निपटान तथा विदेशियों से लेनदेन के सम्बन्ध में प्रतिबन्ध:

(1) उपनियम 18.2 में उल्लिखित किसी भी बात के बावजूद, कोई भी कर्मचारी निर्धारित प्राधिकरण की पूर्व मंजूरी के बिना :--

(अ) अपने निजी नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर, भारत के बाहर स्थित अचल सम्पत्ति का अर्जन, खरीद, रेहन, लीज, भेंट अथवा अन्यथा, नहीं करेगा।

(आ) कर्मचारी के द्वारा अपने नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम अर्जित अथवा रखी गई, भारत से बाहर स्थित किसी अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में, बिक्री, रेहन, भेंट अथवा अन्यथा बेचना अथवा कोई लीज स्वीकृत करना;

(इ) किसी विदेशी, विदेशी सरकार, विदेशी संगठन अथवा संस्था के साथ लेनदेन में प्रवेश --

(i) अपने नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर, खरीद रेहन, लीज़ भेंट अथवा अन्य था किसी अचल सम्पत्ति को अर्जन के लिए।

(ii) अपने नाम पर अथवा अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम पर उनसे अर्जित की गई अथवा रखी गई किसी अचल सम्पत्ति के संबंध में, बिक्री, रेहन, भेंट अथवा अन्यथा निपटान अथवा किसी लीज़ स्वीकृत करने के लिए।

19. (1) विश्वविद्यालय के अग्रिम आदेश के बिना, कोई भी कर्मचारी, किसी न्यायालय या प्रेस से, कार्यालय संबंधी कार्यों के लिए, जो कि प्रतिकूल आलोचना या मानहित का रूप ले, से संबंध नहीं रखेगा।

(2) इस नियम के कुछ भी किसी कर्मचारी के, अपने निजी चरित्र अथवा अपनी निजी हैसियत से अपने द्वारा किये गये किसी कार्य को दोष मुक्त कर लेने पर निषेध नहीं माना जाएगा। और जहाँ निजी चरित्र अथवा निजी हैसियत से उनके द्वारा किये गये कार्य को दोषमुक्त करने के लिए कार्रवाई की जाती है, कर्मचारी, ऐसी कार्रवाई के संबंध में विश्वविद्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

20. कोई भी कर्मचारी, विश्वविद्यालय के तहत अपनी सेवा से संबंधित मामलों के सम्बन्ध में अपने हितों का विस्तार करने के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी पर किसी प्रकार के राजनैतिक अथवा बाहर का प्रभाव डालने के अथवा लाने के प्रयत्न नहीं करेगा।

21. (1) कोई भी कर्मचारी, जीवित पति या पत्नी वाले किसी व्यक्ति के साथ विवाह अथवा विवाह के करार में प्रवेश नहीं कर सकता है, तथा

(2) कोई भी कर्मचारी पति या पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति के साथ विवाह में अथवा विवाह के करार में हस्ताक्षर नहीं कर सकता है। बशर्ते कि विश्वविद्यालय, किसी भी कर्मचारी को, धारा 1 अथवा धारा 2 में सन्दर्भित प्रकार, विवाह करने अथवा ऐसे विवाह के करार में हस्ताक्षर करने की अनुमति दे सकता है, यदि वह संतुष्ट हुआ हो तो कि --

(अ) ऐसे कर्मचारी तथा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू होनेवाले व्यक्तिगत कानून के तहत ऐसा विवाह मान्य हो; तथा

(आ) ऐसा करने के कुछ अन्य आधार हों।

(उ) कोई भी कर्मचारी जो भारतीय राष्ट्रीयता को छोडकर अन्य व्यक्ति के साथ विवाह कर लेता हो तो, वह इस तथ्य को तुरन्त विश्वविद्यालय को सूचित करेगा/करेगी।

22. कोई भी कर्मचारी --

(अ) उसके तत्काल रहने की संभाव्य किसी क्षेत्र में, नशीले पेय पदार्थों अथवा औषधियों से संबंधित चालू कानून का अनुपालन करेगा;

(आ) अपनी ड्यूटी समय में वह किसी नशीले पेय अथवा औषधि के प्रभाव में नहीं रहेगा और ऐसे पेय अथवा औषधि के प्रभाव के समय भी अपनी ड्यूटी के निष्पादन में बाधा न पहुँचाने की सावधानी बरतेगा;

(इ) सार्वजनिक स्थलों में किसी नशीले पेय अथवा औषधि के सेवन से दूर रहेगा;

(ई) नशीली हालत में सार्वजनिक स्थलों में उपस्थित नहीं रहेगा;

(उ) अधिक मात्रा में किसी नशीले पेय अथवा औषधि का उपयोग नहीं करेगा।

स्पष्टीकरण: इस नियम के प्रयोजन में 'सार्वजनिक स्थान' का मतलब कोई स्थान या भवन (आराम गृह को लेकर) जिसको आप व्यक्ति शुल्क या अन्यथा प्रयोग में लाने में अनुमति या बगैर अनुमति के स्वच्छन्द है।

23. इन नियमों की व्याख्या के सम्बन्ध में, मामले को कार्यकारिणी समिति को सामने लाया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा।

24. किसी बात के भारतीय सम्पुट विश्वविद्यालय अधिनियम, के प्रतिकूल रहने को छोड़कर, विधियाँ, अध्यादेश, केन्द्रीय सिविल सेवाएँ (आचरण) नियम, 1964 को संशोधनों को इन नियमों के संबद्ध प्रावधानों के संशोधन माने जाएँगे अथवा केन्द्र सरकार से जारी किये गये, आगे जारी किये जानेवाले किसी आदेश को अथवा प्रशासनिक निर्देशों को, केन्द्र सरकार के द्वारा जिस दिन से ऐसे संशोधन/आदेश अमल में लाये जाते हैं, उस दिन से इन नियमों के तहत किये गये आदेश/प्रशासनिक निर्देश माने जाएँगे।

अध्याय -- 3

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के नियंत्रण और अपील को शासित करनेवाले अध्यादेश

भाग -- I - सामान्य

1. (1) इन नियमों को "भारतीय राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (नियंत्रण और अपील) नियम" कहा जाएगा।

(2) ये नवंबर 14, 2008 से लागू किया समझा जायेगा।

2. इन नियमों में जब तक की संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित है --

(अ) "नियोक्ता प्राधिकारी" माने नियुक्त करने के लिए सशक्त प्राधिकरण।

(आ) "अनुशासनिक प्राधिकरण" किसी कर्मचारी पर दण्ड आरोपण के सम्बन्ध में, मतलब ऐसे प्राधिकारी से है कि जो नियम 6 के अंतर्गत उल्लिखित दंड लगाने को सक्षम है।

(इ) "कर्मचारी" से मतलब ऐसे व्यक्ति जोकि विश्वविद्यालय की सेवा में हो, जो विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए संवर्ग का सदस्य और ऐसे विदेशी सेवा कर्मि व्यक्ति पर व्यक्तियों, जिनकी सेवाएँ अस्थाई तौर पर अन्य विश्वविद्यालय के साथ या विश्वविद्यालय के अन्य प्राधिकरण के साथ तथा राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार या स्थानीय या अन्य प्राधिकरण या अन्य स्वायत्त निकाय से संबंद्ध होने पर अस्थाई तौर पर विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया हो।

3. रोजाना मज़दूरी या संचित मज़दूरी लोगों को छोड़कर विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों पर यह नियम लागू होता है।

इन नियमों को किसी व्यक्ति या किसी खास संवर्ग के ऊपर लागू होने की दुविधा होने पर यह विषय कार्यकारिणी समिति को लिया जाएगा, जो इस विषय में निर्णय लें।

4. इन नियम का कोई भी भाग किसी भी कर्मचारी के अधिकार या विशेषाधिकार, जिसका वह निर्धारित सहमति, जो उसके और विश्वविद्यालय के बीच हुई है; वंचित कर सकेगा।

भाग - II - निलंबन

5. (1) नियोक्ता प्राधिकरण अथवा कोई अनुशासनिक प्राधिकरण वह, जिसके अधीनस्थ हो, अथवा इसके हितमें विश्वविद्यालय के द्वारा अधिकार प्राप्त कोई अन्य प्राधिकरण, किसी कर्मचारी को निलंबन में रख सकता है।

(अ) उनके खिलाफ कोई अनुसासनिक कार्यवाही ध्यान लगाया जा रहा हो अथवा लंबन में हो अथवा

(आ) जहाँ किसी बहुत बुरे अपराध के सम्बन्ध में उनके खालाफ, अन्वेषन, पूछताछ अथवा विचारण के ब्रहत रहे; बशर्ते कि जहाँ निलंबन का आदेश नियोक्ता अधिकारी से निम्न अधिकारी के द्वारा किया गया हो, तो ऐसे अधिकारी नियोक्ता अधिकारी को उन परिस्थितियों की रिपोर्ट करेगा जिन परिस्थितियों में वह आदेश जारी किया गया था।

(2) किसी कर्मचारी को, नियोक्ता अधिकारी के आदेश के द्वार निलंबन के तहत रखा गया माना जाएगा-

(अ) आपराधिक अभियोग पर अथवा अन्यथा नरज बन्दी के दिनांक से लेकर अडतालीस घंटों से अधिक समय के लिए

(आ) उनकी दोष सिद्धि के दिन से लेकर, यदि किसी अपराध के लिए दोष सिद्धि के कारण अडतालीस घंटों से अधिक कारावास के दंडादेशित हुआ हो तथा तुरन्त पदच्युत अथवा हटाया नहीं किया गया हो अथवा ऐसी दोष सिद्धि के परिणामस्वरूप अनिवार्य सेवा निवृत्त किया गया हो, तो।

स्पष्टीकरण : इस उपनियम की धारा (आ) में संदर्शित अडतालीस घंटों की अवधि की संगणना, दोष सिद्धि के बाद कारावास के प्रारंभ लेकर तथा इस प्रयोजन के लिए कारावास की आंतराधिक अवधि कोई हो, तो, हिसाब में लिया जाएगा।

3. जब किसी कर्मचारी को पदच्युत, बरखास्ट, निकासी या जबरदस्ती एवं अवकाश प्राप्ती दिया जाता है, या किसी माध्यम से अलग कर दिया जाता है, या निर्धारित नियमों के अनुसार आगे की पूछताछ या किसी निर्देश हो, उस समय तक कर्मचारी निलंबन में रहेगा।

4. निलंबन में रहनेवाले किसी कर्मचारी पर लगाये गये पदच्युति, नौकरी से हटाने अथवा सेवा से अनिवार्य सेवानिवृत्ति के दण्ड को न्यायालय के निर्णय के द्वारा अथवा उसके परिणामस्वरूप अलग रख दिया गया हो अथवा अवैध घोषित कर दिया गया हो, तो तथा मामले की परिस्थितियों पर विचार करते हुए, अनुशासनिक अधिकारी, पदच्युति, खारिजी, अथवा अनिवार्य सेवा-निवृत्ति के प्रारंभ में लगाये गये दण्ड पर अतिरिक्त जाँच चलाने का निर्णय करेंगे, कर्मचारी को पदच्युति, खारिजी अथवा अनिवार्य सेवा निवृत्ति के मौलिक आदेश के दिनांक से नियोक्ता अधिकारी के द्वारा निलंबन में रखे गया माना जाएगा तथा वह अगले आदेशों तक निलंबन के तहत जारी रहेगा :

बशर्ते कि, मामले की विशेषताओं पर विचार किये बिना, सिर्फ विशुद्ध तकनीकी आधारों पर न्यायालय के द्वारा आदेश जारी किये जाने की स्थिति का सामना करने के उद्देश्य को छोड़कर किसी अन्य संदर्भ में अतिरिक्त जाँच के ऐसे आदेश जारी नहीं किये जाएँगे।

5. (अ) इस नियम के तहत किया गया निलंबन आदेश अथवा किये गये माने जानेवाला ऐसा आदेश, तब तक अमल में रहेगा जब तक इस प्रकार करने के लिए सक्षम अधिकारी के द्वारा परिवर्द्धित अथवा रद्द नहीं कर दिया जाता हो।

(आ) जब कोई कर्मचारी निलंबित किया जाता है अथवा निलंबित माना जाता है (अनुशासनिक कार्यवाई के सम्बन्ध में अथवा अन्यथा) तथा उस निलंबन के जारी रहते समय उनके खिलाफ़ किसी अन्य प्रकार की अनुशासनिक कार्रवाई ली गई हो, तो निलंबन में रखने के लिए सक्षम अधिकारी, लिखित रूप में उनके द्वारा लिपिबद्ध किये जानेवाले कारणों के लिए, कर्मचारी को, उन सभी अथवा किसी ऐसी कार्रवाई की समाप्ति तक निलंबन में जारी रहने के निदेश दे सकते हैं।

(इ) इस नियम तहत बनाये गये अथवा बनाये गये समझे जानेवाले निलंबन आदेश, किसी भी समय उस प्राधिकरण, जिसने बनाया है अथवा आदेश को बनाने जैसे माना है, के श्रेष्ठ अथवा उस अधीनस्थ अधिकारी जिस अधिकारी के अधीन है, उनके द्वारा संशोधित अथवा रद्द किये जा सकते हैं।

भाग -- III - दण्ड एवं अनुशासनिक प्राधिकरण

6. अच्छे तथा पर्याप्त कारणों के लिए तथा तदनन्तर बताये गये प्रकार से, किसी कर्मचारी पर निम्नलिखित दण्ड आरोपित किये जा सकते है, यथा --

गौण दण्ड

(i) फटकार

(ii) पदोन्नति को रोक रखना

(iii) लापरवाही अथवा विश्वविद्यालय के नियमों के उल्लंघन के द्वारा अथवा उच्चाधिकारियों के निदेशानुसार विश्वविद्यालय को उनके द्वारा हुई किसी आर्थिक नुकसान के पूरे को अथवा अंश की उनके वेतन से वसूली।

(iv) वेतन की वेतनवृद्धियों को रोक रखना।

प्रधान दण्ड

(v) विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन-मान पर निम्नतर स्तर तक घटाया जाना, ऐसे घटाव की अवधि के दौरान कर्मचारी के द्वारा वेतनवृद्धियों के पाने अथवा न पाने के संबंध में अतिरिक्त निदेशों के साथ, उनकी अगली वेतनवृद्धियों के स्थगन के प्रभाव रखना अथवा नहीं रखना।

(vi) निम्नतर टाइम वेतन-मान, ग्रेड अथवा पद अथवा सेवा में घटाव, उस ग्रेड अथवा सेवा-पद, जिससे कि वह घटाव किया गया है, को पुनर्स्थापन की शर्तों के सम्बन्ध में आगे के निर्देशों के साथ अथवा बिना वेतन ग्रेड के टाइम स्केल बढ़ अथवा सेवा को कर्मचारी की पदोन्नति के लिए सामान्यतः एक रोक (बार) रहेगा।

(vii) अनिवार्य सेवा निवृत्ति

(viii) सेवा से हटाना/पदच्युति

(ix) सेवा से खारिजी

विवरण : इस नियम के अंशय के अन्तर्गत दण्ड के बराबर नहीं होगा, यथा :

(i) किसी कर्मचारी को, रोक को पार कर पाने में उसकी अशक्तता के कारण से वेतन टाइम-स्केल में दक्षता-रोक पर रोकना।

(ii) किसी कर्मचारी को, समर्थ अथवा स्थानापन्न क्षमता में, किसी ग्रेड अथवा पद को पदोन्नति, जिसके लिए वह कर्मचारी पात्र रहने पर उस पर विचार करने के बाद, पदोन्नति का तिरस्कार;

(iii) किसी अन्य ग्रेड अथवा पद को परिवीक्षा पर नियुक्त किये गये कर्मचारी को, ऐसी परीवीक्षा को प्रशासित करनेवाले नियुक्ति-शर्तों अथवा नियम अथवा आदेशों के अनुसार परिवीक्षा अवधि के दौरान अथवा उसकी समाप्ति पर उनके स्थाई पद को वापसी

(iv) ऐसे उच्चतर ग्रेड अथवा पद को अनुपयुक्त माने जाने के कारण अथवा आचरण से सम्बन्धन रखनेवाले प्रशासकीय कारण पर उच्चतर ग्रेड अथवा पद में स्थानापन्न किसी कर्मचारी का, निम्नतर ग्रेड अथवा पद पर वापसी।

(v) किसी कर्मचारी को, [illegible] कारण से उधार ली गई हों, ऐसे प्राधिकरण के निपटान पर, सेवाओं का प्रति स्थापन।

(vi) उनकी सेवानिवृत्ति अथवा [illegible] प्रावधानों के अनुसार किसी कर्मचारी की अनिवार्य सेवानिवृत्ति।

(vii) सेवाओं की नियुक्ति का [illegible]

(अ) परिवीक्षा पर [illegible] परीवीक्षा अवधि के दौरान अथवा उसकी समाप्ति पर; अथवा

(आ) अस्थाई [illegible] नियुक्ति की शर्तों के अनुसार;

(इ) किसी [illegible] पद पर ऐसे करार की शर्तों के अनुसार;

7. (1) कार्यकारिणी [illegible] निम्नलिखित किसी प्रकार के दण्ड लगा सकती है।

(2) कुलपति, किसी [illegible] (i), (ii), (iii) तथा (iv) में उल्लिखित प्रकार के कोई दण्ड लगा सकते है।

(3) (अ) कुल सचिव को, कार्यकारिणी समिति के आदेशों में उल्लिखित किये जाने प्रकार से, आद्यापकों एवं शैक्षिक कर्मचारियों को छोड़कर, ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई लेने का, तथा उनको जाँच के लंबन में रहते हुए, निलंबित करने, उनको चेतावनियाँ देने अथवा [illegible] वेतनवृद्धि रोक रखने का दण्ड लगाने का प्रधिकार रहेगा।

बशर्ते कि, यदि संबंधित कर्मचारी को, उसके सम्बन्ध में प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध, कारण बताने के लिए उचित अवसर नहीं दिया गया हो, तो; ऐसा कोई दण्ड नहीं लगाया जायेगा।

(आ) उप-धारा (अ) में उल्लिखित प्रकार का कोई दण्ड लगानेवाला कुलसचिव का किसी आदेश के खिलाफ अपील कुलपति के सामने रखा जाएगा।

(इ) जहाँ जाँच के दौरान उद्घोषणा हो जाय कि कुल सचिव के अधिकार का पार कर दण्ड मांगा गया है, कुलसचिव, जाँच की समाप्ति के बाद, कुलसचिव को अपनी सिफारिशों के साथ निवेदन करेंगे।

बशर्ते कि, कोई अपील, दण्ड लगानेवाले कुल सचिव के किसी आदेश के खिलाफ कार्यकारिणी समिति के सामन झूठा बता लाएगा।

8. (1) कार्यकारी परिषद अथवा सामान्य अथवा विशेष आदेश के द्वारा उसके द्वारा अधिकृत कोई अन्य प्राधिकरण--

(अ) किसी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई प्रवर्तित करेगा;

(आ) इन नियमों के तहत, नियम 6 में विनिर्दिष्ट किन्हीं दण्डों को किसी कर्मचारी के विरुद्ध। अनुशासनिक कार्रवाई प्रवर्तित करने के लिए ऐसे अनुशासनिक प्राधिकरण जिसको दण्ड लगाने का अधिकार प्राप्त है, को निदेश जारी कर सकती है।

(2) नियम 6 के धारा (i) से (iv) में विनिर्दिष्ट किसी प्रकार का दण्ड लगाने के लिए नियमों के तहत सक्षम अनुशासनिक अधिकारी, किसी प्रकार के परवर्ती दण्ड लगाने के लिए नियमों के तहत ऐसे अनुशासनिक अधिकारी के सक्षम नहीं रहने पर भी, नियम 6 की धारा (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट किसी दण्ड के आरोपन के लिए किसी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई स्थापित कर सकते हैं।

भाग -- IV - दण्ड आरोपण के लिए प्रक्रिया

9. (1) जब तक इस नियम और नियम 11 में दिये गये प्रकार से जाँच नहीं की जाएगी, तब तक नियम 6 के खण्ड (v) से (ix) में उल्लिखित कोई दण्ड आरोपण का आदेश नहीं होगा।

(2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकरण किसी कर्मचारी के विरुद्ध दुराचार या अभद्र व्यवहार को दोषारोपण का सच्चाई में जाँच के लिए आधार रहने का विचार रखता है, उस पर स्वयं जाँच कर सकता है अथवा एक इस नियम के तहत जाँच चलाने के लिए किसी प्राधिकरण की नियुक्ति कर सकता है।

स्पष्टीकरण :-- जहाँ अनुशासनिक प्राधिकारण स्वयं जाँच का प्रवर्तन करता है, उपनियम (7) से उपनियम (20), (22), में जाँच अधिकारी का कोई उल्लेख अनुशासनिक प्राधिकरण का उल्लेख जैसा अर्थ लिया जाएगा।

(3) इस नियम और नियम 11 के अन्तर्गत कर्मचारी के विरुद्ध जाँच करने में जहाँ प्रस्तावित किया गया है, अनुशासनिक प्राधिकरण एक खाका तैयार करेगा अथवा करवाएगा यथा--

(i) अभियोग के निश्चित और सुस्पष्ट अनुच्छेद में दुराचार अथवा अभद्र व्यवहार के आरोपण का तात्पर्य;

(ii) अभिरोग के प्रत्येक अनुच्छेद के समर्थन में दुराचार अथवा अभद्र व्यवहार के आरोपणों का विवरण जिसमें होंगे :

(अ) कर्मचारी के द्वारा स्वीकृति अथवा अपराध की स्वीकृति सहित सभी संबंधित तथ्यों का बयान;

(आ) दस्तावेजों की सूची अथवा गवाहों की सूची, जिनके आधार पर अभियोग के अनुच्छेदों का समर्थन किये जाने के लिए प्रस्तावित हैं।

(4) अनुशासनिक प्राधिकरण, कर्मचारी को, अभियोग के अनुच्छेदों की एक प्रति लिपि दुराचार अथवा दुर्व्यवहार के आरोपों का विवरण पहुँचाता है अथवा पहुँचाने की व्यवस्था करता है जिससे कि अभियोग के प्रत्येक अनुच्छेद समर्थन के लिए प्रस्तावित हैं, तथा निर्देशित किये जाने प्रकार के ऐसे समय के अन्दर अपने पक्ष में (प्रतिवाद में) एक लिखित वक्तव्य प्रस्तुत करने अथवा यह बाते के लिए कि वह अपनी बात समक्ष सुनाने की इच्छा रखता है, कर्मचारी से अपेक्षा कर सकता है।

(5) (अ) प्रतिरक्षा (प्रतिवाद) का एक लिखित वक्तव्य प्राप्त करने के बाद, अनुशासनिक प्राधिकरण, अभियोग के ऐसे अनुच्छेदों के बारे में जिनको माना नहीं गया है, स्वयं जाँच चला सकता है अथवा यदि ऐसा करने को जरूरी समझता हो, तो उपनियम (2) के तहत ऐसे प्रयोजन हेतु एक जाँच अधिकारी को नियुक्त कर सकता है तथा जहाँ प्रति रक्षा के लिखित वक्तव्य में कर्मचारी के द्वारा अभियोग के सभी अनुच्छेदों को स्वीकार कर लिया गया है, वहाँ अनुशासनिक प्राधिकरण प्रत्येक अभियोग पर अपने निष्कर्ष को, यथा वह उचित समझता है, ऐसे गवाहों को लेने के बाद, नियम 10 में उल्लिखित प्रकार से कार्य करेगा।

(आ) कर्मचारी के द्वारा किसी प्रकार का लिखित वक्तव्य प्रस्तुत नहीं किया गया हो, तो अनुशासनिक प्राधिकारण, अभियोग के अनुच्छेदों की जाँच स्वयंकर सकता है अथवा, अगर उसको जरूरी लगा तो, उपनियम (2) के तहत इस प्रयोजन के लिए एक जाँच अधिकारी को नियुक्त कर सकता है।

(इ) जब अनुशासनिक प्राधिकरण स्वयं अभियोग के किसी अनुच्छेद की जाँच करता हो, अथवा ऐसे अभियोग की जाँच चलाने के लिए जाँच अधिकारी नियुक्ति करता है, वह एक आदेश के द्वारा अभियोग के अनुच्छेदों के समर्थन में अपनी तरफ से प्रस्तुत करने के लिए किसी कर्मचारी को "प्रस्तुति अधिकारी" के रूप में नियुक्त कर सकता है।

(6) अनुशासनिक प्राधिकरण, जहाँ वह स्वयं जाँच अधिकारी नहीं है, जाँच अधिकारी को अग्रेषित करेगा-

(i) अभियोग के अनुच्छेदों की प्रतिलिपि तथा दुराचार एवं दुर्व्यवहार के दोषारोपणों का वक्तव्य;

(ii) कर्मचारी के द्वारा प्रस्तुत किये जानेवाले प्रति रक्षा के लिखित वक्तव्य, अगर कोई हो, तो की प्रतिलिपि।

(iii) उपनियम (3) में सन्दर्भित गवाहों के वक्तव्यों, कोई हों तो, की प्रतिलिपि;

(iv) उनको, उपनियम (3) में सन्दर्भित दस्तावेजों की डेलिवरी को सिद्ध करने का प्रमाण गवाह;

(v) 'प्रस्तुति अधिकारी' के 'नियुक्ति-आदेश' की प्रतिलिपि।

(7) कर्मचारी, इसके सन्दर्भ में जाँच अधिकारी के द्वारा लिखित नोटिस अथवा जैसे विनिर्दिष्ट किया जाता है, ऐसे दिन को और उनके द्वारा दुराचार अथवा दुर्व्यवहार के अभियोग के अनुच्छेदों तथा दोषारोपण के वक्तव्य के प्राप्ति-दिनांक से 15 कार्य-दिनों के अन्दर ऐसे समय पर, यथा जाँच अधिकारी अनुमति देता है, जाँच अधिकारी के सामने स्वयं उपस्थित होगा।

(8) कर्मचारी, अपनी तरफ से मामले को प्रस्तुत करने के लिए किसी अन्य कर्मचारी की सहायता ले सकता है परन्तु इस प्रयोजन के लिए वकील को नियुक्त नहीं कर सकता है।

(9) यदि कर्मचारी जिस प्रति रक्षा के अपने वक्तव्य में अभियोग के किसी अनुच्छेद को मानता नहीं हो तो, वह जाँच अधिकारी के सामने उपस्थित होता है, ऐसा अधिकारी उनसे पूछेंगे कि क्या वह दोषी है अथवा कोई प्रतिरक्षा रखता हो और अभियोग के किसी अनुच्छेद के तहत दोषी होने का अभिवचन करता है, तो जाँच अधिकारी उसके अभिवचन को दर्ज करके, उसपर अपना हस्ताक्षर करके बाद को कर्मचारी के हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।

(10) जाँच अधिकारी, कर्मचारी के द्वारा अभियोग के जिन अनुच्छेदों के सम्बन्ध में दोषी होने का अभिवचन दिया गया है, दोष के अन्वेषण का परिणाम वापस करेगा।

(11) जाँच अधिकारी, निर्धारित समय के अन्दर उपस्थित होने के लिए कर्मचारी असफल हो जाता हो अथवा नहीं मानता हो, अथवा दोषी होने के अभिवचन छोड देता हो, प्रस्तुति अधिकारी से अपेक्षा कर सकता है कि अभियोग के अनुच्छेदों को सिद्ध करने के लिए जिस गवाह का प्रस्ताव रखता है, उसे प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है तथा उसके गवाही की तैयारी के प्रयोजन के लिए कर्मचारी के नाम आदेश दर्ज करने के बाद तीस दिनों के अन्दर के किसी अन्य दिनांक को मामला स्थगित करने के लिए कह सकते हैं।

(i) आदेश के दिन से लेकर पाँच दिनों के अन्दर अथवा पाँच दिनों से अधिक न होने वाले आगे के समय के अन्दर, यथा जाँच अधिकारी स्वीकृत कर सकते हैं, उपनियम (3) में संदर्भित सूची में उल्लिखित दस्तावेजों का निरीक्षण करेंगे।

(ii) उनकी तरफ से जाँच करवाने के लिए गवाहों की सूची प्रस्तुत करेंगे।

टिप्पणी :- यदि कर्मचारी उपनियम (2) में संदर्भित सूची में उल्लिखित गवाहों के वक्तव्य की प्रतिलियों की सप्लाई के लिए मौखिक रूप से या लिखित रूप से आवेदन करता हो तो, जाँच अधिकारी, यथा शीघ्र तथा किसी भी हालत में, अनुशासनिक प्रतिकरण के तरफ़ से गवाहों की जाँच के प्रारंभ होने के तीन दिन पहले ऐसी प्रतिलिपियों को कर्मचारी को उपलब्ध करवाते हैं।

(iii) दस दिनों के अन्दर अथवा जैसे जाँच अधिकारी मानते हैं - दस दिनों की सीमा के साथ, ऐसे आगे के समय के अन्दर, विश्वविद्यालय के स्वामित्व में रहनेवाले परन्तु उपनियम 3 में सन्दर्भित सूची में उल्लिखित नहीं किये गये दस्तावेजों की प्रस्तुति के लिए आदेश देगा।

टिप्पणी : कर्मचारी, विश्वविद्यालय के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले, उनके द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों की संबद्धता सूचित करेगा।

(12) जाँच अधिकारी, दस्तावेजों की प्रस्तुति के लिए नोटिस/प्राप्ति के बाद, उसको अथवा उसकी प्रतिलिपियों को, उस अधिकारी, जिनके अधीन दस्तावेज रखे गये हैं, को, ऐसे माँग-पत्र में उल्लिखित किये जाने के प्रकार से, ऐसे दिनांक तक दस्तावेजों की प्रस्तुति के लिए माँग के साथ, अग्रेषित करेगा।

बशर्ते कि, जाँच अधिकारी, लिखित दर्ज किये जानेवाले कारणों के लिए, उनके विचार में इन दस्तावेजों के मामले से सम्बद्ध न रहने के अथवा विश्वविद्यालय के सर्वोत्तम हित में नहीं रहने के कारम, अपेक्षा का इनकार कर सकते हैं।

(13) उपनियम (12) में सन्दर्भित माँग पत्र की प्राप्ति पर, माँगे गये दस्तावेजों को अपनी अभिरक्षा अथवा स्वामित्व प्रस्तुत करना होगा;

बशर्ते कि अगर वह अधिकारी, जो दस्तावेजों को अपनी अभिरक्षा में अपने स्वामित्व में रखता हो, लिखित रूप में दर्ज किये जानेवाले कारणों के लिए, संतुष्ट होते हों कि उन सभी अथवा ऐसे दस्तावेजों में कुछ की प्रस्तुति विश्वविद्यालय के आमहित के प्रतिकूल हो सकती है, वे जाँच अधिकारी को तदनुसार सूचित करेंगे तथा जाँच अधिकारी, उक्त प्रकार सूचित किये जाने पर, कर्मचारी को इसकी सूचना देंगे और ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपनी माँग वापस ले लेंगे।

(14) जाँच के लिए निर्धारित किये गये दिनांक को, मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य, जिसके द्वारा अभियोग के अनुच्छेद प्रमाणित किये जाने प्रस्तावित हैं, अनुशासनिक प्राधिकरण की तरफ से प्रस्तुत किये जाएँगे। गवाही का जाँच पड़ताल कर्मचारी के द्वारा अथवा उनकी तरफ से किया जाएगा प्रस्तुति अधिकारी, गवाहों की, जिन बिन्दुओं पर उनकी प्रतिपरीक्षा की जा चुकी है, उन पर पुनः जाँच करने के अधिकारी होंगे। जाँच अधिकारी, गवाहों से ऐसे प्रश्न भी पूछ सकते हैं जैसे वे उचित समझेंगे।

(15) अनुशासनिक प्राधिकरण की तरफ से, मामले की समाप्ति के पहले, यह जरूरी लग सकता है कि, अपने विवेकाधिकार में, प्रस्तुति अधिकारी को, कर्मचारी को दी गई सूची में नहीं बताये गये गवाही प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकते हैं अथवा वे स्वयं कई गवाही माँग सकते हैं अथवा किन्हीं गवाहियों को वापस बुला सकते हैं अथवा पुनः जाँच-पड़ताल कर सकते हैं तथा ऐसे सन्दर्भ में, कर्मचारी को ऐसा अधिकार रहेगा, यदि उसकी माँग करता हो, तो, प्रस्तुत करने के लिए प्रस्तावित आगे के साक्षियों की सूची की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकता है तथा ऐसे नये गवाही की प्रस्तुति के पहले कम से कम तीन पूरे दिनों के लिए, जाँच पड़ताल का स्थगन, के दिन को तथा उसल दिन को, जिस दिन के लिए जाँच स्थिगित की गई है, छोडकर। जाँच अधिकारी, कर्मचारी को, उनको दर्ज करने के पहले, दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अवसर देंगे।

जाँच अधिकारी कर्मचारी को, यदि वे समझते हों कि ऐसी गवाही की प्रस्तुति न्याय के हित में होगी, नयी गवाही को प्रस्तुत करने की अनुमति भी दे सकते हैं।

टिप्पणी: नये साक्ष्य माने नहीं जाएँगे अथवा माँगे नहीं जाएँगे अथवा किसी गवाही को साक्ष्य में किसी रिक्ति की भर्ती के लिए वापस बुलाया नहीं जाएगा। ऐसे साक्ष्य को तभी माँगा जाएगा जब मूल रूप से प्रस्तुत किये गये साक्ष्य में अन्तर्निहित कमी अथवा दोष रहता है।

(16) अनुशासनिक प्राधिकरण का मामला जब समाप्त होता है, कर्मचारी, यथा वह चाहता है, मौखिक रूप में अथवा लिखित रूप में, अपने प्रतिवाद बताने के लिए अपेक्षित रहेगा। प्रतिवाद मौखिक रूप से बताया गया हो, तो, वह दर्ज किया जाएगा तथा कर्मचारी को उस अभिलेख पर हस्ताक्षर करना होगा। किसी भी सन्दर्भ में, प्रतिवाद के वक्तव्य की एक प्रतिलिपि प्रस्तुति अधिकारी को, यदि किसी की नियुक्ति होती हो, तो दी जाएगी।

(17) तब कर्मचारी की तरफ़ से साक्ष्य प्रस्तुत किया जाएगा। कर्मचारी, यदि वह चाहता हो, तो, अपनी निजी तरफ़ से अपने आप जाँचकर ले सकता है। कर्मचारी के द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले साक्ष्यों की तब जाँच पडताल की जाएगी तथा के प्रति परिक्षा पुनः परीक्षा तथा जाँच अधिकारी के द्वारा जाँच के लिए बाध्य होंगे।

(18) जाँच अधिकारी, कर्मचारी के अपना मामला बन्द करने के बाद, तथा यदि कर्मचारी अपने आप जाँच कर लिया नहीं हो, तो कर्मचारी उनके खिलाफ़ साक्ष्य में उपस्थित होनेवाली किन्हीं परिस्थितियों को स्पष्ट करने की सुविधा प्रदान करनेवाले प्रयोजन के प्रमाण में कर्मचारी के खिलाफ़ प्रस्तुत होनेवाली परिस्थितियों पर आम तौर पर प्रश्न करेगा।

(19) जाँच अधिकारी, साक्ष्य की प्रस्तुति की समाप्ति के बाद, प्रस्तुति अधिकारी, कोई नियुक्ति किये गये हों, तो, को और उस कर्मचारी को सुन सकते हैं अथवा, यदि वे चाहते हों, तो अपने संबंधित मामलों का लिखित संक्षेप दाखिल करने की अनुमति दे सकते हैं।

(20) अगर वह कर्मचारी, जिनको अभियोग के अनुच्छेदों की प्रतिलिपि सौंपी गई है, उस प्रयोजन हेतु विनिर्दिष्ट दिनांक को अथवा उसके पहले प्रतिवाद का लिखित वक्तव्य प्रस्तुत नहीं करता हो, तो अथवा जाँच अधिकारी के सामने निजी तौर पर उपस्थित नहीं होता, हो, अथवा इस नियम के प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए नहीं मानता हो, तो, जाँच अधिकारी 'जाँच' को एकतरफ़ा ठहरा सकता है।

(21) (अ) नियम 6 के खण्ड (i) से (iv) उल्लिखित दण्डों का कोई आरोपण लगाने जहाँ अनुसासनिक प्राधिकारी योग्य हो मगर नियम के खण्ड (v) से (ix) में उल्लिखित दण्डों का कोई आरोपण लगाने में योग्य नहीं है, तो ऐसे प्राधिकरण स्वयं जाँच की हो अथवा किसी परिवर्तित धाराओं की जाँच करवाए तथा किसी निर्णय पर अपने निष्कर्ष को महत्व देते हुए अथवा उसके निर्णय को महत्व देते हुए कि नियम 6वीं धारा (v) से (ix) में उल्लिखित दण्ड कर्मचारी पर लगने चाहिए, प्राधिकरण जाँच-अभिलेखों को अनुशासनिक अधिकारी के पास भेजेगा जो अंत में बताये गये दण्ड लगाने में सक्षम हो।

(आ) अनुशासनिक प्राधिकारी जिनको अभिलेख का आदेश किया गया हो, अभिलेख पर निर्धारित साक्ष्य पर कार्रवाई कर सकेंगे या, न्याय की रुचि में कोई साक्षियों पर अगर उसके राय आगे की परीक्षण करना हो तो साक्षी को वापस बुलाकर परीक्षण, प्रतिपृच्छा और पुनः परीक्षा करें और इन नियमों के अनुसार उसे उचित समझा कि ऐसे दण्ड का आरोप कर्मचारी पर लगेंगे।

(22) जब कभी कोई पूछताछ प्राधिकारी साक्ष्य के अंश या पूरे विवरण को सुनने के बाद और अंकित करने पर, पूछताछ क्षेत्राधिकार में प्रयोग होने से रुक जाता है और वह अन्य पूछताछ प्राधिकारी से अनुवर्ती होता है जिसे जिसके पास है और जो ऐसा क्षेत्राधिकारी का प्रयोग करता है, अनुवर्ती होने वाले पूछताछ प्राधिकारी जो पूर्ववर्ती से साक्ष्य अंकित किया गया हो कार्रवाई ले सकेंगे।

शर्त है कि, न्याय की अभिरुचि में अगर अनुवर्ती पूछताछ प्राधिकारी को साक्ष्य जिसका अंकित नहीं किया गया हो पर आगे की परीक्षण लेने की राय हो तो वे कोई दोखे साक्षियों को वापस बुलाकर, परीक्षण करके, प्रतिपृच्छा और पुनः परीक्षा करें।

(23) (i) पूछताछ की निष्कर्ष के बाद, एक रिपोर्ट तैयार किया जाएगा और उसमें होगा --

(a) आरोप के अन्तर्नियम और अवचार या अभद्र व्यवहार की आरोप का विवरण
(b) आरोप के अन्तर्नियम के बारे में कर्मचारी के प्रतिरक्षा
(c) आरोप के अन्तर्नियम के बारे में साक्ष्य की मूल्यांकण
(d) आरोप के अन्तर्नियम पर जाँच परिणाम और कारण

स्पष्टीकरण:

अगर पूछताछ प्राधिकारी के राय में पूछताछ की कार्रवाई को आरोप के अन्तर्नियम को मूल आरोप के अन्तर्नियम से भिन्न स्थापित करें तो, वे ऐसे आरोप के अन्तर्नियम पर जाँच परिणाम को अंकित करें।

शर्त है कि, ऐसे आरोप के अन्तर्नियम पर जाँच परिणाम को अंकित नहीं किया जाएगा जब तक वह कर्मचारी उस तथ्य की स्वीकृति दिया हो जिस पर ऐसे आरोप के अन्तर्नियम का आधार है या ऐसे आरोप के अन्तर्नियम कि विरुद्ध प्रतिवाद करने उसे उचित मौका हो।

(ii) पूछताछ प्राधिकारी, जहाँ वह खुद अनुशासनिक प्राधिकारी नहीं है, पूछताछ की अभिलेख को अनुशासनिक प्राधिकारी को अग्रेषे करेंगे जिसके अन्तर्गत --

(a) खण्ड (i) के अन्दर तैयार किया गया रिपोर्ट
(b) प्रतिरक्षा की लिखित विवरण, अगर कोई, कर्मचारी से निवेदन किया गया हो;
(c) पूछताछ के समय पर पेश किया गया मौखिक और लेख्य/दस्तावेजी साक्ष्य

(d) पूछताछ के समय पर लिखित मसौदा परिचय, अगर कोई, पेश करने अधिकारी या कर्मचारी या दोनों से फाइल किया गया हो और

(e) पूछताछ के बारे में अगर अनुशासनिक प्राधिकारी और पूछताछ प्राधिकारी कोई आदेश तैयारकिया गया हो,

10. 1) अनुशासनिक प्राधिकारी, अगर वह खुद पूछताछ प्राधिकारी नहीं हो तो, लिखित में अंकित करने कारण के लिए, मामला को आगे की पूछताछ के लिए पूछताछ प्राधिकारी को भेजना और रिपोर्ट और पूछताछ प्राधिकारी नियम 9 से दिया गया अनुसार आगे की पूछताछ करने आगे बढ़ेंगे।

2) अनुशासनिक प्राधिकरण, अभियोग की किसी धारा पर, पूछताछ के परिणामों से सहमत नहीं होता हो, ऐसी असहमति का कारण दर्ज करेगा तथा ऐसे अभियोग पर, उक्त प्रयोजन के लिए दर्ज की गई गवाही पर्याप्त रहे तो, अपने निजी निर्णय दर्ज करेंगे।

3) अभियोग के सभी अथवा किन्हीं यदि अनुच्छेदों पर अपने निष्कर्षों को मान्यता देते हुए यदि अनुशासनिक प्राधिकरण का विचार का रहे कि नियम 6 की धारा (i) से (iv) में उल्लिखित दण्ड कर्मचारी पर लगने चाहिए, वह नियम में, उल्लिखित किसी बात से सम्बन्ध न रखते हुए, ऐसा दण्ड लगाते हुए आदेश जारी कर सकता है।

4) अभियोग के सभी अथवा किन्हीं अनुच्छेदों पर अपने निष्कर्षों को मान्यता देते हुए तथा जाँच के दौरान प्राप्त साक्ष्य आधार पर यदि अनुशासनिक प्राधिकरण इस विचार का रहता हो, कि नियम 6 की धारा (v) से (ix) में उल्लिखित दण्ड विश्वविद्यालय के कर्मचारी पर लगने चाहिए, वह ऐसा दण्ड लगाते हुए एक आदेश जारी कर सकता है तथा ऐसे लगाये गये दण्ड पर निवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय कर्मचारी को अवसर प्रदान करना--जरूरी नहीं होगा।

11. 1) नियम 10 के उपनियम (3) के प्रावधान के बशर्ते, कर्मचारी पर नियम 6 की धारा (i) से (iv) में उल्लिखित कोई दण्ड आरोपित करते हुए कोई आदेश निम्नलिखित शर्तों के बाद जारी नहीं किया जाएगा।

अ) कर्मचारी को लिखित रूप में उनके ऊपर प्रस्तावित कार्रवाई तथा ऐसी कार्रवाई के आधार बननेवाले अभद्र व्यवहार के दोषारोपण की सूचना देना। तथा उनको उक्त प्रस्ताव के खिलाफ़ निवेदन करने के लिए उनको समुचित अवसर प्रदान करना;

आ) प्रत्येक मामले में, जहाँ अनुशासनिक प्राधिकरण के विचार में ऐसी जाँच की जरूरत रहती है, नियम 9 के उपनियम (3) से (23) तक में उल्लिखित प्रकार से जाँच चलाना।

इ) धारा (अ) के तहत कर्मचारी के द्वारा प्रस्तुत किया गया निवेदन, यदि हो तो, धारा (आ) के तहत चलायी गई जाँच का अभिलेख, यदि हो तो, को मान्यता देते हुए तथा

ई) दुराचार अथवा अभद्र व्यवहार के प्रत्येक दोषारोपण पर एक निष्कर्ष दर्ज करना।

1.(अ) उपनियम (1) की धारा (आ) में उल्लिखित किसी बात से संबंध न रखते हुए, किसी मामले में, उस उपनियम की धारा (अ) के तहत कर्मचारी के द्वारा, यदि हो तो, किसी निवेदन पर विचार करने के बाद, इस प्रकार के प्रस्ताव पर कि उस उपनियम की धारा (अ) के तहत वेतन वृद्धि रोक रखने तथा ऐसे रोक रखने से कर्मचारी को देय पेंशन-रकम को बुरी तरह से प्रभावित करने की संभावना हो अथवा किसी निश्चित अवधि, जो तीन वर्षों से अधिक न हो, के लिए रोक रखना अथवा किसी अवधि के लिए एकी कृत प्रभाव से वेतन की वेतनवृद्धि को रोक रखना-- किसी कर्मचारी पर ऐसा दण्ड लगाने के आदेश के पहले नियम 9 के उपनियम (3) से (23) में उल्लिखित प्रकार से एक जाँच चलाई जाएगी।

2. ऐसे मामले में कार्यवाही के अभिलेख में शामिल होंगे--

(i) कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई लेने के प्रस्ताव की सूचना, कर्मचारी को देने की प्रतिलिपि

(ii) दुराचार एवं दुर्व्यवहार के आरोपों की तालिका की प्रतिलिपि

(iii) उनका निवेदन, कोई होतो;

(iv) जाँच के दौरान प्रस्तुत की गई गवाही

(v) दुराचार एवं दुर्व्यवहार के प्रत्येक आरोप के निष्कर्ष; तथा

(vi) मामले पर आदेश -- उस पर कारणों के साथ।

12. अनुशासनिक प्राधिकरण के द्वारा दिये गये आदेशों को कर्मचारी को सूचित किया जाएगा, जिनको अनुशासनिक प्राधिकरण के द्वारा की गई जाँच की रिपोर्ट, कोई हो तो, तथा अभियोग के प्रत्येक अनुच्छेद पर उसे निष्कर्ष, अथवा जहाँ अनुशासनिक अधिकारी जाँच-अधिकारी नहीं हैं, जाँच करने वाले अधिकारी की रिपोर्ट की प्रतिलिपि तथा उनके साथ असहमति, कोई हो तो, के संक्षेप में कारणों के साथ अनुशासनिक प्राधिकरण के निष्कर्ष का विवरण -- यदि पहले ही उनको नहीं दिये गये हों, तो जाँच प्राधिकरण के निष्कर्षों के साथ -- कर्मचारी को दिये जाएँगे।

13. (1) किसी भी मामले में जहाँ दो अथवा उससे अधिक कर्मचारियों का संबंध है, कार्यकारिणी समिति अथवा ऐसे सभी कर्मचारियों के ऊपर सेवा से हटाने के दण्ड देने के लिए सक्षम किसी अन्य प्राधिकरण एक सर्वमान्य कार्यवाही में उन सभी के खिलाफ अनुशासन भंग की कार्रवाई का निदेश देते हुए आदेश निकाल सकता है।

टिप्पणी : ऐसे कर्मचारियों पर पदच्युति का दण्ड लगाने के सक्षम अधिकारीगण अलग रहे हों तो सामान्य कार्यवाही में अनुशासनिक कार्रवाई लेने के लिए, ऐसे अधिकारियों के उच्चतम के द्वारा अन्य लोगों की सहमति से, एक आदेश दिया जा सकता है।

(2) नियम 7 के उपनियम (2) के प्रावधानों के बशर्ते, कोई ऐसा आदेश विनिर्देश करेगा।

(i) ऐसी आम कार्यवाही के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकरण के रूप में कार्य करनेवाला प्राधिकरण;

(ii) नियम 6 में उल्लिखित दण्ड जिन्हें लगाने के लिए ऐसे अनुशासनिक प्राधिकरण सक्षम हो;

(iii) नियम 9 और नियम 10 अथवा नियम 11 में विनिर्दिष्ट पद्धति का अनुपालन कार्यवाही में किया जाता है कि नहीं।

14.नियम 9 से नियम 13 तक में उल्लिखित किसी बात के बावजूद--

(i) जहाँ आपराधिक अभियोग पर दोष सिद्धि को कारण रहे आचरण के आधार पर किसी कर्मचारी पर दण्ड लगाया गया है, अथवा

(ii) जब अनुशासनिक प्राधिकरण संतुष्ट हो जाता है कि लिखित रूप से दर्ज किये गये कारणों के लिए इन नियमों में बताये गये प्रकार से जाँच चलाना समझदारी से व्यावहारिक नहीं है, अनुशासनिक प्राधिकरण मामले की परिस्थितियों पर विचार कर सकता है तथा यथा वह उचित समझे, ऐसे आदेश पारित कर सकता है।

15. (1) किसी कर्मचारी की सेवाएँ बाहर के प्राधिकरण को माँगनी दी गई हो, तो ("मँगनी प्राधिकरण" के नाम से इस नियम में आगे कहलाएगा), मँगनी प्राधिकरण को, ऐसे कर्मचारी को निलंबन में रखने के प्रयोजन के लिए नियोक्ता प्राधिकरण के तथा उनके खिलाफ अनुशासनिक प्राधिकरण के अधिकार रहते हैं;

बशर्ते कि मँगनी प्राधिकरण ऐसे कर्मचारी के निलंबन के आदेश के कारण रहनेवाली परिस्थितियों में कर्मचारी की सेवाएँ अथवा अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने के कारण बननेवाली, यथा मामला हो, परिस्थितियाँ। उधार में देनेवाले विश्वविद्यालय को सूचित करेगा।

(2) कर्मचारी के खिलाफ चलाई गई अनुशासनिक कार्रवाई के जाँच परिणामों के प्रकाश में।

(i) उधार लेनेवाले प्राधिकरण की राय में, नियम 7 की (i) से (iv) तक की धाराओं में उल्लिखित प्रकार से दण्ड कर्मचारी पर लगने चाहिए, तो, वह, उँगली प्राधिकरण के साथ परामर्श के बाद, ऐसे आदेश पारित कर सकता है यथा उसको जरूरी लगे;

बशर्ते कि उदार लेनेवाले प्राधिकरण तथा मंगनी प्राधिकरण के बीच में किसी प्रकार का मतभेद रह गया हो तो, कर्मचारी की सेवाओं को मँगनी देनेवाला प्राधिकरण के निपटान पर रखा जाएगा।

(ii) उधार लेनेवाले प्राधिकरण के विचार में, नियम 7 की धारा (v) से (ix) (मँगनी) में उल्लिखित प्रकार के दण्ड कर्मचारी पर लगाये जाने चाहिए, तो वह उनकी सेवाओं को मंगनी देनेवाले प्राधिकरण के निपटान पर प्रति स्थापित करेगा तथा जाँच की कार्रवाई को प्रसारित करेगा और उस पर मँगनी देने वाला प्राधिकरण, उस पर, यथा उचित समझे, ऐसे आदेश जारी कर सकता है।

बशर्ते कि ऐसे आदेश जारी करने के पहले, अनुशासनिक प्राधिकरण नियम 10 के उपनियम (3) और (4) के प्रावधानों का अनुपालन करेगा।

स्पष्टीकरण : अनुशासनिक प्राधिकरण, मँगनी लेनेवाले प्राधिकरण के द्वारा उसको भेज दी गई जाँच अभिलेख के इस अनुच्छेद के तहत ऐसी आगे की जाँच यथा वह उचित समझेगा, जहाँ तक संभव हो, नियम 9 के अनुसरण में, आदेश जारी करेगा।

16. (1) जब कोई निलंबन आदेश जारी किया जाता हो अथवा किसी कर्मचारी, जिनकी सेवाएँ बाहर के प्राधिकरण जिनको आगे से मँगनी देनेवाला प्राधिकरण कहा जाएगा से उधार ली गई है, के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही ली जाती हो, तो उस प्राधिकरण को अथवा अनुशासनिक रिवार्ड कर्मचारी की सेवा के निलंबन के आदेश के लिए कारण बननेवाली के प्रारंभ के इन परिस्थितियों के बारे में सूचित किया जाएगा।

(2) कर्मचारी के विरुद्ध चलायी गई अनुशासनिक कार्रवाई के निष्कर्ष के प्रकाश में, यदि अनुशासनिक अधिकारी के विचार में, नियम 6 की धाराएँ (i) से (iv) तक में उल्लिखित प्रकार के कोई दण्ड कर्मचारी को दिये जाने चाहिए, तो वह, नियम 10 के उपनियम (3) के प्रावधानों के बशर्ते, मँगनी देनेवाले प्राधिकरण के साथ परामर्श के बाद, ऐसे आदेश, जैसे वह उचित समझता हो, पारित पर सकता है :

(i) बशर्ते कि मँगनी लेनेवाले प्राधिकरण तथा मँगनी देनेवाले प्राधिकरण के बीच में मतभेद के समय, कर्मचारी की सेवा एँ मँगनी देनेवाले प्राधिकरण के निपटान पर रखी जाएँगी।

(ii) अनुशासनिक प्राधिकरण के विचार में नियम 6 की (v) से (ix) तक की धाराओं में विनिर्दिष्ट दण्ड कर्मचारी पर लगने चाहिए, तो वह ऐसे कर्मचारी की सेवाओं को मँगनी देनेवाले प्राधिकरण के निपटान पर रख देगा तथा यथा वह आवश्यक समझाता है, जाँच की कार्यवाही को उनको प्रसारित कर देगा।

भाग -- V अपील

17. इस भाग में किसी भी बात से संबंध न रखे बिना --

(i) कार्यकारिणी समिति के किसी आदेश के खिलाफ;

(ii) अन्तर्वर्ती प्रकृति का कोई आदेश अथवा "रटेप-इन-एण्ड" की, प्रकृति का अथवा निलंबन आदेश को छोड़कर अनुशासनिक कार्यवाही के अंतिम धोखा (LIE) निपटान की प्रकृति का कोई आदेश।

(iii) *नियम 9 के तहत किसी जाँच के क्रम में जाँच अधिकारी के द्वारा पारित किया गया कोई आदेश के खिलाफ कोई अपील पत्र नहीं रहेगा।*

18.नियम 17 के प्रावधानों के बशर्ते, कोई कर्मचारी निम्नलिखत सभी अथवा किसी आदेशों के खिलाफ न्यायालय के सम्मुख अपील पेश कर सकता है; यथा--

(i) नियम 5 के तहत किया गया निलंबन आदेश अथवा माना जाता हो, तो

(ii) नियम 6 में उल्लिखित किसी दण्ड के प्रभाव में कोई आदेश--अनुशासनिक प्राधिकरण के द्वारा अथवा अपील सम्बन्धी अथवा पुनरीक्षण प्राधिकरण के द्वारा किया गया हो;

(iii) नियम 6 के तहत लगाये गये किसी दण्ड को बढ़ाते हुए कोई आदेश;

(iv) कोई आदेश जो --

(अ) रोक को पार करने में अनुपयुक्त अपनी हालत के आधार पर टैम-चेतन-मान में दक्षता--रोक पर उनको जो रोकता हो;

(आ) नियमों के तहत उनको देय पेंशन को अथवा उच्चतम पेंशन को कम करना अथवा रोक सकता है;

(इ) किसी उच्चतर ग्रेड पर अथवा पद पर स्थानापन्न समय में दण्ड स्वरूप दिये जानेवाले को छोडकर, किसी निम्नतर ग्रेड अथवा पद को जो प्रत्यावर्तित करता है;

(ई) निलंबन की अवधि के लिए अथवा उनको निलंबन के तहत माना जाता है, अथवा उसका किसी अंश के लिए उनको देय गुजारा अथवा अन्य भत्ते का निर्णय करना.

(उ) वेतन एवं भत्ते का निर्णय करना;

(ii) निलंबन की अवधि के लिए; अथवा

(iii) सेवा से पदच्युति, हटाये जाना अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति के दिन में अथवा उनके निम्न ग्रेड, पद, टाइम-स्केल अथवा वेतन के टाइम स्केल के चरण के घटाव के दिनांक से अपने ग्रेड अथवा पद पर पुनः स्थापना के दिनांक तक की अवधि का निर्णय करना अथवा नहीं करना को किसी प्रयोजन के लिए ड्यूटी पर बितायी गई अवधि के रूप में माना जाता है या नहीं, का निर्णय करना।

स्पष्टीकरण :-- इस नियम में, "कर्मचारी" शब्द में कोई व्यक्ति जो विश्वविद्यालय की सेवा बन्द कर दिया हो, शामिल है। "पेंशन" शब्द में अतिरिक्त पेंशन, ग्रेज्युटी अन्य सेवा निवृत्ति की अन्य सुविधाएँ शामिल हैं।

19. कोई कर्मचारी, व्यक्ति जिसकी विश्वविद्यालय सेवा समाप्त हो गई हो, को मिलाकर नियम 18 में उल्लिखित सभी अथवा किन्हीं आदेशों के खिलाफ इसके सम्बन्ध में सामान्य अथवा विशेष आदेश अथवा जहाँ ऐसे प्राधिकरण का विनिर्देश नहीं किया गया हो, इसके संबंध में उल्लिखित प्रकार के प्राधिकरण को अपील कर सकता है:

(अ) नियोक्ता प्राधिकरण को, जहाँ उसके अधीनस्थ किसी अधिकारी के द्वारा, आर्डर के खिलाफ अपील की गई हो;

(आ) कार्यकारिणी समिति को जहाँ किसी अन्य अधिकारी के द्वारा ऐसा आदेश दिया गया हो;

(इ) उपनियम (1) में उल्लिखित किसी बात से सम्बन्ध रखते हुए--

(i) नियम 13 के तहत रखी गई आम कार्यवाही में किसी आदेश के खिलाफ़ अपनी उस प्राधिकरण तक रहेगा जो प्राधिकरण उस कार्यवाही के प्रयोजनों के लिए अनुशासनिक अधिकारी के रूप में कार्य करता हो, जो उसके तुरन्त अधीनस्थ हो।

(ii) अगर वह व्यक्ति, जो आदेश के खिलाफ़ अपील माँगी हो, अपने गुण से परवर्ती नियुक्ति के कारण अथवा अन्यथा, ऐसे आदेश के संबन्ध में, ऐसे से आदेश के खिलाफ यदि अपील करता है, तो उसे उसके तुरंत अधीनस्थ अधिकारी के अंतर्गत माना जाएगा।

बशर्ते कि कार्यकारिणी समिति एक समिति की नियुक्ति करेगी जिसको नियम 6 (vii) एवं (ix) में संदर्भित पदच्युति अथवा पद से निकाल दिये जाने के भारी दण्ड के खिलाफ सभी अपीलें, अथवा कार्यकारिणी समिति के आदेशों के खिलाफ़ अन्तिम निर्णय के लिए पड़े रहेंगे।

अपील समिति का गठन तथा शर्तें तथा उसके कारोबार चलाने के लिए नियमों का निर्णय कार्यकारिणी समिति के उपर निर्भर करेगा।

(iii) विश्वविद्यालय और किसी कर्मचारी के बीच के करार के कारण उठने वाले किसी विवाद को, कर्मचारी की प्रार्थना पर, अधिनियम की धारा 31(2) में उल्लिखित प्रकार आर्बिट्रेशन ट्रिबुनल को निर्णय के लिए भेजा जाएगा।

20. जिस आदेश के खिलाफ अपील की जाती है, उसके आर्डर की प्रतिलिपि अपीलेन्ट को सौंपे जाने के दिन से 45 दिनों की अवधि के अन्दर अपील नहीं किये जाने पर, इस भाग के तहत की गई किसी अपील, पर विचार नहीं किया जायगा।

बशर्ते कि अपेलेट अथॉरिटी, उक्त अवधि की समाप्ति के बाद, समय पर अपील नहीं कर पाने के अपेलेन्ट के पास पर्याप्त कारण रहने की संतुष्टि होने पर, अपेलेट प्राधिकरण अपील पर विचार कर सकता है।

21. (1) अपील चाहनेवाला हर व्यक्ति इस प्रकार अलग तौर पर तथा अपने निजी नाम पर करेगा।

(2) प्राधिकरण, जिसके आदेश के खिलाफ़ अपील की जाती हो, को अपील करनेवाले के द्वारा अग्रेषित की जानेवाली प्रतिलिपि, जिसको अपील की कापी दी जाती हो, उस अधिकारी को अपील प्रस्तुत किया जाएगा, उसमें कोई अनादर पूर्ण अथवा अनुचित भाषा नहीं रहेगी और वह अपने में पूर्ण रहेगी।

(3) अधिकारी जिसके खिलाफ़ अपील की जाती हो, अपील की प्रतिलिपि प्राप्त होने पर, उस पर अपनी टिप्पण के साथ, संबंधित अभिलेखों के साथ, किसी प्रकार के परिहार्य विलंब के बिना तथा अपीलेट अथॉरिटी से किसी निदेश के लिए इन्तजार किये बिना, उसे अग्रेषित करेगा।

22. (1) निलंबन के आदेश के सन्दर्भ में, अपीलेट अथॉरिटी, नियम 5 के प्रावधानों के प्रकाश में तथा मामले की परिस्थितियों को मान्यता देते हुए निलंबन का आदेश न्याय संगत हो कि नहीं -- रहने पर विचार करेगी तथा आदेश को तदनुसार मान्य अथवा रद्द करेगी।

(2) नियम 6 में निर्देशित दण्ड लगाने वाले किसी आदेश के खिलाफ, अपील के सन्दर्भ में, उपर्युक्त नियम के तहत लगाये गये दण्ड को बढ़ाते हुए अपेलेट अथॉरिटी विचार करेगा कि--

(अ) इन नियमों में बतायी गई पद्धति का अनुपालन किया गया कि नहीं;

(आ) अनुशासनिक अधिकारी के निष्कर्ष के लिए रिकार्ड किये गये गवाही के द्वारा अपेक्षित है कि नहीं, और

(इ) लगाया गया दण्ड अथवा बढ़ाया गया दण्ड पर्याप्त है अथवा अपर्याप्त है, तथा आदेश पारित करेगा यथा--

(i) दण्ड को पक्का करना, बढाना, घटावा अथवा स्थगित करना; अथवा

(ii) उस प्राधिकरण को, जिसने दण्ड लगाया अथवा दण्ड को बढाया, अथवा किसी अन्य प्राधिकरण, मामले की परिस्थितियों में यथा उचित लगता हो, ऐसे निदेश के साथ मामले को भेजना

बशर्ते कि--

(i) इस प्रकार से अपेलेट अथॉरिटी के द्वारा प्रस्तावित किये जानेवाला दण्ड, यदि नियम 6 की (i) से (ix) तक की धाराओं में उल्लिखित दण्ड-प्रकारों में एक है तथा पहले ही नियम 9 के तहत जाँच चलाई गई हो तो, अपेलेट अथॉरिटी, नियम 14 के प्रावधानों के ही बशर्ते, ऐसी जाँच चलाएगी अथवा नियम 9 के प्रावधानों के अनुसार ऐसी जाँच चलाने का आदेश देगी तथा तदनन्तर ऐसी जाँच की कार्यवाही पर विचार के बाद तथा अपेलेन्ट को ऐसी जाँच के दौरान, पृथक कर दिये गये गवाही के आधार पर दण्ड के खिलाफ निवेदन करने के नियम 10 के उपनियम (4) के प्रावधानों के अनुसरण में रहने वाले उचित अवसर देने के बाद, ऐसे आदेश जारी करेंगे जैसा उसका उचित लगे।

(ii) अपील करनेवाले को यथा संभव, ऐसे बढ़ाये गये दण्ड के खिलाफ निवेदन करने के नियम 11 के प्रावधानों के अनुसार, उचित अवसर नहीं दिये जाने पर, किसी भी मामले में बढ़ाये गये दण्ड लगाते हुए कोई आदेश लगाया नहीं जा सकता।

(iii) नियम 18 में उल्लिखित किसी अन्य आदेश के खिलाफ अपील में, अपीलेट अथॉरिटी मामले की सारी परिस्थितियों पर विचार करेगी तथा उसके लिए जो भी न्याय संगत तथा निष्पक्ष लगे आदेश जारी करेगी।

23. प्राधिकरण, आदेशों, जिन के खिलाफ अपीलें की गई हैं, को जारी करनेवाला प्राधिकरण, अपीलेट अथॉरिटी के द्वारा पारित किये गये आदेशों को अमल में लाएगा।

भाग - VI - पुनरीक्षण

24. (1) इन नियमों में किसी बात से सम्बन्ध न रखते हुए:--

(i) कार्यकारिणी समिति: अथवा

(ii) अपीलेट अथॉरिटी: पुनरीक्षण के लिए प्रस्तावित आदेशों के दिनांक से छः महीनों के अन्दर, किसी भी समय, अपनी तरफ से अथवा अन्यथा, किसी जाँच के अभिलेखों की माँग कर सकती है तथा इन नियमों, जिन से अपील की अनुमति दी गई है परन्तु जिससे कोई अपील नहीं माँगी गई अथवा जिससे कोई अपील मान्य नहीं की गई है, का पुनरीक्षण कर सकती है।

(अ) पुष्ट करेगी, परिवर्तित करेगी अथवा स्थगित करेगी; अथवा

(आ) पुष्ट करना, घटाना, बढाना, अथवा आदेश के द्वारा लगाये गये दण्ड को स्थगितकरना अथवा जहाँ कोई दण्ड आरोपित नहीं किया गया हो तो, दण्ड का आरोपण करना; अथवा

(इ) उस अथॉरिटी को मामले की परिस्थितियों में उचित लगनेवाली आगे की जाँच करने का निर्देश देते हुए: अथवा

(ई) यथा उसको उचित लगे, ऐसे आदेश जारी करना:

बशर्ते कि संबंधित कर्मचारी को प्रस्तावित दण्ड के खिलाफ निवेदन करने के लिए उपयुक्त अवसर दिये बिना पुनरीक्षण अधिकारी के द्वारा दण्ड को लगाने वाला अथवा बढानेवाला कोई आदेश नहीं जारी किया जाएगा; तथा नियम 6 की धारा (v) से (ix) तक में विनिर्दिष्ट किसी प्रकार का दण्ड, जहाँ लगाया गया है, अथवा उन धाराओं में विनिर्दिष्ट किसी दण्ड के पुनरीक्षण माँगे गये आदेश के द्वारा दण्ड बढाया जाना; नियम 9 में उल्लिखित प्रकार में जाँच दिए बिना तथा संबंधित कर्मचारी को पर्याप्त अवसर देने के बाद, जाँच के दौरान अलग किये गवाही के आधार पर प्रस्तावित दण्ड के खिलाफ कारण बताने के बाद कोइ दण्ड नहीं लगाया जाएगा।

(2) पुनरीक्षण के लिए कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी:-

(i) किसी अपील के लिए परिमितता की अवधि की समाप्ति पर, अथवा

(ii) अपीलों का निपटान, जहाँ ऐसी अपील की माँग नहीं की हो,

(3) पुनरीक्षण के लिए निवेदन का, इस प्रकार से पुनरीक्षण किया जाएगा, जिस प्रकार इन नियमों के तहत की जानेवाली अपील पर पुनरीक्षण किया जाता है।

भाग - VII - फुटकर

25. हरेक आदेश, नोटिस अथवा इन नियमों के तहत जारी किये गये अन्य तरीकों को कर्मचारी को व्यक्तिगत रूप से जारी किया जाएगा अथवा पंजीकृत डाक के द्वारा उनको सूचित किया जाएगा तथा ऐसा संदेश विश्वविद्यालय के अभिलेखों में दर्ज किये गये पते पर भेजी गई हो, सही सेवा माना जाएगा।

26. इन नियमों में स्पष्ट रूप से उल्लिखित प्रकार अन्यथा बताये गये प्रकार से, इन नियमों के तहत आदेश जारी करने के लिए सक्षम अधिकारी. मांगे जाने पर तथा पर्याप्त कारणों के लिए अथवा पर्याप्त कारण बताये जाने के लिए इन नियमों में उल्लिखित समय को बढ़ा सकता है या किसी विलंब को माफ कर सकता है।

27. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम में प्रतिकूल बातें न रहने पर शर्तें, अध्यादेश, केन्द्रीय सिविल सेवाएँ (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1965 को कोई संशोधन, इन नियमों के संबंधित प्रावधानों को किये गये परिवर्तन अथवा कोई आदेश अथवा केन्द्रीय सरकार के द्वारा पहले ही जारी किये गये, जारी किये जानेवाले प्रशासनिक निर्देशों को केन्द्र सरकार के द्वारा अमल में लाये गये उन संशोधनों/आदेशों के दिनांक से इन नियमों के तहत आदेश तथा प्रशासनिक निर्देश माने जाएँगे।

28. इन नियमों के किन्हीं प्रावधानों की व्याख्या के संबंध में कोई सन्देह उठता हो, तो मामले को कार्यकारिणी समिति के सामने ले जाएँगे जो उसका निर्णय करेगी तथा उसका निर्णय अन्तिम होगा।

अध्याय 4

अध्यापकों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अन्य सभी कर्मचारियों के लिए

अवकाश निर्धारक अध्यादेश

भाग - I

प्रारंभिक चरण

1. ये नियम "इंडियन समुद्री विश्वविद्यालय (अवकाश) नियम" कहे जाएंगे। ये नियम 14 नवंबर 2008 से मान्य होंगे।

भाग - II

सामान्य शर्तें

2. (i) अवकाश का दावा, अधिकार के रूप में नहीं किया जा सकता।

(ii) अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी, सेवा की आवश्यकतानुसार किसी भी प्रकार के अवकाश को अस्वीकृत या रद्द कर सकता है।

किंतु कर्मचारी के लिखित प्रार्थना के बिना अधिकारी किसी देय और आवेदित अवकाश में किसी तरह का परिवर्तन नहीं कर सकता।

3. (i) विश्वविद्यालय की सेवाओं से पदमुक्त किए गए अथवा हटाए गए अथवा त्याग-पत्र देने पर, ऐसे कर्मचारियों के अवकाश जमा करने संबंधी दावे उस दिन से समाप्त माने जाएंगे जिस दिन से उन्हें पदमुक्त किया गया हो अथवा हटाया गया हो अथवा त्याग-पत्र स्वीकार किया गया हो।

यदि विश्वविद्यालय के अनुसार ऐसे अवकाश के लिए परिस्थितियाँ न्यायसंगत हो तो, वह किसी कर्मचारी को उसके त्याग-पत्र प्रस्तुत करने से पूर्व ऐसे सब संबंधी अवकाश प्रदान कर सकता है जो कि सेवा मुक्ति के प्रभावी होने के दिन के बाद तक हो।

4. (i) कर्मचारी की प्रार्थना पर, अधिकृत अधिकारी अवकाश प्रदान करते समय उसको देय एवं गाह्य पिछली विधि से लागूहोने वाले अवकाश को, किसी अन्य अवकाश में बदल सकता है। परंतु कर्मचारी इस तरह के बदलाव का दावा अपने अधिकार के रूप में नहीं कर सकता।

(ii) किसी एक प्रकार की छुट्टी का किसी अन्य प्रकार की छुट्टी में बदलाव, कर्मचारी को अंतिम रूप से प्रदान किए गए अवकाश के वेतन के अनुसार होगा अर्थात् यदि उसे अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया हो तो उसे वापस ले लिया जाएगा अथवा उसे बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा।

नोट: नियम 18 के प्रावधानों के अनुसार चिकित्सा-प्रमाण पत्र अथवा अन्य किसी आधार पर प्रदत्त, पिछली तिथि से लागू अवकाश "अदेय अवकाश' (leave not due) में बदला जा सकता है।

5. इन नियमों के अंतर्गत आने वाले किसी भी प्रकार के अवकाश को किसी अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ जोड़कर अथवा मिलाकर प्रदान किया जा सकता है। परंतु यह उन छुट्टियों पर लागू नहीं है जिनका विशेष संदर्भ यहाँ दिया गया हो अथवा इन नियमों में उल्लिखित नहीं है।

स्पष्टीकरण : आकस्मिक अवकाश जिन्हें इन नियमों के अंतर्गत अवकाश नहीं माना गया है को इन नियमों में उल्लिखित किसी अवकाश के साथ सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

6. किसी भी कर्मचारी को ऐसा कोई अवकाश नहीं प्रदान किया जाएगा जिसकी अवधि लगातार पाँच वर्षों से अधिक हो।

भाग - III

अवकाश प्रदान करना तथा अवकाश से लौटना

7. अवकाश देने अथवा अवकाश बढ़ाने संबंधी कोई भी आवेदन फार्म संख्या 1 द्वारा अवकाश प्रदान के सक्षम अधिकारी को किया जाना चाहिए। अवकाश-स्वीकृत करने वाले अधिकारी को संतोषजनक कारण देने पर आपत्कालीन विशेष परिस्थितियों के अतिरिक्त अवकाश का आवेदन, अवकाश लेने की तिथि से पूर्व किया जाना चाहिए।

8. प्रत्येक कर्मचारी के अवकाश संबंधी विवरण फार्म सं.2 में रखा जाएगा।

9. (i) चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर आधारित अवकाश का आवेदन, विश्वविद्यालय के अधिकृत स्वास्थ्य अधिकारी अथवा किसी रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्र को, फार्म सं. 3 में प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण-पत्र में बीमारी की प्रकृति एवं संभावित अवधि का यथासंभव स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

(ii) अवकाश स्वीकृत करनेवाला अधिकारी, स्वयं के निर्णय पर विश्वविद्यालय अथवा सरकार द्वारा नियुक्त स्वास्थ्य अधिकारी से द्वितीय मत का निवेदन कर आवेदनकर्ता की यथासंभव शीघ्र चिकित्सीय जाँच करना सकता है।

(iii) इस नियम के अंतर्गत प्रदत्त चिकित्सा-प्रमाण पत्र किसी कर्मचारी के अवकाश लेने के अधिकार की पुष्टि नहीं होगा;

यह प्रमाण-पत्र अवकाश-स्वीकृत करने में सक्षम अधिकारी को अग्रेषित किया गया जाएगा और उसके आदेश की प्रतीक्षा की जाएगी।

(iv) वे कर्मचारी जिन्हें चिकित्सा अधिकारी ने भावी सेवाओं हेतु पूर्णतः तथा स्थाई रूप से घोषित कर दिया हो वे --

(a) यदि ड्यूटी (सेवा) में हो तो वे कार्यमुक्त करने की तिथि सेवा के लिए अमान्य होंगे। चिकित्सा अधिकारी द्वारा रिपोर्ट मिलते ही बिना विलंब के यह व्यवस्था की जाएगी; यदि उन्हें अवकाश प्रदान किया गया हो तो अवकाश-समाप्त होने की तिथि से वे सेवाओं हेतु अमान्य करार दिए जाएंगे।

(b) यदि वे पहले से छुट्टी पर हों तो छुट्टी के समाप्त होने पर अथवा उनकी छुट्टी बढ़ायी गयी हो तो उसके बाद सेवाओं हेतु अमान्य माने जाएँगे।

10. (i) अवकाश स्वीकृत करने वाले अधिकारी द्वारा अनुमति प्रदान करने के अतिरिक्त कोई कर्मचारी अवकाश-अवधि समाप्त होने के पहले काम पर नहीं लौट सकता।

(ii) ऐसा कर्मचारी जिसने चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर अवकाश लिया हो, फार्म संख्या 4 में फिटनेस प्रमाण-पत्र समाप्त किए बिना काम पर नहीं लौट सकता।

11. सामान्यतः छुट्टी की शुरूआत, उस दिन से होगी जब से छुट्टी प्रदान की गई हो तथा छुट्टी की समाप्ति कर्मचारी द्वारा कार्य पर लौटने पर होगी।

12. (i) चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर आधारित अवकाश के अतिरिक्त किसी कर्मचारी द्वारा लिए जाने वाले अवकाश के पहले दिन/दिनों की छुट्टी हो अथवा उसके अवकाश समाप्त होने वाले दिन के अगले दिन/दिनों की छुट्टी हो तो ऐसी छुट्टी/छुट्टियों को अपने अवकाश साथ जोड़ने की कर्मचारी को अनुमति होगी।

(ii) चिकित्सा-प्रमाण पत्र पर प्राप्त अवकाश की स्थिति में --

(a) यदि किसी कर्मचारी को कार्यालय में उपस्थित होने हेतु चिकित्सकीय आधार पर अस्वस्थ प्रमाणित किया जाए तो, उस तिथि के अगलेदिन छुट्टी हो तो उसे टिकित्सा प्रमाण-पत्र पर आधारित अवकाश में सम्मिलित किया जाएगा।

(b) जब किसी कर्मचारी को कार्यभार संभालने हेतु फिट प्रमाणित किया हो तो, तथा प्रमाणित किए गए तिथि की अलगे दिन अवकाश हो तो वह स्वतः ही उसकी छुट्टी में जुड़ जाएगा, तथा यदि उसे प्रमाणित करने की तिथि छुट्टी हो तो उसे उसकी छुट्टियों का ही भाग माना जाएगा।

13. (i) सेवा से अनाधिकृत अनुपस्थिति इत्यादि, पूर्व स्वीकृति के बिना अनुपस्थिति को सामान्यतः सेवा में दरार माना जाएगा और इस प्रकार के अनुपस्थिति की अवधि के वेतन का कर्मचारी को अधिकार नहीं होगा;

यद्यपि विशेष परिस्थितियों में, सक्षम अधिकारी इस प्रकार की आधिकृत अनुपस्थिति को, कर्मचारियों को देय छुट्टियों के प्रकार एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष छुट्टी अथवा अन्य प्रकार की छुट्टी में बदल सकता है।

(ii) छुट्टी स्वीकृत करने वाले अधिकारी द्वारा छुट्टी बढ़ाए बिना यदि कोई कर्मचारी छुट्टी समाप्त होने के बाद भी अनुपस्थित रहता है तो वह अनुपस्थिति की इस अवधि हेतु अवेतन का अधिकारी होगा और उसके छुट्टी खाते में इस अवधि को अर्द्ध-वेतन अवकाश के रूप में रखा जाएगा।

(iii) जानबूझकर ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्यवाही के पात्र होंगे।

भाग - XV

देय एवं स्वीकृत अवकाशों के प्रकार

14. (i) प्रत्येक कर्मचारी के अवकाश-खाते में अर्जित अवकाश अग्रिम जमा होंगे, जो प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के जनवरी और जुलाई माह के प्रथम दिन से 15 दिनों के लिए,दो किस्तों में होंगे।

(ii) किसी कर्मचारी के अवकाश को, अर्द्ध वर्ष की समाप्ति पर अगले अर्द्ध वर्ष के अवकाश खाते में जमा किया जा सकता है। बशर्ते पिछले जमा अवकाश तथा अगले अर्द्ध वार्षिक अवकाश की संख्या अधिकतम 180 दिन हो। सीमा 300 दिन बढ़ायी गयी है।

(iii) किसी कर्मचारी को दी जा सकने वाली अर्जित अवकाश की संख्या अधिकतम 120 दिन होगी। यदि स्वीकृत किए गए पूरे अवकाश अथवा उसके एक भाग को भारत के बाहर बंगलादेश, भूटान, श्रीलंका, नेपाल और पाकिस्तान में बिताये जाने की स्थिति में अर्जित अवकाश की अवधि 120 दिन से बढ़ायी जा सकती है।

120 दिनों से अधिक का अर्जित अवकाश स्वीकृत होने पर यदि यह अवधि भारत में ही व्यतीत की जाए तो अर्जित अवकाश 120 दिनों से अधिक नहीं होगा।

15. (i) अर्जित अवकाश सेवा के प्रति कैलेण्डर मास में 2½ दिन के हिसाब से अवकाश-खाते में जमा होगा। यह अवकाश कर्मचारी के नियुक्ति के कैलेण्डर वर्ष में आधे वर्ष के लिए दिया जा सकता है।

(ii) ऐसे कर्मचारी जो सेवा निवृत्त हुए हों अथवा जिन्होंने पद त्याग दिया हो उनका अर्जित अवकाश 2½ प्रति कैलेण्डर माह के हिसाब से उस तिथि तक ही जमा होगा जिस तिथि को वे सेवा निवृत्त हुए हों अथवा पद त्याग किया हो।

(iii) जब किसी कर्मचारी को सेवा से बरखास्त कर दिया गया हो अथवा हटा दिया गया हो अथवा सेवा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हो तो ऐसे कर्मचारियों को 2½ दिन प्रति कैलेण्डर माह का अर्जित अवकाश उस माह के जिसमें उसे बरखास्त किया गया हो अथवा हटा दिया गया हो अथवा सेवा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हो से पूर्व पूर्ण किए गए कैलेण्डर माह तक ही देय होगा।

(iv) यदि किसी कर्मचारी ने विशेष अवकाश लिया हो और/या किसी अर्द्धवार्षिक अवधि में अवकाश-अवधि को डीस नॉन माना हो तब अगले अर्द्धवार्षिक अवधि के प्रारंभ में जमा होने वाली छुट्टियों में से 1/10 भाग या डीसनॉन की अवधि को, जो कि अधिकतम 15 दिन हो सकता है, कम कर दिया जाएगा।

(v) अर्जित अवकाश को जमा करते समय, किसी दिन के अंश को अगले दिन के साथ मिलाकर पूर्ण कर दिया जाएगा।

16. (i) प्रत्येक कर्मचारी के अवकाश-खाते में अर्द्ध-वेतनिक (Half Pay) अवकाश अग्रिम जमा होंगे, जो प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के जनवरी और जुलाई माह के प्रथम दिन से 10 दिनों के लिए, दो किश्तों में होंगे।

(ii) (a) यदि अर्द्ध-वेतनिक अवकाश सेवा के प्रति कैलेण्डर मास में 5/3 दिनों के हिसाब से अवकाश-खाते में जमा होगा। यह अवकाश कर्मचारी के नियुक्ति के कैलेण्डर वर्ष में आधे वर्ष के लिए दिया जा सकता है।

(b) ऐसे कर्मचारी जो सेवा निवृत्त हुए हों अथवा जिन्होंने त्याग-पत्र दिया हो, उनका अर्द्ध वेतनिक अवकाश 5/3 प्रति कैलेण्डर माह के हिसाब से उस तिथि तक ही जमा होगा जिस तिथि को वे सेवानिवृत्ति हुए हों अथवा पद-त्याग किया हो।

(c) जब किसी कर्मचारी को सेवा से बरखास्त कर दिया गया हो अथवा हटा दिया गया हो अथवा सेवा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हो तो ऐसे कर्मचारियों 5/3 दिन प्रति कैलेंडर माह का अर्द्ध वेतनिक अवकाश उस माह में जिसमें उसे बरखास्त किया गया हो अथवा हटा दिया गया हो अथवा सेवा के दौरान उसकी मृत्यु हो गई हो तक ही देय होगा।

(iii) इस नियम के अंतर्गत अवकाश, चिकित्सा प्रमाण-पत्र के साथ अथवा निजी कारणों हेतु दिया जा सकता है।

(iv) अस्थाई तौर पर नियुक्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अतिरिक्त किसी अन्य-कारणों से अर्द्ध वेतनिक अवकाश नहीं दिया जाएगा।

17. (i) विनिमित अवकाश, जो कि गई वेतनिक अवकाश से आधे से अधिक न हो को चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर निम्न शर्तों सहित प्रदान किया जा सकता है--

(a) अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी इस बात से पूर्णतः संतुष्ट हो कि अवकाश की समाप्ति पर कर्मचारी के काम पर लौटने की पूरी संभावना है।

(b) विनिमय अवकाश के बदले में, अवकाश-खाते में जमा, युगुना अर्द्ध वेतनिक अवकाश काटा जाएगा।

(ii) अर्द्ध वेतनिक अवकाश किसी कर्मचारी की सेवा अवधि में अधिकतम 180 दिन हो सकता है। (बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए) यह उस स्थिति में लागू होगा जब अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी इस बात से विश्वस्त हो कि अवकाश अध्ययन के लिए लिया जा रहा है तथा यह प्रमाणित हो कि यह विश्व विद्यालय के हित में है।

(iii) जब किस कर्मचारी को विनिमित अवकाश प्रदान किया गया हो तथा उसने काम पर लौटे बिना अवकाश के दौरान त्याग-पत्र दिया हो अथवा उसे स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति दी गई हो तो उसके विनिमित अवकाश को अर्द्ध वेतनिक अवकाश माना जाएगा। उसके विनिमित अवकाश तथा अर्द्ध वेतनिक अवकाश-वेतन के अंतर की राशि वसूल की जाएगी।

यदि कर्मचारी की सेवा निवृत्ति अथवा पद-मुक्ति, अस्वस्थता के कारण सेवा के अक्षम होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर उपर्युक्त अवकाश वेतन वसूला नहीं जाएगा।

18. (i) अदेय अवकाश स्थायी कर्मचारियों को अर्द्ध वेतनिक अवकाश के रूप में केवल चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रदान किया जाएगा और यह निम्न बातों पर निर्भर होगा--

(a) अदेय अवकाश तभी प्रदान किया जाएगा जब अवकाश स्वीकृत करने वाला अधिकारी इस बात से पूर्णतः संतुष्ट हो कि अवकाश की समाप्ति पर कर्मचारी के काम पर लौटने की पूरी संभावना है।

(b) अदेय अवकाश (Leave not due) किसी कर्मचारी की सेवा अवधि में अधिकतम 180 दिन हो सकता है।

(c) यह उस अर्द्ध वेतनिक अवकाशों की संख्या से अधिक नहीं होगा, जो कर्मचारियों द्वारा बाद में अर्जित किए जाने की संभावना है।

(d) यह कर्मचारियों के अवकाश-खाते में भविष्य में जमा होने वाले अर्द्ध वेतनिक अवकाश में से काटा जाएगा।

(ii) (a) जब किसी कर्मचारी को अदेय अवकाश प्रदान किया गया हो तथा उसने अवकाश के दौरान बिना काम पर लौटे त्याग पत्र दिया हो अथवा उसे स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति की अनुमति दी गई हो तो उसके अदेय अवकाश को तिरस्कृत कर दिया जाएगा। तथा पद-त्याग या स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति की तिथि वह दिन मानी जाएगी जब उसका अदेय अवकाश प्रारंभ हुआ और अवकाश-वेतन वसूल किया जाएगा।

(b) जब कोई कर्मचारी अदेय-अवकाश की समाप्ति पर काम पर लौटता हो किंतु उस-अवकाश के अर्जन से पहले त्याग पत्र देता है अथवा सेवा निवृत्त होता है तो उससे अनार्जित अवकाश वेतन वसूल किया जाएगा।

यदि कर्मचारी की सेवा निवृत्ति अथवा पद-मुक्ति, अस्वस्थता के कारण सेवा के अक्षम होने पर अथवा उसकी मृत्यु होने पर नियम (a) तथा नियम (b) के अंतर्गत अवकाश-वेतन भी वसूली नहीं की जाएगी।

19. (i) विशेष परिस्थितियों में कर्मचारियों के विशेष अवकाश प्रदान किया जा सकेगा:

(a) अन्य अवकाश देय नहीं होने पर।

(b) जब अन्य अवकाश देय हो परंतु कर्मचारी ने लिखित में विशेष अवकाश हेतु आवेदन किया हो।

(ii) उप-कुलपति के अनुमति के बिना किसी भी कर्मचारी को जो किसी स्थायी पद पर न हों तो विशेष नहीं प्रदान किया जाएगा परंतु उप-कुलपति की दृष्टि से यदि कोई विशेष परिस्थिति हो तो संपूर्ण सेवाओं के दौरान एक अवसर पर निम्न सीमाओं के अंतर्गत विशेष अवकाश दिया जा सकता है--

(a) तीन महिनों तक;

(b) छः महीने, (यदि कर्मचारी ने, देय अवकाश की समाप्त तथा इन नियमों के अंतर्गत स्वीकृत अवकाश जिनमें (नियम 2) का तीन महीने का विशेष अवकाश भी सम्मिलित है, एक वर्ष की लगातार सेवाएँ पूरी कर ली हों तथा उसने अवकाश इस तरह के अवकाश का आवेदन विश्व विद्यालय के अधिकृत स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रमाणित, चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर किया हो।)

(c) अठारह वर्ष (वे कर्मचारी जिन्होंने लगातार एक वर्ष की सेवाएँ पूरी कर ली हो तथा जो निम्न रोगों का उपचार करवा रहे हों)

1. मान्यता प्राप्त सेनोटोरियम में पलमोनरी तपेदिक या प्लूरिसी ऑफ ट्यूबरकुलर ऑरिजन का उपचार।

2. क्षय रोग विशेषज्ञ अथवा सिविल सर्जन अथवा स्टॉफ-सर्जन द्वारा किसी अन्य शारीरिक-अंग के क्षय रोग का उपचार;

अथवा

3. किसी मान्यता प्राप्त कुष्ठ रोग उपगर केंद्र या कुष्ट रोग विशेषज्ञ, सिविल सर्जन अथवा स्टॉफ सर्जन द्वारा कुष्ठ रोग का उपचार।

4. कैंसर या मानसिक रोगों का किसी मान्यता प्राप्त उपचार-केंद्र या सिविल सर्जन या स्टॉफ या ऐसे रोगों के विशेषज्ञ द्वारा उपचार।

(d) चौबीस महीने जब अवकाश अध्ययन को पूर्ण करने के लिए लिया जाए तथा यह प्रमाणित हो कि यह विश्वविद्यालय के हित में हो, यह अवकाश तभी प्रदान किया जा सकता है, जब कर्मचारी ने लगातार तीन वर्षों की सेवाएँ पूरी कर ली हो जिसके देय अवकाश, नियम (a) के अंतर्गत वर्णित तीन विशेष अवकाश भी सम्मिलित है।

(iii) उप-नियम (ii) के संदर्भ में दो विशेष अवकाश की अवधि के मध्य लिया जाने वाला अवकाश विशेष अवकाश में सम्मिलित होगा।

(iv) अधिकृत अधिकारी अनुपस्थिति की अवधि को विशेष अवकाश में बदल सकते हैं।

20. (i) इन नियमों के अंतर्गत देय सभी अवकाश, परिवीक्षा काल में रह रहे कर्मचारियों के लिए भी उसी प्रकार होगा जैसा अन्य कर्मचारियों को प्राप्त है।

(ii) प्रशिक्षार्थी को देय अवकाश

(a) चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर अवकाश एक वर्ष के प्रशिक्षा काल में अधिकतम एक महा के लिए देय होगा जिसके दौरान आधा-वेतन दिया जाएगा।

(b) नियम 19 के अंतर्गत विशेष अवकाश

21. यदि किसी कर्मचारी को सेवा निवृत्ति के पश्चात् पुनः रोजगार दिया जाए तो ये नियम उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार विश्वविद्यालय की सेवाओं में प्रथम-प्रवेश के समय लागू होते हैं। ये नियम पुनः रोजगार प्राप्ति की तिथि से लागू होंगी।

22. सक्षम अधिकारी द्वारा किसी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति से पूर्व अधिकतम 300 दिनों का अर्जित अवकाश प्रदान किया जा सकता है जिसमें अर्द्ध वेतनिक अवकाश भी सम्मिलित होंगे। ऐसे अवकाशों के लिए यह अनुबंध होगा कि अवकाश सेवा निवृत्ति की तिथि तक हो जिसमें सेवानिवृत्ति की तिथि भी सम्मिलित होगी।

नोट: - सेवानिवृत्ति से पूर्व प्रदान किये जाने वाले अवकाश में विशेष अवकाश सम्मिलित नहीं होंगे।

23. (i) किसी भी कर्मचारी को कोई भी अवकाश निम्न लिखित विषयों के पश्चात् देय नहीं होगा --

(a) सेवा निवृत्ति की तिथि अथवा

(b) उसके कार्यकाल की अंतिम तिथि अथवा

(c) सेवा से त्याग-पत्र देने की तिथि

(ii) (a) जब कोई कर्मचारी सेवा निवृत्ति की निर्धारित आयु पूरी कर ले पर सेवा निवृत्त होता है तब यदि उसके अवकाश खाते में अर्जित अवकाश के एवज में नकद अवकाश वेदन दिया जाएगा।

(b) नियम (अ) के अंतर्गत दी जाने वाली नकद राशि एक मुश्त होगी तथा एक ही बार दी जाएगी। इस राशि की गणना इस प्रकार होगी -

मकान किराया भत्ता या सी.सी.ए. देय नहीं होगा। सेवा निवृत्ति तिथि पर देय वेदन।

नकद राशि सेवा निवृत्ति विधि को उपयोग नहीं की गई अर्पित अवकाश की संख्या (अधिकतम 300 दिन)

(iii) जब किसी कर्मचारी की सेवाएँ पूर्व सूचना देकर अथवा तुरंत प्रभाव से समाप्त की जाएं तो ऐसी स्थिति में उस कर्मचारी को उसके अवकाश खाते में बचे हुए अर्जित अवकाश जो 300 दिनों से अधिक हों, के एवज में नकद अवकाश राशि प्रदान की जा सकती है।

(iv) यदि कोई कर्मचारी त्याग पत्र दे दे अथवा पद छोड़ दे तो सेवा समाप्ति की तिथि उसके अवकाश खाते बचे अर्जित अवकाश के एवज में आधे का अवकाश वेतन नकद दिया जा सकता है। यह शेष अर्जित अवकाश अधिकतम 150 दिन हो सकता है।

(v) सेवा निवृत्ति के पश्चात् जब किसी कर्मचारी को पुनः रोजगार दिया जाए। पुनः रोजगार की समाप्ति पर उसके अवकाश-खाते में बचे अर्जित अवकाश जो कि 300 दिनों से अधिक न हो का उसमें एवज में अवकाश-वेतन नकद दिया जा सकता है। इसमें सेवा निवृत्ति के समय उपयोग किए गए अर्जित अवकाश भी सम्मिलित है।

23. (a) (i) एल.टी.सी का उपयोग करते समय कर्मचारियों को दस दिन का अर्जित अवकाश के एवज में नकद राशि लेने की अनुभवि होगी। नियम 23 (ii) (b) के अंतर्गत दिए गए प्रावधान के अनुसार नकद राशि की गणना की जाएगी। इस हेतु कर्मचारी जितने अर्जित अवकाशों के बदले नकद राशि प्राप्त करते हैं न्यूनतम उतने ही दिनों का अर्जित अवकाशों का उपयोग करनात आवश्यक होगा। तथा इनके अवकाश खाते में न्यूनतम तीस दिन का अर्जित अवकाश, छुट्टी लेने के बाद उपलब्ध होगा। चाहिए। (कुल अर्जित अवकाश-उपयोग किए गए अवकाशों की संख्या-अवकाश के जिसके एवज में नकद राशि प्राप्त की गई हो - शेष अवकाश (न्यूनतम 30 दिन)।

(ii) समूचे सेवा काल के दौरान एल.टी.सी. प्राप्ति के लिए जिस अर्जित अवकाश के एवज में प्राप्त नकद राशि की जाती है वह छ दिन से अधिक नहीं हो सकती।

(iii) अर्जित अवकाश की अवधि जिसके बदले में नकद राशि प्राप्त की गई है, को कर्मचारी के अवकाश जिसके एवज में सेवा निवृत्ति के समय नकद राशि प्राप्त की जा सकती में से काटा जाएगा।

24. सेवा काल के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर उस अर्जित अवकाश के हेतु जो उसके मृत्यु-तिथि तक अवकाश-खाते में जमा है, का अवकाश वेतन अधिकतम 300 दिन, उसके परिवार को दिया जाएगा।

25. (i) कर्मचारी, जो अर्जित अवकाश प्राप्त करता है : उसका अवकाश-वेतन अवकाश लेने के तुरंत पहले प्राप्त किए जाने वाले वेदन राशि के सम होगा।

(ii) जो कर्मचारी अर्द्ध वेतनिक अवकाश या अदेय अवकाश पर हों वे उपनियम (1) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार आधा वेतन प्राप्त कर सकते हैं।

(iii) कर्मचारी जो विनिमत अवकाश में हैं वे उप विषय (1) के अंतर्गत उल्लिखित अवकाश-वेतन प्राप्त करने के पात्र होंगे।

(iv) कर्मचारी जो विशेष अवकाश पर किसी भी प्रकार का अवकाश-वेतन प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे।

भाग V

अवकाश खाते में जमा न होने वाले अवकाश

26. (i) आकस्मिक अवकाश कर्मचारी को अवकाश स्वीकृत करने वाले अधिकारी के निर्णय पर प्रदान किया जाता है जो कि एक कैलेण्डर वर्ष में अधिकतम 8 होगा।

(ii) आकस्मिक अवकाश का दावा अधिकार स्वरूप नहीं किया जा सकता। तथा इसे सेवा की आवश्यकताओं में ध्यान में रखते हुए प्रदान किया जाता है।

(iii) आकस्मिक अवकाश पर कर्मचारी को 'ऑन-ड्यूटी' माना जाता है।

(iv) वर्ष के मध्य सेवा में नियुक्त होने पर कर्मचारी को अनुपातिक आकस्मिक अवकाश प्राप्त करने के योग्य होगा।

(v) आकस्मिक कुल अवधि रविवार तथा अन्य अवकाशों को मिलाकर 8 दिन से अधिक नहीं हो सकती।

(vi) आकस्मिक अवकाश को किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़कर नही लिया जा सकता।

(vii) निर्धारित कैलेण्डर वर्ष में आकस्मिक अवकाशन लेने की स्थिति में वह समाप्त मानी जाएगी।

27. (i) किसी कर्मचारी "जूरर या असेसर" या न्यायालय के समक्ष दीवानी एवं फौजदारी मामलों के गवाह के रूप में उपस्थित होना पड़े, जिससे उसका व्यक्तिगत हित न हो, को इन कारणों हेतु आवश्यक अवधि की अनुपस्थिति को विशेष आकस्मिक अवकाश के रूप में प्रदान किया जा सकता है।

(ii) आकस्मिक अवकाश उस स्थिति में भी दिया जा सकता है।

अन्य संस्थाओं के पुस्ताकलयों में संदर्भ पुस्तकों के उपयोग हेतु जाने के लिए, विश्वविद्यालय के हित में शैक्षिक एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों में भाग लेने हेतु, अन्य शैक्षिक कार्य जिनमें विश्वविद्यालय/सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समितियों में कार्य करना सम्मिलित है।

(iii) इस प्रकार के विशेष आकस्मिक अवकाशों की संख्या एक वर्ष में 15 दिनों से अधिक नहीं हो सकती।

(iv) पुरुष कर्मचारी परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नसबंदी ऑपरेशन पहली बार करवाते हैं उन्हें अधिकतम छ कार्य-दिवसों का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकता है। विशेष आकस्मिक अवकाश की गणना बीच में पड़ने वाले रविवार तता अन्य अवकाश को छोड़कर भी जाएगी। प्रथम ऑपरेशन के असफलता होने पर यदि कोई कर्मचारी दोबारा ऑपरेशन करवाता है तो, अधिकृत चिकित्सक द्वारा यह प्रभावित करने पर कि दूसरा ऑपरेशन पहले ऑपरेशन की असफलता के कारण किया गया तो, ऐसे चिकित्सा प्रमाण-पत्र को प्रस्तुत करने पर अधिकतम छ दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश दोबारा दिया जा सकता है।

(v) (अ) महिला कर्मचारी जो नसबंधी ऑपरेशन-ट्यूअरपल अथवा नॉन ट्यूअरपरल, करवाए उन्हें अधिकतम 14 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकता है।

(आ) प्रथम ऑपरेशन के असफल होने की स्थिति में यदि महिला कर्मचारी दोबारा ऑपरेशन करवाती है तो अधिकृत चिकित्सक द्वारा यह प्रभागित करने पर कि दूसरा ऑपरेशन, पहले ऑपरेशन की असफलता के कारण किया गया तो ऐसे चिकित्सा प्रमाण-पत्र की प्रस्तुत करने पर अधिकतम 14 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश दोबारा दिया जा सकता है।

(इ) महिला कर्मचारी आइ.यूसी.डी.(Intra-Uterine Contraceptive devices) इनसरशन करवाती है तो उन्हें उस दिन विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

(ई) महिला कर्मचारी जिसने आइ.यू.सी.डी. इंनसरशन दोबारा करवाया हो तो उसे उस दिन विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

(उ) महिला कर्मचारी जिसने "सॉल्पेजेक्टनी" ऑपरेशन चिकित्सीय गर्भ पात के बाद करवायी हो तो उसे अधिकतम पांच का विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकता है।

(vi) (अ) पुरुष कर्म जिसकी पत्नी ने त्यूअरपरल अथवा नॉन प्यूअरपरल, ऑपरेशन परिवार कल्याण काथक्रम के अंतर्गत पहली बार अथवा पहली बार के असफल होने पर दूसरी बार करवाया हो, को 7 दिन का विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकता है। दूसरी बार ऑपरेशन करवाने की स्थिति में अधिकृत चिकित्सक द्वारा यह प्रमाणित करना होगा कि दूसरा ऑपरेशन, पहले ऑपरेशन की असफलता के कारण किया गया। ऐसे चिकित्सा प्रमाण का मैं इसका उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि कर्मचारी की उपस्थिति पत्नी की स्वभाव के लिए आवश्यक है।

(आ) पुरुष कर्मचारी जिसकी पत्नी का ट्यूबेक्टोमी अथवा सॉल्पेजेक्टनी ऑपरेशन चिकित्सीय गर्भपात (एम.टी.पी.) के बाद हुआ तो उसे 7 दिन का आकस्मिक अवकाश दिना जा सकता है। इसके लिए उसे चिकित्सीय प्रमाण-पत्र, जिसमें इस बाला का उल्लेख हो कि उसकी पत्नी एम.टी.पी. के बाद टयूबेम्पेमी/सॉल्पिजेक्टमी ऑपरेशन हुआ है। ऐसे चिकित्सा प्रमाण-पत्र में इसका उल्लेख करना आवश्यक नहीं है कि कर्मचारी की उपस्थिति पत्नी की देखभाल के लिए आवश्यक है।

(vii) विशेष आकस्मिक अवकाश ऑपरेशन के दिन के अगले दन से शुरु होना चाहिए और ऑपरेशन के दिन तथा आकस्मिक अवकाश प्रारंभ होने के मध्य अंतरल नहीं होना चाहिए।

(viii) यदि कोई कर्मचारी नसबंदी ऑपरेशन के उपरांत, ऑपरेशन के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के ग्रस्त हो, निर्धारित आकस्मिक अवकाशों की सीमा से अधिक अवकाश चाहें तो कुलपति के निर्णय से कर्मचारी की अस्पताल में चिकित्सा अवधि के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश की अनुमति, चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर दी जा सकती है। यह चिकित्सा प्रमाण-पत्र संबंधित अस्पताल के अधिकारी/अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऑपरेशन के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने की तिथि से जारी किया जाता आवश्यक है।

(ix) उपरोक्त प्रावधान उन नसबंदी केसों पर भी लागू होगा जिनमें लेरोंस्कोपिक विधि से ऑपरेशन किया गया हो।

(x) विशेष आकस्मिक अवकाश को आकस्मिक अवकाश या नियमित अवकाश के साथ जोड़कर लिया जा सकता है। यह नियमित और आकस्मिक अवकाश के साथ नहीं जोड़ा सकता।

विशेष आकस्मिक अवकाश को किसी अन्य प्रयोजन जो कि विश्व विद्यालय के हित में है, कुलपति द्वारा कार्यकारी परिषद के अनुमोदन से दिया जा सकता है।

28. (i) महिला कर्मचारियों को 135 दिन का प्रसूति अवकाश प्रदान किया जा सकता है। इस अवधि के दौरान उसे अवकाश-वेतन दिया जाएगा जो कि अवकाश में जाने से पूर्व उसे दिए जाने वाले वेतन के सम होगा।

(ii) गर्भपात की स्थिति में अधिकतम 6 सप्ताह का प्रसूति अवकारा दिया जा सकता है। अवकाश का आवेदन, अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त चिकित्सा प्रमाण-पत्र के साथ करना होगा।

(iii) (a) प्रसूति अवकाश किसी भी प्रकार के अवकाश के साथ जोड़कर लिया जा सकता है।

(b) कोई अवकाश (विनीमित अवकाश सहित) जो कि 60 दिनों से अधिक न हो, चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये बिना भी प्रसूति अवकाश से जोड़कर लगातार दिया जा सकता है।

(iv) महिला कर्मचारी को चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर नियम 3 B के अंतर्गत प्रस्तुत अवकाश के आगे भी अवकाश प्रदान किया जा सकता है। नवजात शिशु की अवस्थता की स्थिति में चिकित्सा प्रमाण पत्र में यह उल्लेख किया जाए कि अवस्वस्थ की देखभाल के लिए माँ की उपस्थिति अनिवार्य है तो इस प्रकार का अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

29. पैतृक अवकाश

(i) वे पुरुष कर्मचारी जिनके दो से कम संतान है को 15 दिन का अवकाश पत्नी के प्रसूती के समय दिया जा सकता है। इस अवधि के दौरान उसे अवकाश वेतन दिया जाएगा जो कि अवकाश में जाने से पूर्व उसे दिए जाने वाले वेतन के सम होगा।

(ii) पैतृक अवकाश को किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़ा जा सकता है तथा इसे अवकाश खाते से काटा नहीं जाएगा।

(iii) पैतृक अवकाश किसी भी परिस्थिती में साधारणतः अस्वीकृत नहीं किया जाएगा।

30. निम्नलिखित अधिकारी अवकाश स्वीकृत करने में समझ होंगे।

क्रम. सं.	अवकाश का प्रकार	अवकाश स्वीकृत करने वाले अधिकारी
1.	अर्जित अवकाश, अर्द्ध वेतनिक अवकाश तथा विशेष आकस्मिक अवकाश	अ. कुलसचिव (प्रशासनिक) बी, सीतथा डी श्रेणी के कर्मचारियों के लिए।
		आ. कुल सचिव, 'ए' श्रेणी के अधिकारियों के लिए (कुलसचिव वित्त-अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक, सुपरिन्टेंडिंग इंजिनियर/ पुस्तकालयाध्यक्ष
		इ. कुलपति, कुल सचिव/वित्त-अधिकारी) परीक्षा नियंत्रक/सूपरिन्टेंडिंग इंजिनियर/ पुस्तकालयाध्यक्ष)

अध्ययन अवकाश

31. 1. विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए, भारत में या विदेश में किसी भी कर्मचारी को अध्ययन हेतु अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है। इस अध्ययन का सीधा तथा निकट संबंध (उच्च शिक्षा अथवा व्यावसायिक अथवा तकनीकि विषयों में विशेष प्रशिक्षण) उनके कार्यक्षेत्र से होना।

2. अवकाश अध्ययन निम्न स्थितियों में भी दिया जा सकता है --

(i) ऐसा प्रशिक्षण अथवा अध्ययन-भ्रमण जो निश्चित रूप से यह प्रमाण दे कि वह विश्वविद्यालय के हित में है तथा कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से संबंधित है। ऐसे अध्ययन भ्रमण के दौरान कर्मचारी नियमित या आंशिक शैक्षिक प्रशिक्षण में उपस्थित न होने पर भी अवकाश दिया जा सकता है।

(ii) अध्ययन विषय का संबंध लोक प्रशासन की पृष्ठभूमि या ढाँचे से होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि --

(a) यह विशेष अध्ययन अथवा अध्ययन-भ्रमण कार्यकारी परिषद् द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए। तथा

(b) अध्ययन-भ्रमण दौरान किए गए कार्य का प्रतिवेदन (रिपोर्ट) कर्मचारी को अध्ययन-भ्रमण की समाप्ति पर देना होगा।

(iii) ऐसे अध्ययन जो कर्मचारी के कार्य क्षेत्र से निकट या सीधा संबंध न रखें, किंतु कर्मचारी बौद्धिक व्यापकता को बढ़ा कर उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि करे तथा लोक सेवाओं की अन्य शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों से समायोजन-क्षमता में समर्थ बनाए, केलिए अध्ययन अवकाश दिया जा सकता है।

3. अध्ययन अवकाश तभी दिया जा सकेगा जब --

(i) कुलपति द्वारा यह प्रमाणित किया जाए कि अध्ययन अथवा प्रशिक्षण विश्व विद्यालय को निश्चित रूप से लाभान्वित करेगा।

(ii) साहित्यिक अथवा शैक्षिक विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों के अध्ययन के लिए।

4. ऐसे विषयों का अध्ययन जिनके लिए भारत में पर्याप्त सुविधाएँ है के लिए, विदेश में अध्ययन हेतु अध्ययन अवकाश नहीं प्रदान किया जाएगा।

5. अध्ययन अवकाश उन कर्मचारियों को नहीं दिया जाएगा जो --

(i) विश्वविद्यालय की सेवा में जो पाँच वर्ष की अवधि से कम हो;

(ii) अध्ययन अवकाश से लौटने के पश्चात् तीन साल के अंदर सेवा निवृत्ति अपेक्षित हो अथवा जिनके पास सेवा निवृत्ति का विकल्प हो।

6. कर्मचारियों को अध्ययन अवकाश बार-बार प्रदान नहीं किया जाएगा जिससे उनका नियमित कार्यक्षेत्र से संबंध टूटता हो या उनकी बार-बार अनुपस्थिति के कारण पद सोपान की कठिनाई उत्पन्न हो।

32. किसी भी कर्मचारी की अध्ययन अवकाश के रूप में प्रदान की जाने वाली अधिकतम अवधि इस प्रकार होगी --

अ) एक बार में 12 माह, तथा

आ) उसकी संपूर्ण सेवा अवधि में कुल 24 माह (किसी अन्य नियम अंतर्गत प्रदान अध्ययन या प्रशिक्षण अवकाश सम्मिलित)

33. (i) (a) अध्ययन अवकाश हेतु प्रत्येक आवेदन उचित माध्यम द्वारा कार्य कारी परिषद को दिया जाना चाहिए।

(b) ऐसे आवेदन में पाठ्यक्रम की परिकल्पना तथा कर्मचारी द्वारा दी जाने वाली किसी भी परीक्षा का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।

(ii) कर्मचारी द्वारा अपने पाठ्यक्रम एवं अध्ययन का पूर्ण विवरण न दे पाने की स्थिति अथवा विदेश जाने के अपने पाठ्यक्रम में किसी भी प्रकार की परिवर्तन की सूचना यथाशीघ्र कुलपति को देनी होगी। कुलपति से अनुमोदन प्राप्त होने तक कर्मचारी न तो किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेंगे और न ही इस संबंध में किसी प्रकार का व्यय करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं तो वे स्वयं उसके लिए जिम्मेदार होंगे।

34. (i) (a) प्रत्येक कर्मचारी जिन्हें अध्ययन अवकाश प्रदान किया गया हो अथवा उसे बढ़ाने की अनुमति दी गई हो तो उन्हें निर्धारित प्रपत्र में, अध्ययन अवकाश या उसमें बढोत्तरी से पूर्व शपथ-पत्र भरना होगा।

(b) शपथ-पत्र समकक्ष अथवा उच्च पदाधिकारी द्वारा जमानती तौर पर हस्ताक्षरित होना चाहिए।

(ii) (a) पाठ्यक्रम की समाप्ति पर कर्मचारी को तत् संबंधी उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम के संचालक द्वारा जारी किया गया हो जिसमें पाठ्यक्रम के प्रारंभ एवं समाप्ति की तिथि एवं टिप्पणी स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो।

35. (i) कर्मचारी के अवकाश खाते में से अध्ययन-अवकाश काटा नहीं जाएगा।

(ii) अध्ययन-अवकाश को किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़ा जा सकता है। लेकिन किसी भी स्थिति में विशेष अवकाश के अतिरिक्त अन्य किसी अवकाश के साथ जोड़ने पर यह अवधि कर्मचारी के नियमित सेवाओं में 28 माह की अनुपस्थिति से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण : इस उप-नियम के अंतर्गत 28 माह की अनुपस्थिति सीमा में सर्वात अवकाश भी सम्मिलित है।

(iii) किसी कर्मचारी को अध्ययन अवकाश किसी अन्य अवकाश के साथ जोड़कर दिया गया है यदि वह चाहे तो, किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकता है इसके लिए अवश्यक होगा कि वह नियमों की शर्तों को संतोषजनक रूप से माने। उसे इस प्रकार के अध्ययन के लिए अध्ययन भत्ता दिया जा सकता है।

ऐसा करते समय अवकाश अवधि जो पाठ्यकर्म अवधि के सम है को, अवकाश अवधि नहीं माना जाएगा।

36. यदि पाठ्यक्रम की अवधि अध्ययन अवकाश की अवधि से कम हो तो कर्मचारी को पाठ्यक्रम की समाप्ति पर अपना कार्यभार संभालना होगा। यदि कर्मचारी को कुलपति से यह पूर्व स्वीकृति प्राप्त हो कि अध्ययन अवकाश तथा पाठ्यक्रम समाप्ति के मध्य अंतर को साधारण अवकाश के रूप माना जाएगा तो यह उस पर लागू नहीं होगा।

37. (i) विदेश में अध्ययन अवकाश के दौरान कर्मचारी को जो अवकाश वेतन दिया जाएगा वह उस कर्मचारी के अवकाश-पूर्व सेवा में प्राप्त किए गए वेतन-राशि के सम होगा। साथ ही महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अध्ययन भत्ता जो कि नियम 38 से 41 तक में उल्लिखित है, देय होगा।

(ii) (a) भारत में अध्ययन अवकाश के दौरान कर्मचारी को जो अवकाश वेतन दिया जाएगा वह उस कर्मचारी के अवकाश-पूर्व सेवा में प्राप्त किए गए वेतन-राशि के सम होगा। साथ ही महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अध्ययन भत्ता जो कि नियम 41 में उल्लिखित है, देय होगा।

(b) उप नियम (a) के अंतर्गत पूर्ण अवकाश वेतन का भुगतान तब ही किया जाएगा जब कर्मचारी यह प्रमाण दें कि उन्हें किसी भी प्रकार की छात्रवृत्ति, स्टाइपैंड अथवा पारिश्रमिक, किसी पार्ट टाइम रोजगार के एवज में नहीं मिल रहा है।

(c) यदि कर्मचारी ने अध्ययन अवकाश अवधि के दौरान छात्र-वृत्ति, स्टाइपैंड, अथवा पारिश्रमिक, किसी पार्ट टाइम रोजगार के एवज में प्राप्त किया है तो यह राशि उनके अवकास वेतन से काटी जाएगी किंतु उनका अवकाश-वेतन उन्हें दिएजानेवाले अर्द्ध वेतनिक अवकाश के दौरान दी जानेवाली वेतन राशि से कम नहीं होगी।

(d) भारत में अध्ययन के दौरान अध्ययन भत्ता देय नहीं होगा।

38. (i) अध्ययन भत्ता विदेश में अध्ययन-अवकाश के दौरान प्रदान किया जाएगा, जो कि मान्यता प्राप्त संस्था में अध्ययन हेतु दिया जाएगा या किसी विशेष कार्य के निरीक्षण के लिए किए गए भ्रमण के लिए दिया जाएगा। यह भत्ता पाठ्यक्रम के अंत में होने वाले परीक्षा काल के लिए देय होगा।

(ii) जब किसी कर्मचारी को यह अनुमति हो कि वे अध्ययन अवकाश वेतन के अतिरिक्त छात्रवृत्ति अथवा स्टाइपैंड किसी भी स्रोत से प्राप्त करें या कोई भी पारिश्रमिक किसी पार्टटाइम रोजगार के एवज में प्राप्त करें तो --

(a) जब ऐसे छात्रवृत्ति या स्टाइपैंड या पारिश्रमिक की कुल राशि अध्ययन भत्ते से अधिक हो तो अध्ययन-भत्ता देय नहीं होगा। कुलराइड की गणना इस प्रकार होगी-कर्मचारी को प्राप्त छात्रवृत्ति या स्टाइपैंड या पारिश्रमिक में से पाठ्यक्रम शुल्क को घटाकर किया जाएगा।

(b) यदि छात्रवृत्ति या स्टाइपैंड या पारिश्रमिक की कुल राशि अध्ययन अवकाश के दौरान देय वेतन से कम हो तो इस अंतराल का भुगतान अध्ययन भत्ते के रूप में कुलपति द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

(ii) यदि कर्मचारी अपनी सुविधा के लिए पाठ्यक्रम को बीच में छोड़ दे तो उसे उस अवधि का अध्ययन भत्ता नहीं दिया जाएगा।

अस्वस्थता के कारण पाठ्यक्रम को बीच में छोड़ने पर, अधिकतम 14 दिन की अवधि का अध्ययन भत्ता कुलपति द्वारा अधिकृत किया जा सकता है।

(iv) अध्ययन-भत्ता सत्रांत अवकाश में भी दिया जा सकता है परंतु इसके लिए आवश्यक होगा कि --

(a) कर्मचारी विशेष पाठ्यक्रम या प्रायोगिक प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के निर्देश पर भाग लें।

(b) विश्वविद्यालय का निर्देश न होने पर यदि कर्मचारी कुलपति को संतोषजनक प्रमाण दें कि उन्होंने सत्रांत अवकाश के दौरान पाठ्यक्रम जारी रखा।

यदि पाठ्यक्रम के अंत में सत्रांत अवकाश हो तो अधिकतम 14 दिन का अध्ययन भत्ता देय होगा।

(v) कुल मिलाकर अध्ययन भत्ते की अवधि 24 माह से अधिक नहीं होगी।

39. (i) अध्ययन भत्ते की दर इस प्रकार होगी --

देश का नाम	प्रति दिन का अध्ययन-भत्ता
आस्ट्रेलिया	1 डॉलर (सेटेलिंग)
यूरोप महाद्वीप	1.65 (स्टेर्लिंग)
न्यूजडीलैंड	1.25 (स्टेर्लिंग)
यूनाइटेड किंगडम	2.00 (स्टेर्लिंग)
संयुक्त राज्य अमेरिका	2.75 (स्टेर्लिंग)

(ii) उपनियम (1) दिए गए अध्ययन भत्तों की दरों को समय-समय पर संशोधित किया जाएगा जब केंद्र सरकार इन्हें संशोधित करेगी।

(iii) जब कोई कर्मचारी उपरोक्त देशों के अतिरिक्त किसी अन्य देश में अध्ययन अवकाश पर जाता है तब उसे दिया जाने वाले भत्ते का निर्धारण कार्यकारी परिषद करेगी।

40. (i) अध्ययन भत्ते का भुगतान इस शर्त पर होगा जब कर्मचारी यह प्रमाणित करे कि उसे किसी तरह का छात्रवृत्ति, स्टाइपैंड या किसी पार्ट टाइम रोजगार के एवज में पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है।

(ii) अध्ययन भत्ता प्रत्येक माह के अंत में दिया जाएगा तथा कर्मचारी से लिखित में लिया जाएगा कि वे विश्वविद्याल द्वारा किए गए अतिरिक्त भुगतान वापस लौटा देंगे। कर्मचारीको यह भी लिखित में देना होगा कि यदि वह उपस्थिति पंजिका प्रस्तुत करने में असमर्थ हों या कुलपति को इस बात का संतोष न हो कि उन्होंने अध्ययन-अवधि का समुचित उपयोग किया है तो वे अध्ययन भत्ते को लौटा देंगे।

(iii) (a) यदि कर्मचारी मान्यता प्राप्त संस्था में निश्चित पाठ्यक्रम का अध्ययन कर रहे हों तो कर्मचारी द्वारा समय-समय पर उपस्थिति प्रमाण-पत्र के साथ अध्ययन भत्ते का दावा करने पर कुलपति द्वारा भुगतान किया जाएगा।

(b) यदि कर्मचारी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन कर रहे हों तो उपस्थिति प्रमाण-पत्र सहित सत्र की समाप्ति पर अध्ययन-भत्ते का दावा कर सकते हैं। यदि वे अन्य संस्थाओं में अध्ययन कर रहे हों तो अधिकतम तीन माह के अंतराल पर उपस्थिति प्रमाण-पत्र सहित अध्ययन भत्ते का दावा कर सकते हैं।

(iv) (a) यदि कर्मचारी के अध्ययन में निश्चित पाठ्यक्रम नहीं हो तो वे कुलपति को उन्होंने जिस प्रकार समय व्यतीत किया हो उसका विवरण प्रस्तुत करेंगे तथा अध्ययन किए गए विधियों एवं क्रियाओं का प्रतिवेदन सौंपेंगे। जिसमें भारतीय परिस्थितियों में इस प्रकार की पद्धतियों एवं क्रियाओं को अपनाए जाने संबंधी सुझाव भी होंगे।

(b) कुलपति कर्मचारी के कार्य-विवरण तथा रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लेंगे कि उसने समय का सदुपयोग किया है तथा यह निर्धारित करेंगे कि उसे कितनी अवधि के लिए अध्ययन भत्ता देय होगा।

41. (i) अध्ययन अवकाश के प्रथम 120 दिन के लिए मकान किराया भत्ता उस स्थान के लिए देय होगा जहाँ से कर्मचारी अध्ययन अवकाश में गए। इस अवधि का मकान किराया भत्ता तभी दिया जाएगा जब कर्मचारी यह समय-समय पर यह प्रमाण दे कि उस मकान में रह रहे है तथा उस मकान को या इसके अंश को किसी ओर को नहीं दिया है।

(ii) मकान किराया भत्ता उप नियम (1) के अंतर्गत देय है, महंगाई भत्ता और अध्ययन भत्ते के अतिरिक्त अध्ययन अवकाश के दौरान कर्मचारी को कोई अन्य भत्ता देय नही होगा।

42. साधारणतः किसी कर्मचारी को अध्ययन अवकाश के दौरान यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा किंतु कार्यकारी परिषद् द्वारा विशेष परिस्थितियों में यात्रा-भत्ता की स्वीकृति दी जा सकती है।

43. कर्मचारी जिसे अध्ययन-अवकाश प्रदान किया गया है, को साधारणतः अध्ययन शुल्क देना होगा किंतु विशेष परिस्थितियों में कार्यकारी परिषद् अध्ययन-शुल्क स्वीकृत कर सकती है।

उन कर्मचारियों जो छात्रवृत्ति अथवा स्टॉइपैंड किसी भी स्रोत से पा रहे हों या जिन्हें वेतन के अतिरिक्त, पार्ट टाइम रोजगार के एवज में पारिश्रमिक लेने की अनुमति है, को अध्ययन-शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा।

44. (i) यदि कोई कर्मचारी अध्ययन अवकाश की अवधि के बाद काम पर लौटे बिना त्याग-पत्र देता है या सेवा निवृत्त होता है या अन्य किसी कारण से पद छोड़ता है अथवा काम पर लौटने के पश्चात् तीन साल तक पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाता और इन कारणों से नियम (40) के अंतर्गत आवश्यक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल हो तो उसे जिन मदों का भुगतान करना होगा वे इस प्रकार हैं --
अवकाश-वेतन की वास्तविक राशि, अध्ययन भत्ता, पाठ्यक्रम शुल्क, यात्रा एवं अन्य व्यय यदि कोई हो तो, जो विश्वविद्यालय ने उन्हें दिया। इन पर सरकारी ऋण पर लागू ब्याज-दर लागू होगा। यह ब्याज-दर इन मदों पर उस दिन से लागू होगा जिस दिन कर्मचारी का त्याग-पत्र मंजूर किया अथवा सेवा निवृत्ति की अनुमति लिये अथवा किसी अन्य कारण से वह अपना पद छोड़ दे।
यदि कर्मचारी अध्ययन अवकाश को अस्वस्थ होने के कारण सेवा निवृत्त होता है तो ये नियम उस पर लागू नहीं होंगे किंतु यदि कर्मचारी ने पाठ्यक्रम पूरा नहीं किया है तो यह छूट नहीं मिलेगी।

(ii) (a) ऐसे कर्मचारियों के अध्ययन अवकाश को नियमित अवकाश में विनिमित किया जाएगा तथा अवकाश-खाते में से वह अवकाश काटा जाएगा। इसके पश्चात् भी अध्ययन अवकाश शेष रहता है तो उसे विशेष अवकाश माना जाएगा।

(b) उपनियम (2) के अंतर्गत की राशि कर्मचारी द्वारा भुगतान की जाएगी के अतिरिक्त विनिमित अवकाश के आधार पर जो अतिरिक्त अवकाश वेतन कर्मचारी को मिला को भी कर्मचारी द्वारा भुगतान करना होगा।

(iii) यद्यपि उपरोक्त नियमों में भुगतान राशि के संबंध में प्रावधान है तथापि कार्यकारी परिषद यदि आवश्यक हुआ तो विश्वविद्यालय के हित में या विशेष परिस्थितियों को देखते हुए उप-नियम (1) के अंतर्गत कर्मचारी या कर्मचारी वर्ग द्वारा किए गए भुगतान राशि को कम कर सकती है अथवा पूरी राशि को माफ़ कर सकती है।

45. *भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम, अध्यादेश के विरुद्ध न होने पर केंद्रीय सिविल सेवा नियम 1972 में जो संशोधन माना जाएगा,* कोई आदेश या प्रशासनिक निर्देश जो केंद्र सरकार द्वारा पहले ही जारी हो चुके हों, आगे होंगे को भी धाराओं के अंतर्गत आदेश या प्रशासनिक निर्देश माना जाएगा और यह उस दिन से लागू होंगे जिस दिन केंद्र सरकार ऐसे संशोधन/आदेश को लागू करती है।

अध्याय 5

विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की यात्रा भत्ता को नियंत्रित करनेवाले अध्यादेश

उपोद्घात

1. (1) इन नियमों को "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय (यात्रा भत्ता) नियम" कहलाएंगे।

(2) इन नियमों को दि. 14 नवम्बर, 2008 से अमल में आने को माना जाता है।

2. ये नियम इस विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों को लागू होंगे।

3. ये नियम जब तक विषय अथवा संदर्भ के उनके प्रतिकूल कुछ भी नहीं रहेगा, तब तक :

(1) वेतन का मतलब है, कर्मचारी के विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन अथवा अन्य परिलब्धियां -- विशेषरूप से -- परिवर्तित वेतनमान की घोषणा अथवा परिवर्तित वेतन को अन्तिम रूप नहीं दिये जाने के कारण परिवर्तन के पूर्व के वेतनमान का धारण करने के लिए अथवा पूर्व-परिवर्तन वेतनमान पाने की इच्छा प्रकट करनेवाले कर्मचारी के सन्दर्भ में अपनी यात्रा के प्रारंभ में कर्मचारी के लिए स्वीकार्य वर्गीकृत वेतन को छोडकर 'वेतन' के अन्दर "पूर्व-परिवर्तित वेतनमान में वेतन उसपर अमल में रहनेवाले आदेशों के तहत लागू रहनेवाले दरों पर महंगाई वेतन, महंगाई भत्ता और अन्तरिम राहत" शामिल है।

(2) 'दिन' का मतलब है, कैलेण्डर दिन, अर्धरात्रि से शुरू होने वाला तथा रात को समाप्त होनेवाला।

(3) 'परिवार' का मतलब है कर्मचारी की पत्नी अथवा उसके पति, जैसा मामला हो, वैध सन्तान, सौतेली सन्तान, माता-पिता, सौतेली माँ, विधवा बहनें सहित बहनें तथा भाई; जो कर्मचारी के साथ रहते है और पूर्णरूप से उनपर निर्भर रहते हैं।

टिप्पणी:1 बच्चे (सन्तान) में शामिल हैं -- गोद लिये गये शिशु, बालिग पुत्र शादी शुदा पुत्रियाँ और विधवा पुत्रियाँ जो कर्मचारी के साथ रहते हैं और पूर्णरूप से कर्मचारी पर निर्भर रहते हैं।

टिप्पणी:2 परिवार के किसी भी सदस्य को, जिनकी आय सभी स्रोतों को मिलाकर मासिक रु.500/- से अधिक नहीं है, उस सदस्य को कर्मचारी का आश्रित जाना जाएगा।

(iii) "चिकित्सा उपस्थिति" से तात्पर्य है प्राधिकृत चिकित्सक का परामर्श-कक्ष या सरकारी अस्पताल या विश्वविद्यालय द्वारा मान्य दूसरा अस्पताल अथवा कर्मचारी का निवास, जिसमें परीक्षण के जैसे पैथोलेजिकल बैक्टीरीयोलोजीकल, रेडियोलोजिकल अथवा दूसरे प्रकार डायग्नोसिज़ के प्रयोजनों के लिए अस्पताल में यथा उपलब्ध हों अथवा परामर्श-कक्ष तथा प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा आवश्यक विचार किये जाते हों और यथा प्राधिकृत चिकित्सक ऐसी सीमा एवं तरीके में आवश्यक प्रमाणित करते हों विशेषज्ञ या दूसरे चिकित्सक के साथ ऐसा परामर्श तथा विशेषज्ञ या दूसरा चिकित्सक, प्राधिकृत चिकित्सक के परामर्श से सुदृढ़ निश्चय कर सकता है।

(iv) "एक विशेषज्ञ" से मतलब है सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सक अथवा निजी सेवारत चिकित्सक जिसने चिकित्सा-विज्ञान की अमुक शाखा में विशिष्ट प्रवीणता प्राप्त की है।

(v) "चिकित्सा" से तात्पर्य है, विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल जहाँ पर समस्त चिकित्सा एवं सर्जीकल सुविधाएँ उपलब्ध हों या कोई दूसरा अस्पताल जिसमें कर्मचारी की चिकित्सा होती है और इसमें शामिल हैं:

(क) प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा यथावश्यक समझे जानेवाले जैसे पैथोलोजीकल, बैक्टीरीयोलाजीकल, रेडियोलोजीकल या दूसरी प्रविधियों के प्रयोग।

(ख) अस्पताल में यथा प्राय: उपलब्ध जैसी दवाएँ, वैक्सीनें, सीरा या दूसरे थेरापीटीक पदार्थों की आपूर्तियाँ।

(ग) ऐसी औषधियाँ, वैक्सीनें, सीमा या दूसरे थेरापेटिक पदार्थों की पूर्तियाँ जोकि सामान्यतया उपलब्ध नहीं होतीं, फिर भी प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप से रोगी के चंगे होने के लिए अथवा रोगी कर्मचारी की गम्भीर गिरती स्थिति को देखते हुए प्रमाणित करने पर, निम्नांकित मदों को छोड़कर :—

1. तैयारियाँ जो कि दवाएँ नहीं होतीं किंतु प्रथमत: खाद्य, टोनिकें, टॉयलट-तैयारियाँ अथवा क्रिमिनाशिनियाँ; तथा

2. अधिक खर्चीली दवाएँ, टोनिकें, लेक्सेटिवें या दूसरी भव्य तैयारियाँ जिनके लिए समान थीरापीटिक मूल्य की दवाएँ उपलब्ध हैं।

टिप्पणी: *मार्किट से दवाएँ खरीदते समय कर्मचारी द्वारा प्रदत्त बिक्री कर प्रतिपूर्तनीय है। बाहरी स्टेशन से विशिष्ट दवाओं की खरीदी पर होनेवाले पैकिंग* एवं डाकीय प्रभारों के लिए कर्मचारी द्वारा भुगतित पैसे अप्रतिपूर्तनीय है।

(घ) ऐसा आवास जोकि प्राय: अस्पताल में व्यवस्थित है और उसके ओहदे के लिए उपयुक्त है औरऐसी सेवा जो कि हस्पताल में अंदर के रोगियों को दी जाती है।

3. (1) विश्वविद्यालय का कर्मचारी प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित किये जाने पर चिकित्सा सुविधाएँ मुफ्त रूप से विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त अस्पताल में या सरकारी अस्पताल में या अपने घर पर जब प्राधिकृत चिकित्सक की राय में ऐसा कर्मचारी अस्पताल नहीं जा पाता हो, प्राप्त कर सकेंगे।

(2) जहाँ पर कर्मचारी हकदार हो, तो मुफ्त या प्रभार, चिकित्सा प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप में जारी प्रमाण-पत्र की प्रस्तुती पर ऐसी चिकित्सा के लिए उसके द्वारा भुगतित किसी भी राशि की विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिपूर्ति करा दी जाएगी।

उपबंधित है कि वित्त अधिकारी प्रत्येक मामले में तथ्यों और परिस्थितियों की सत्यता में स्वयं सन्तुष्ट नहीं पर किसी भी दावे को तिरस्कृत कर सकता है। ऐसा करते समय, वे संक्षेप में, दावे को तिरस्कृत कर देने के कारणों को दावेदार के पास सूचित करा देंगे और दावेदार दावे के तिरस्कृत होने के आदेश की प्राप्ति-तिथि के पैंतालीस दिनों के भीतर उपकुलपति को अपनी अपील प्रस्तुत कर सकता है।

(3) अगर प्राधिकृत चिकित्सक ऐसा विचार करे कि किसी दूसरे चिकित्सक या विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सा प्राप्त करने तक रोगी की स्थिति गम्भीर है, तो कुलपति की अनुमति सहित, ऐसी चिकित्सा हेतु स्टेशन में यथा उपलब्ध ऐसे दूसरे चिकित्सक या विशेषज्ञ के पास उसे भिजवा सकता है। यदि स्टेशन पर विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त और कोई चिकित्सक या विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हो अथवा कर्मचारी द्वारा अपेक्षित विशिष्ट प्रकार की सहायता या सलाह देने में चिकित्सक सक्षम नहीं हो, या विशिष्ट चिकित्सा हेतु सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो, तो दूसरे स्टेशन पर उपलब्ध विशेषज्ञ के पास रोगी को ले जाने या विशेषज्ञ को रोगी के पास ले आने केलिए कुलपति की अनुमति के लिए प्राधिकृत चिकित्सक आवेदित कर सकता है। विशेषज्ञों (मुख्यालय के अन्दर या बाहर) के शुल्कों एवं यात्रा-भत्ता और उसके द्वारा निर्धारित और कर्मचारी द्वारा खरीदी दवाओं की लागत की प्रतिपूर्ती उसे प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा की जाएगी। आपत्कालीन स्थितियों में जब कुलपति मुख्यालय से बाहर हैं तब रोगी की स्वास्थ्य-स्थिति बहुत गम्भीर हो जाने की सम्भावना है चिकित्सक कुलपति की मंजूरी की प्रत्याशा में बाहरी स्टेशन से विशेषज्ञ या चिकित्सक को बुला सकता है और तत्काल अनुमोदनार्थ उनके पास ऐसे मामलों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है।

4. (i) विश्वविद्यालय का कर्मचारी मुफ्त चिकित्सा के लिए हकदार होगा/होगी।

(क) विश्वविद्यालय द्वारा मान्य अस्पताल या दूसरा सरकारी अस्पताल या उसके अस्वस्थ हो जाने की जगह के पास, उसकी अपनी राय में जिसे उचित समझे, आवश्यक और उचित चिकित्सा प्राधिकृत चिकित्सक दे सकता है। अथवा

(ख) यथा उप-धारा (क) में यथा संदर्भित यदि ऐसा कोई अस्पताल नहीं हो, तो पास के अस्पताल में प्राधिकृत चिकित्सक चिकित्सा दे सकता है।

(ii) अस्पताल में चिकित्सा प्राप्त कर लेने पर प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा लिखित रूप में जारी प्रमाण-पत्र को प्रस्तुत करने पर अपनी पात्रता के अनुसार ऐसी चिकित्सा प्राप्त करने केलिए जो भी राशि उसने अदा की हो उसकी प्रतिपूर्ति विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी।

टिप्पणी-1 "वेनीरील रोगों" और "डीलीरियम बीमारियों" की चिकित्सा पर कर्मचारी या उसके परिवार के सदस्यों द्वारा किये व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

टिप्पणी-2 "स्टेरिलिटि" की चिकित्सा पर किये व्यय की प्रतिपूर्ति होगी।

टिप्पणी-3 प्रसूति-भंग की चिकित्सा पर किये व्यय की प्रतिपूर्ति इस शर्त पर की जाएगी कि मेडिकल टर्मिनेशन आफ़ प्रेग्नेंसि अधिनियम 1971 के अधीन अनुमोदित सरकारी अथवा दूसरी संस्थाओं/अस्पतालों में प्रसूति-भंग निष्पादित किया गया हो।

उपबंधित है कि वित्त अधिकारी प्रत्येक मामले के तथ्यों एवं प्रस्थितियों की सत्यता पर स्वयं संतुष्ट नहीं होने पर किसी भी दावे को तिरस्कृत कर सकता है। ऐसा करते समय वह दावे को तिरस्कृत करने के कारणों को, संक्षेप में, दावेदार को सूचित करा देगा और दावेदार दावे के तिरस्कृत होने के आदेश की प्राप्ति-तिथि से पैंतालीस दिनों के अंदर कुलपति के पास अपनी अपील प्रस्तुत कर सकेगा।

5. (1) अगर प्राधिकृत चिकित्सक विचार करे कि बीमारी की गम्भीरता की वजह से, कर्मचारी अस्पताल तक नहीं पहुँच पाता है, तो वह अपने घर पर चिकित्सा पा सकता है।

(2) अपने घर पर चिकित्सा प्राप्त करनेवाला कर्मचारी विश्वविद्यालय द्वारा मान्य अस्पताल या किसी अन्य सरकारी अस्पताल में ऐसी चिकित्सा के लिए प्राप्त किये जानेवाले चिकित्सा-शुल्क की राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए हकदार होगा/होगी।

(3) उप-धारा (2) के तहत ग्राह्य राशियों के लिए दावे लिखित रूप में प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण-पत्र के साथ होंगे और उस प्रमाण-पत्र में रोगी के घर में चिकित्सा होने के कारण और अस्पताल में सप्रान चिकित्सा की लागत का जिक्र होना चाहिए।

6. विशिष्ट मामलों में, कुलपति विश्वविद्यालय के कर्मचारी या उसके परिवार की चिकित्सा विशिष्ट अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम में होने की मंजूरी दे सकते हैं। ऐसे मामले में, इन नियमों के अधीन निर्धारित व्ययों के ऊपर की राशि की प्रतिपूर्ति की सीमा कुलपति द्वारा निश्चित की जाएगी।

7. इन नियमों में निर्दिष्ट ऐसे अपवादों और अवरोधों को छोड़कर स्वयं कर्मचारियों के लिए निर्धारित मान एवं शर्तों पर चिकित्सा उपस्थिति और/अथवा चिकित्सा हेतु विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के परिवार पात्र हैं।

परिवार की परिभाषा:

"परिवार" से तात्पर्य है पत्नी या पति जो भी हो, माता-पिता, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के ऊपर पूर्णरूपेण अवलम्बित बच्चे और स्टेप-बच्चे।

स्पष्टीकरण:

(क) "परिवार" शब्द भाई, बहन, विधवा बहन आदि जैसे किसी दूसरे अवलम्बित रिश्तों को शामिल नहीं करता। "माता-पिता" शब्द स्टेप माता-पिता को शामिल नहीं करेगा। "बच्चे" शब्द वैध रूप से गोद लिये बच्चों को शामिल करेगा।

(ख) कर्मचारी का पति या पत्नी, जो भी हो, सरकार या किसी दूसरे निगम, केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा आंशिक या पूर्णतः वित्तीय सहायता प्राप्त निकाय, स्थानीय निकाय और निजी संगठन जो चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करते हों जिनमें वह नियुक्त हो।

(ग) प्रस्तुत प्रयोजन के लिए, प्रत्येक कर्मचारी को नियुक्त होने के तुरंत बाद या इन नियमों के प्रारम्भ होते समय यह घोषणा कर देना चाहिए कि उसकी पत्नी/पति नियुक्त है कि नहीं। यदि नियुक्त हो तो एक संयुक्त घोषणा प्रस्तुत की जानी चाहिए कि कौन अपनी पत्नी/अपने पति और बच्चों की चिकित्सा उपस्थिति और चिकित्सा की प्रतिपूर्ति के लिए दावा करेगा/करेगी। उक्त घोषणा को दो प्रतियों में प्रस्तुत करना चाहिए। यह तब तक लागू रहेगा जब वे दोनों पति-पत्नी लिखित रूप से अनुरोध करके पुनरीक्षित करते हों।

(घ) ऐसे माता-पिता को जो साधारणतया संबंधित कर्मचारी के साथ रहते हैं और उनकी मासिक आय रु. 500/- से अधिक नहीं है उन्हें कर्मचारी के ऊपर निर्भर के रूप में समझ लेना चाहिए।

8. (क) चिकित्सा उपस्थित के प्रयोजन के लिए, एक एकली एवं लगातार अवधि की बीमारी के संबंध में चिकित्सा की प्रारम्भ-तिथि से दस दिनों की अवधि के भीतर समाप्त एक दिन एक परामर्श की दर पर चार परामर्शों तक अनुमत।

(ख) चिकित्सा उपस्थिति के संबंध में एक ताजे दावे को न्याय करने के लिए एक बीमारी से अस्वस्थता की पहली बारी की समाप्ति और दूसरी बार के लिए उसी बीमारी की पुनरावृत्ति के बीच एक न्यायोचित फ़ासला होना चाहिए।

(ग) परामर्शों/आवागमनों आदि की संख्या पर निर्धारित सीलिंगों की जाँच करने और दावों की सत्यता के बारे में संतुष्ट होने के लिए, यदि आवश्यक समझा गया तो दावेदारों द्वारा कर्मचारियों से मूल नुस्खों को प्रस्तुत कराने की अपेक्षा की जा सकती है।

(घ) ऐसे मामलों में जो कि निश्चित रूप से लम्बी अवधि के लिए नहीं हैं चिकित्सा (इंजेक्शनों के प्रयोग के लिए सीमित) निर्धारित, जब चिकित्सा उपस्थिति प्राप्त की जाती हो, दस दिवसों से अधिक नहीं की अवधि में प्राधिकृत चिकित्सक के परामर्श-कक्ष में या रोगी के गृह में, ली जा सकती है। ऐसे मामलों में, प्रायः दस दिनों में दस इंजेक्शन पर्याप्त हैं। ये सीमाएँ थोड़ी बढ़ सकती हैं (पाँच से ज्यादा नहीं) अर्थात् रोगी के चंगे होने की स्थितियों पर निर्भर करते हुए प्राधिकृत चिकित्सक की राय में जो भी उचित हो 10 से 15 दिनों की अवधि में 15 इंजेक्शन; निर्धारित दर पर इंजेक्शनों के प्रभारों का भुगतान किया जाएगा।

(ङ) (i) उसी रोगी के संबंध में पहले के बाद के प्रत्येक परामर्श को 'परवर्ती परामर्श' समझना चाहिए और उसी डाक्टर की चिकित्सा के अधीन रोगी के लगातार रहने की शर्त पर दो परामर्शों के बीच के अंतराल के होते हुए भी निर्धारित निम्नतर दरों पर प्रभारित होना चाहिए।

(ii) एक अमुक अस्वस्थता से चंगे होने के बाद जब रोगी एक नये रोग से ग्रस्त हो जाता है और उसी डाक्टर से परामर्श करता है तो उस परामर्श को एक "ताजा परामर्श" समझना चाहिए और सम्पूर्ण दरों पर प्रभारित किया जा सकता है तथा

(iii) एक बीमारी की चिकित्सा अवधि के दौरान दूसरी बीमारी का शिकार हो जाने पर जब रोगी उसी डाक्टर से परामर्श करता हो, तो उस परामर्श को "ताजा परामर्श" के रूप में समझना चाहिए और सम्पूर्ण दरों पर प्रभारित किया जाना चाहिए।

टिप्पणी: अगर परामर्श के समय चिकित्सक इंजेक्शनों का भी प्रयोग करता हो, तो वह निर्धारित दरों पर परामर्श और इंजेक्शन दोनों के लिए शुल्क पाने के लिए हकदार होगा। फिरभी यदि बाद में चिकित्सक इंजेक्शनों की सलाह देता है, तो केवल इंजेक्शनों के लिए शुल्क प्रभारित कर सकता है।

(च) (i) जहाँ पर संबंधित कर्मचारियों का वेतन निम्नांकित से ज्यादा नहीं --

I) क्षयरोग और दिमाग-रोग को छोड़कर बाकी रोगों से कष्ट उठानेवाले रोगियों के मामले में रु.400/- प्रति मास (पूर्व पुनरीक्षित) तथा

II) रु.640/- प्रति मास (पूर्व पुनरीक्षित) क्षयरोग और दिमाग रोगों से पीडित रोगियों के मामले में।

उनके अपने आंतरिक चिकित्सा-अवधि के दौरान विश्व विद्यालय के कर्मचारियों और उनके परिवारों के सदस्यों द्वारा अस्पतालों और क्षयरोग सैनटोरियम आदि को भुगतित आहार-प्रभार।

(ii) विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपने लिए और अपने परिवार के सदस्यों केलिए अस्पतालों में व्यय किये चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति के मामले में शुल्क जिसमें से आहार प्रभार को शामिल करते हुए फ़्लैट दर को इंगित करता है, आहार प्रभारों को निम्नप्रकार से विनियमित किया जाना चाहिए।

(क) जहाँ अस्पताल द्वारा किये फ़्लैट प्रभार शामिल करता है (1) आहार, (2) आवास, (3) सामान्य नर्सिंग, (4) चिकित्सा और सर्जीकल सेवाएँ फ़्लैट प्रभारों का 20% आहार प्रभारों के रूप में लिया जाएगा; और

(ख) जहाँ अस्पताल द्वारा लिया फ़्लैट प्रभार शामिल करता है (1) आहार, (2) आवास, (3) सिर्फ़ सामान्य नर्सिंग, पर (4) नहीं अर्थात् चिकित्सा एवं सर्जीकल सेवाओं के लिए प्रभार, फ़्लैट प्रभार का 50% आहार प्रभारों के रूप में लिया जाएगा।

9. दवाओं की खरीदी केलिए नक़द मेमो पर दवाओं की सलाह देनेवाले डाक्टर द्वारा प्रतिहस्ताक्षर किये जाने चाहिए और आवाश्यकता प्रमाण-पत्र में सलाही सारी दवाओं के नाम और प्रत्येक दवा की खरीदी पर की राशी होनी चाहिऐं।

10. बीमारी की एक अमुक बारी के संबंध में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और उनके परिवा के सदस्यों के चिकित्सा प्राधिकृत चिकित्सक द्वारा आवश्यकता प्रमाण-पत्र में यथा दर्शित चिकित्सा की समाप्ति की तिथि से तीन महीनों के भीतर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

11. परामर्श/आगमन की वर्तमान दरें निम्न प्रकार से हैं :

चिकित्सा उपस्थिति/विशेष ज्ञ के लिए शुल्क

		आगमन हेतु शुल्क	
		प्रथम परामर्श हेतु	बाद के परामर्श हेतु
क)	सिविल सर्जन/वरिष्ठ विशेषज्ञ	16.00	6.00
ख)	कनिष्ठ विशेषज्ञ	5.00	2.00
ग)	सहायक सर्जन	2.00	1.50

		विशेषज्ञ को शुल्क	
		प्रथम परामर्श हेतु	बाद के परामर्श हेतु
क)	सिविल सर्जन/वरिष्ठ विशेषज्ञ	16.00	10.00
ख)	कनिष्ठ विशेषज्ञ	5.00	3.00
ग)	सहायक सर्जन	3.00	2.00

			इंजेक्शनों के लिए शुल्क

	इंजेक्शन	सिविल सर्जनों हेतु (प्रति इंजेक्शन)	सहायक सर्जनों हेतु (प्रति इंजेक्शन)	उप-सहायक सर्जनों हेतु (प्रति इंजेक्शन)
क)	इंट्रावीनस	5	3	2
ख)	इंट्रामस्कुलर	3	3	2
ग)	सबकुटेनियस	2	2	2

12. चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति का दावा करनेवाले विश्व विद्यालय के व्यक्तिगत कर्मचारियों के संबंध में निम्नांकित रूप में वेतन बिल अनुभाग को एक पंजी का संरक्षण करना चाहिए और चिकित्सा उपस्थिति/चिकित्सा संबंधी दावों को उसमें प्रविष्ट करना चाहिए और अनुबागाधिकारी द्वारा साक्ष्यांकित किया जाना चाहिए।

क्रम सं.	रोगी का नाम	कर्मचारी का रिश्ता	रोग का नाम	डाक्टर का नाम	परामर्श शुल्क	इंजेक्शन शुल्क
1	2	3	4	5	6	7

कुल	दावे की अवधि	चिकित्सा दूकान का नाम	खरीदी दवा की लागत	प्रयोगशाला के प्रभार	भुगतान हेतु पारित राशि	प्रणामी योग	अभ्युक्तियाँ
8	9	10	11	12	13	14	15

13. भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय अधिनियम, संविधियों अध्यादेशों में किसी परिवर्तन के होने तक केंद्रीय सिविल सेवाएँ (चिकित्सा उपस्थिति) नियमावली, 1944 के किन्हीं संसोधनों को इन नियमों के संगत प्रावधानों के संशोधन समझे जाएँगे अथवा केंद्र सरकार द्वारा पूर्व जारी/जारी किये जानेवाले किन्हीं दूसरे प्रशासनिक अनुदेश केंद्र सरकार द्वारा ऐसे संशोधनों/आदेशों को लागू की जानेवाली तिथि से इन नियमों के अधीन आदेश या प्रशासनिक अनुदेश समझे जाएँगे।

अध्याय - 8

लैंगिक उपद्रव से बचाने और अवसर की समानता के संरक्षण हेतु आचार-संहिता एवं अनुशासन को आच्छादित करनेवाले अध्यादेश

भाग I

प्रस्तावना

लैंगिक उपद्रव एक गम्भीर अपराध है जो मानवी प्रतिष्ठा एवं स्वतन्त्रता को विनष्ट कर सकता है। छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ़ के क्षेम को विकसित करने के प्रयास में, लैंगिक उपद्रव के दावों को निपटाने के लिए प्रस्तुत आचार-संहिता बनायी जाती है जिसमें छात्र-छात्राएँ और कर्मचारी वृन्द या तो आरोपित शिकार होते हैं या आरोपित कसूरदार, लैंगिक उपद्रव के सभी मामलों में, ऐसी समस्याओं की अति तीव्र निजी आघात से विश्वविद्यालय को पता होगा, लैंगिक उपदर्व के मामलों में आरोपित शिकारों एवं आरोपित कसूरदारों संबंधी मामलों में विश्वविद्यालय गोपनीयता कायम रखेगा। किसी स्थानीय अथवा राज्य अधिकरण द्वारा यथापेक्षित ऐसी घटनाओं की यह कोई सांख्यिकीय रपट शामिल नहीं करनेवाला है।

1. (i) ये नियम लैंगिक उपद्रव के बचाव केलिए "भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय आचार-संहिता और अनुशासन तथा समानता एवं अवसर के संरक्षण की नियमावली" बताये जाएँगे।

(ii) ये नियम दि. 14 नवम्बर, 2008 से लागू समझे जाएँगे।

2. प्रस्तुत अध्याय में प्रसंग द्वारा अन्यथा अपेक्षित किये जाने तक

(क) "विश्वविद्यालय" से तात्पर्य है भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय।

(ख) "प्रबंधन" से मतलब है विश्वविद्यालय की "कार्यकारी परिषद्"।

(ग) "कर्मचारी" का अर्थ है प्रस्तुत विश्वविद्यालय के दोनों शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी।

(घ) छात्र/छात्रा से तात्पर्य है भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएँ।

(ङ) लैंगिक उपद्रव से मतलब है।

(क) स्त्रियों के प्रति पुरुष द्वारा व्यक्तिगत रूप से अथवा संयुक्त रूप से किसी मौखिक, शारीरिक या दूसरे चाल-चलन का प्रयोग जिसमें शामिल है लैंगिक प्रकृति की टीका-टिप्पणी, इशारा-संकेत या आचरण।

(i) सेक्सी हँसी-मज़ाक

(ii) अस्वागतीय अभ्युक्तियाँ

(iii) अश्लील संदिग्धता पैदा करनेवाले हँसी मज़ाक

(iv) अश्लील प्रदर्शन

(v) लिंग आधारित अपमान या सेक्सी अभियुक्तियाँ

(vi) जैसे दूरभाष पर और उसके समान किसी भी प्रकार से अस्वागतीय सेक्शुएल वार्ता

(vii) शरीर-स्पर्श या ब्रशिंग और जैसे कार्य

(viii) नंगापन, अधनंगापन प्रदर्शित करनेवाले चित्र, कार्टूनें, पैम्फलेटें प्रदर्शित करना या गल्तियाँ-कहावतें बोलना।

(ix) ज़बरदस्त शारीरिक स्पर्श या मोलेस्टेशन।

(x) इच्छा के विरुद्ध शारीरिक बंधन और दूसरे कार्य जो कि उसकी एकांत का उल्लंघन करता हो।

(ख) शिक्षा/कैरीयर विकास के दौरान समान अवसर का बंचन अथवा

(ग) अन्यथा अध्ययन/कार्य पर्यावरण को छात्र-छात्राओं/कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक बनाना।

(च) "छात्र-छात्राओं का लैंगिक उपद्रव" से तात्पर्य है उस छात्र/छात्रा के शैक्षणिक लाभों, वातावरण या अवसरों के सम्पूर्ण उपभोग को रोक देने या बाधा डालने के तरीके में उस छात्रा की इज्जत को लूटने के लिए प्रबंधन के किसी भी व्यक्ति प्रभारी अथवा उसके द्वारा नियुक्त कोई किसी के प्राधिकार का तुष्प्रयोग। इसमें शामिल है संकाय/गैर-संकाय का व्यवहार जो खुले रूप से अथवा छिपे रूप से अपने प्राचार्य/रीडर/प्राध्यापक/गैर-शिक्षण स्टाफ़ आदि के ओहदे में एक छात्रा की श्रेणी, सिफ़ारिश व्यावसायिक प्रगति अवसर या रोजगार के संबंध में डराना या धमकी देना और उस छात्रा को अपनी लैंगिक भूख का शिकार होने केलिए विवश करना।

(छ) "कर्मचारी का लैंगिक उपद्रव" से तात्पर्य है प्रबंधन के किसी प्रभारी द्वारा उसके अपने मातहत के प्रति उपद्रव, बलात्कार कि उसकी लैंगिक शिकार नहीं होने पर रोजगार लाभों, पर्यावरण या अवसरों से उसे वंचित कर देने की धमकी। प्रबंधन में अपने ओहदे का दुष्प्रयोग कि उसके खिलाफ़ परिस्थितियाँ खड़ी कर देना, प्रतिकूल कार्य-वातावरण पैदा करना आदि। खुले रूप से या छिपे ढंग से अपना शिकार बनाने की विभिन्न चालें रचना। इसमें शैक्षणिक स्टाफ़ और गैर-शैक्षणिक स्टाफ़ दोनों हो सकते हैं।

भाग II

3. लैंगिक उपद्रव से निषेध : विश्वविद्यालय के भीतर अथवा विश्वविद्यालय से दूर किसी भी जगह परचाहे छात्रा हो, या कर्मचारी स्त्री-सदस्यों का कोई भी उपद्रव नहीं होगा, यदि उस जगह के पास विश्वविद्यालय के प्रबंधन के प्रभारी नियोक्ता/कर्मचारी/छात्रा/व्यक्तियों के रूप में संगत या कोई सम्बन्ध हो।

4. लैंगिक उपद्रव हेतु निरोधात्मक उपाय :

कुलपति विश्वविद्यालय के स्थल, पर्यावरण और जैसे, अपने अधिकार-क्षेत्र के भीतर ऐसे सम्भावी उपद्रव स्थल-बिंदुओं या स्थानों और कार्य-कलाप के क्षेत्रों को पहचान लेने की कार्रवाई प्रारम्भ करेगा/करेगी चाहे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच हो, या छात्रों और कर्मचारियों (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ़) के बीच हो या स्वयं कर्मचारियों के बीच अथवा चाहे प्रबंधन के प्रभारी व्यक्तियों और कर्मचारी के बीच ही क्यों न हो तथा लैंगिक उपद्रव को रोक देने की दृष्टि से पर्याप्त प्रबंधों की व्यवस्था करेगा/करेगी।

5. शिकायत कक्ष गठन :

(क) कुलपति, संहिता को कार्यान्वित करने के प्रयोजन हेतु, एक शिकायत-कक्ष स्थापित करेगा जिसमें निम्नांकित लोग शामिल रहेंगे:

(i) विश्वविद्यालय की महिला प्राचार्या/वरिष्ठतम महिला रीडर जो अध्यक्षा होंगी।

(ii) शिक्षण पक्ष में कर्मचारियों में से एक पुरुष सदस्य।

(iii) गैर शिक्षण पक्ष में कर्मचारियों मे से एक पुरुष सदस्य।

(iv) एक छात्रा।

(v) स्त्री-कल्याण अथवा शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे गैर-सरकारी संगठन की एक स्त्री प्रतिनिधि।

(vi) गैर-शिक्षण पक्ष में से एक स्त्री-सदस्या।

(vii) उप पंजीकार (शिकायत) सदस्य-सचिव रहेंगे।

(ख) वर्ग (ii), (iii), (iv) और (v) और (vi) में रहनेवाले कक्ष की सदस्याएँ अध्यक्षा के परामर्श से कुलपति द्वारा नामित करायी जाएँगी।

(ग) सदस्यों के लिए कार्यालय की अवधि दो वर्ष होगी और सदस्य पुनर्नामांकन के लिए पात्र होंगे।

(घ) शिकायत कक्ष में कोई आकस्मिक रिक्ति संबंधित वर्ग से अध्यक्ष के परामर्श से कुलपति द्वारा भरी जाएगी।

6. शिकायत-कक्ष द्वारा पूछ-ताछ/जाँच-संचालन :

(क) प्रस्तुत संहिता के किसी उल्लंघन द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति यथाशीघ्र और किसी भी रूप में आरोपित उल्लंघन के होने से 15 दिनों के भीतर शिकायत-कक्ष के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत करेगा।

(ख) (i) शिकायत में आरोपित उल्लंघन सम्बन्धी समस्त सामग्रियाँ और संगत ब्यौरे होंगे जिसमें शामिल है उल्लंघनकर्ताओं के नाम तथा शिकायत-कक्ष की अध्यक्षा को संबोधित किया जाना चाहिए।

(ii) फिर भी, जहाँ शिकायतकर्ता अगर अपना परिचय/पहचान प्रकट नहीं करना चाहता/चाहती हो, तो शिकायत को कुलपति के पास व्यक्तिगत रूप से उनके नाम सम्बोधित करते हुए दस्ती तौर पर सौंप देना चाहिए, अथवा एक बन्द लिफ़ाफ़ा में भिजवा देना चाहिए। ऐसी किसी शिकायत के प्राप्त होने पर, कुलपति अपने पास शिकायत की मूल प्रति को सुरक्षित रख लेगा/लेगी और शिकायतकर्ता का नाम और उसके परिचयात्मक अन्य ब्यौरों को छोड़कर बाकी उसकी शिकायत का सार और अन्य सारी सामग्रियाँ और संगत ब्यौरों को शिकायत-कक्ष को भिजवा देंगे/देंगी।

(ग) उप-धारा (ख) के अधीन किसी शिकायत या शिकायत के सार को प्राप्त कर लेने पर चाहे वह शिकायत, शिकायत-कक्ष को संबोधित हो अथवा उपकुलपति से प्राप्त शिकायत के सार का मामला हो, शिकायत-कक्ष, निष्पक्ष रूप से "पूछताछ" कराने की कार्रवाई कराएगी।

(घ) जहाँ शिकायत-कक्ष संतुष्ट हो कि शिकायत न्यायोचित है, वह इस बात को उपकुलपति के पास प्रस्तुत कर देगी जो संगत नियमों के अधीन अनुसासनिक कार्रवाई का कार्य प्रारम्भ करा देंगे/देंगी।

(ङ) प्रस्तुत संहिता के अधीन लगाया जानेवाला दण्ड निम्नांकित में से कोई एक या अधिक हो सकते हैं :

चेतावनी
सख्त चेतावनी
विनिर्दिष्ट अवधि हेतु निलम्बन
विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विश्वविद्यालय से अदृश्यता
उचित अपराधी कार्रवाई केलिए पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराना

(च) उपकुलपति उप-धारा (ख) के अधीन कृत व्यवस्था और शिकायत-कक्ष की स्थापना संबंधी विस्तृत प्रचार कराएँगे/कराएँगी तथा सूचना-पट में उनकी प्रतियाँ स्थाई रूप से लगवा देंगे/देंगी।

7. बचतः विधि के अधीन एक अपराध समझे जानेवाले किसी कार्य के संबंध में सीधे पुलिस के पास शिकायत प्रस्तुत करने से कुलपति को प्रस्तुत संहिता में कोई रोक नहीं है।

अध्याय – IX- भर्ती नियमावली : शैक्षिक एवं प्रशासनिक सेवाएँ

1. -- कुलपति

1.	पद का नाम	कुलपति
2.	पद संख्या	एक
3.	वर्ग/विभाजन	मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी
4.	वेतनमान	इस पद का नियमित वेतन रु.75,000 होगा इसके साथ प्रतिमाह रु.5000 का भत्ता मिलेगा।
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	55 वर्ष से अधिक नहीं
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	मेरीटाइम मेनेजमेंट/जनरल मेनेजमेंट/विज्ञान तथा तकनीकि के क्षेत्र में अच्छे शिक्षक या शैक्षिक योग्यता प्राप्त होने के साथ-साथ डॉक्टर की उपाधि भी हो।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	उम्र-अधिकतम 70 वर्ष (उच्च शिक्षा विभाग, एम.एच.आर.डी. के व्यवस्था सं. O.M. No.1-32/2006-U.II/U.I(1) दिनांक 31 दिसंबर, 2008 के धारा 8 f (1) के अनुसार)
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	लागू नहीं
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	प्रत्यक्ष भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति	तीन वर्षीय अल्पकालिक अवधि के बाद भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष की नियुक्ति

	हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	दी जाती है। पुनः नियुक्ति हो सकती है जो अधिकतम उम्र सीमा 70 वर्ष है। (उच्च शिक्षा विभाग, एम.एच.आर.डी. के व्यवस्था सं. O.M.No.1-32/2006-U.II/U.I(1) दिनांक 31 दिसंबर, 2008 के धारा 8 f (1) के अनुसार)
13.	टिप्पणी	(उच्च शिक्षा विभाग, एम.एच.आर.डी. के व्यवस्था सं. O.M.No.1-32/2006-U.II/U.I(1) दिनांक 31 दिसंबर, 2008 के धारा 8 f (1) के अनुसार)

2 -- समकुलपति/प्रतिकुलपति

1.	पद का नाम	समकुलपति/प्रतिकुलपति
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार (चाहे तो प्रति एक कैंपस के लिए एक, वी.सी. के निर्णयानुसार)
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	पूर्व सुधारित वेतनमान के आधार पर जो कि रु.37400-67000 के साथ-साथ ए जी पी रु.10,000 अथवा रु.12,000, के साथ खास भत्ता रु.4000, मासिक परिलाभ (परिश्रमिक) 80,000 से अधिक न हो।
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	55 वर्ष से अधिक नहीं
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	पीएच.डी. उपाधि के साथ - सफल आचार्य हो।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं	उम्र : लागू नहीं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता -- IMU द्वारा निर्धारित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	लागू नहीं
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	प्रत्यक्ष पद भर्ती अगर पदोन्नति न हो तो।
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नति : योग्य आचार्य (उम्र) आयु सीमा के साथ तथा शैक्षणिक
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	पाँच वर्ष की कालावधि के लिए कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार वी.सी. (कुलपति) द्वारा नियुक्ति की जाएगी। पुनः नियुक्ति के लिए भी साध्य हो।
13.	टिप्पणी	--

3 -- पूर्वस्नातक/स्नातकोत्तर कॉलोजों के प्राचार्य

1.	पद का नाम	प्राचार्य (पूर्वस्नातक/स्नातकोत्तर कॉलेजों के लिए)
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	अ) स्नातकोत्तर कॉलेजों के प्राचार्यों के लिए वेतनमान राशि रु.37400-67000 के साथ एजी पी रु.10,000 तथा विशेष भत्ता रु.3000 प्रति माह
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	50 वर्ष से अधिक नहीं। (कुछ मामलों में (कुलपति) वी.सी. द्वारा छूट दी जा सकती है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	पीएच.डी. उपाधि के साथ एक सफल आचार्य
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं शैक्षणिक योग्यता : IMU द्वारा निर्धारित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	अगर पदोन्नति न हो तथा डेप्युटेशन न हो तो प्रत्यक्ष भरती होगी।
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नति: योग्य आचार्य आयु सीमा सहित तथा स्तंभ 6 एवं 7 में सूचित शैक्षणिक योग्यतानुसार प्रतिनियोजन: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, स्वायत्त संस्था/केंद्रीय/राज्य सरकार स्तंभ 7 में सूचित शैक्षणिक योग्यतानुसार में आचार्य हो नियमित रूप से पद संभाले हुए हो।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति में होंगे:

	हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	i) नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ii) अध्यक्ष द्वारा नियंत्रण बोर्ड के एक सदस्य को मनोनीत करना iii) दो मनोनीत सदस्य जिनमें से एक विषय विशेषज्ञ हो। iv) इन विषय-विशेषज्ञों में से कलिज के प्राचार्य, आचार्य, अच्छे शिक्षक जिसकी योग्यता आचार्य से कम न हो (नियंत्रण बोर्ड द्वारा मनोनीत) इनके अतिरिक्त कुलपति द्वारा मनोनीत सदस्य
13.	टिप्पणी	

4 -- आचार्य (प्रोफेसर)

1.	पद का नाम	आचार्य
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकता के अनुसार
3.	वर्ग/विभाजन	शिक्षक संकाय वेतन बैंड IV
4.	वेतनमान	पूर्व वेतन-मान 16400-450-20900-22400 तथा VI पे कमीशन के अनुसार वेतन बैंड रु.37400-67000 के साथ ए जी पी रु.10,000 अथवा (उच्च शिक्षा विभाग, एम.एच.आर.डी. के व्यवस्था सं. O.M.No.1-32/2006-U.II/U.I(1) दिनांक दिसंबर 31, 2008 के अनुच्छेद 2 (a) (16) में दी गई सुविधाएं के अनुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित तथा पदोन्नति पर आधारित
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	50 वर्ष से अधिक नहीं। (कुलपति द्वारा कभी-कभार छूट दिया जा सकता है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएं	अच्छे विद्वान, अनुसंधान कार्यों में लगकर किताबों के प्रकाशन कार्य में कार्यरत, स्नातकोत्तर विभाग में 10 वर्षों के अध्यापन कार्य का अनुभव अथवा, विश्वविद्यालयों में अनुसंधान कार्य में कार्यरत, राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं/डॉक्टर उपाधि में निर्देशन का अनुभव (अथवा) सहायक आचार्य जो में तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त, ए जी पी 9000 तथा तत्संबंधी विषय में पीएच.डी. प्राप्त हो।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएं	आयु : लागू नहीं है आवश्यक शैक्षिक योग्यता : IMU द्वारा निर्धारित।
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति अथवा डेप्युटेशन न हो तो प्रत्यक्ष पद भरती।
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नति : सहायक आचार्य आयु सीमा सहित तथा शैक्षणिक योग्यता जो कि स्तंभ 6 तथा 7 में दिया गया है। प्रतिनियोजन : किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था, विश्वविद्यालय, स्वायत संस्था, केंद्र/राज्य सरकार द्वारा शासित तथा स्तंभ 7 में सूचित योग्यता प्राप्त सहायक आचार्य।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति, हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति में होंगे: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) कुलपति द्वारा मनोनीत तिन विषय-विशेषज्ञ सदस्य iii) संबंधित विषय के प्राचार्य/अध्यक्ष/डीन तथा संबंधित विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत शैक्षणिक गण
13.	टिप्पणी	i) दस प्रतिशत आचार्यों के पद ए-जी पी रु.12000 होंगे। ii) जितने विभाग होंगे उतने ही आचार्य होंगे। iii) पूर्व स्नातक कॉलेजों में प्रोफेसर की संख्या निर्धारित सहायक प्रोफेसरों की संख्या का 10% होगा।

5 -- सहयोगी प्रोफेसर (आचार्य)

1.	पद का नाम	सहयोगी प्रोफेसर
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	शिक्षा संकाय वेतन बैंड IV
4.	वेतनमान	पूर्व वेतन-मान 12000-420-18300 छ.वे.आ. के अनुसार बैंड रु.37400-67000 ए जी पी सहित रु.9000 सीधे पद हेतु या उच्च शिक्षा विभाग, एम एच आर डी द्वारा जारी ओ एम सं.1-32/2006 यू-II/यू-I(1) दिनांक 31 दिसंबर, 2008 के अनुच्छेद

		2(a) (viii) तथा अगले अनुच्छेद के अनुसार जो रीडर/प्रवक्ता श्रेणी के लिए निर्धारित है, मान्य होगा।
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित तथा पदोन्नति पर आधारित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	आयुः अधिकतम 45 वर्ष (कुछ मामलों में कुलपति द्वारा छूट दी जा सकती है।
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) कुशल शैक्षिक योग्यता के साथ डाक्टर की उपाधि अथवा तत्संबन्धी प्रकाशित कार्य ii) मास्टर की उपाधि में कम-से-कम 55% अंक हो। (एस.सी./एस.टी. तथा अपाहिजों के लिए 5% की छूट) अथवा इसके समकक्ष श्रेणी बी के बिंदु ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ. (O.A.B.C.D.E. & F.) हो iii) पाँच वर्ष अध्यापन का अनुभव अथवा अनुसंधान कार्य में कार्यरत हो। पीएच.डी. उपाधि हेतु किए गए अनुसंधान कार्य इस के अंतर्गत नहीं आता है अथवा ए जी पी में रु.8000 पर तीन वर्ष का अध्यापन कार्य एवं अनुभव प्राप्त।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं है अनिवार्य शैक्षिक योग्यता : IMU द्वारा निर्धारित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन (प्रतिनियुक्ति) की असफलता में सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	**पदोन्नतिः** योग्यता प्राप्त सहायक प्रोफेसर, आयु सीमा सहित तथा स्तंभ 6 तथा 7 में सूचित शैक्षिक योग्यताएँ। **प्रतिनियुक्तिः** योग्य विद्वान जो कि नियमित रूप से किसी भी विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त संस्थाएँ/स्वायत्त संस्था/केंद्र/राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाले संस्था में उचित पद पर कार्यरत हो तथा आवश्यक शैक्षिक योग्यता प्राप्त हो।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	----

6 -- सहायक प्रोफेसर

1.	पद का नाम	सहायक प्रोफेसर
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	शिक्षा संकाय वेतन बैंड III
4.	वेतनमान	पूर्व वेतन-मान 9100-250-15000 छ. वे. आ. के अनुसार वेतन बी रु.15600-39100 तथा ए जी पी सहित रु.6000 (अथवा यू जी सी/जी ओ आई द्वारा निर्धारित नियम)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम आयु 40 वर्ष (कुछ स्वास मामलों में कुलपति द्वारा छूट दी जा सकती है।)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) मास्टर की उपाधि में कम-से-कम 55% अंक प्राप्त हो। (एस.सी./एस.टी./अपाहिजों को 5% की छूट) अथवा समकक्ष श्रेणी में बी ग्रेड बिंदु ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ (O.A.B.C.D.E. & F.) हो। ii) यूजीसी द्वारा चलाए जाने वाले एन.ई.टी. (नेट) की परीक्षा पास हो अथवा समकक्ष सी.एस.ऐ.आर. (CSIR) अथवा समकक्ष यूजीसी का कोई अन्य परीक्षा में सफल हो। वांछित : पीएच.डी. उपाधि संबंधित विषय में हो तो उनके लिए यूजीसी नेट परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं। यूजीसी डी.ओ. नं.एफ.1-1/2002 (PS) Exemp. जो कि जून 14, 2006 से लागू हुई है।)
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं आवश्यक योग्यताएँ : IMU द्वारा निर्धारित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन की असफलता में सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	**पदोन्नतिः** योग्य प्रवक्ता (चयन श्रेणी) आयुसीमा सहित तथा स्तंभ 6 तथा 7 में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता हो। **प्रतिनियुक्तिः** योग्य विद्वान जो कि विश्वविद्यालय/स्वायत्त संस्था/केंद्र/राज्य सरकार

		द्वारा संचलित संस्थाओं में निरंतर कार्यरत तथा स्तंभ 7 में सूचित शैक्षिक योग्यताओं से युक्त
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	i) सहायक प्रोफेसर जो कि एम.फिल की उपाधि अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में उच्च शिक्षा प्राप्त हो तो ए जी पी रु.7000 के लिए योग्य है जो कि सहायक प्रोफेसर के रूप में पाँच वर्ष का अनुभव हो। ii) पीएच.डी. डिग्री धारक सहायक प्रवक्ता को सीधे एक मुस्त पांच अग्रिम वेतन लाभ लागु होगा। फिलहार एम.फिल. डिग्री धारक को दो अग्रिम वेतन लाभ एक मुस्त लागु होंगे।

7 -- प्रवक्ता (चयन श्रेणी)

1.	पद का नाम	प्रवक्ता (चयन श्रेणी)
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	संकाय वेतन समुह III
4.	वेतनमान	संशोधित 9100-250-15000 छ. वे. आ. के अनुसार वेतनमान रु.15600-39100 ए जी पी सहित रु.6000 अथवा यूजीसी/जीओऐ के नियमानुसार
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम 40 वर्ष (कुछ मामलों में कुलपति द्वारा छूट दी जाएगी)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) मास्टर की उपाधि में कम-से-कम 55% अंक प्राप्त हो (एस.सी./एस.टी./अपहिजों को 5% की छूट) अथवा समकक्ष श्रेणी के ग्रेड ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ (O.A.B.C.D.E. & F.) पर बी श्रेणी। ii) यू जी सी द्वारा चलाए जानेवाले नेट परीक्षा पास हो अथवा समकक्ष सीएसऐआर (CSIR) अथवा समकक्ष यू जी सी का कोई अन्य परीक्षा में सफल हो। वांछित : पीएच.डी. उपाधि संबंधित विषय से हो तो उनके लिए यू जी सी नेट परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है। यू जी सी डी ओ नं.एफ.1-1/2002 (PS) Exemp जो कि जून 14, 2006 से लागू हुई है।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयू : लागू नहीं आवश्यक योग्यताऐं : IMU द्वारा निर्धारित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष : पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन की असफलता में सीधी भर्ती।
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नति : योग्य प्रवक्ता (चयन श्रेणी) आयूसीमा सहित तथा स्तंभ 6 तथा 7 में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता हो। प्रतिनियुक्ति : योग्य विद्वान जो कि विश्वविद्यालय/स्वयत्त संस्था/केंद्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित संस्थाओं में निरंतर कार्यरत तथा स्तंभ 7 में सूचित शैक्षिक योग्यताओं से युक्त
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	अनुच्छेद 2(x) तथा (xi) O.M. No.1-32/2006-U.II/U.I(1) दिनांक 31, 2008, MHRD उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई प्रविधियों के अनुसार प्रवक्ता (चयन श्रेणी) जो सेवा में है, लागु होगा।

8 -- प्रवक्ता

1.	पद का नाम	प्रवक्ता
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	शिक्षा संकाय वेतन बैंड IV
4.	वेतनमान	पूर्व-संशोधित 9100-250-15000. छ. वे. आ. वेतन समूह रु.15600-39100 सहित ए.जी.पी. रु.6000 (अथवा यूजीसी/जीओऐ के नियमानुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	प्रवेश श्रेणी पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम 40 वर्ष
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) मास्टर की उपाधि में कम-से-कम 55% अंक प्राप्त हो (एस.सी./एस.टी./अपहिजा को 5% की छूट) अथवा समकक्ष श्रेणी के ग्रेड ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ (O.A.B.C.D.E. & F.) पर बी श्रेणी। ii) यू जी सी द्वारा चलाए जानेवाले नेट परीक्षा पास हो अथवा समकक्ष सीएसऐआर (CSIR) अथवा समकक्ष यू जी सी का कोई अन्य परीक्षा में सफल हो। वांछित : पीएच.डी. उपाधि संबंधित विषय से हो तो उनके लिए यू जी सी नेट परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है। यू जी सी डी ओ नं.एफ.1-1/2002 (PS) Exemp जो कि जून 14, 2006 से लागू हुई है।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	लागू नहीं
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	सीधी
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	लागू नहीं
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	

9 -- कैंपस निदेशक

1.	पद का नाम	कैंपस निदेशक
2.	पद संख्या	04 (चेन्नई, मुंबई, विशाखपट्टिनम तथा कोलकाता के विश्वविद्यालय कैंपसों हेतु)
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवा
4.	वेतनमान	पूर्व संशोधित वेतन 18400-500-22400 छ. वे. आ. वेतन समूह रु.37400-67000 एजीपी सहित रु.10000 (अथवा यूजीसी/जीओआई में प्रस्तावित नियमानुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयन तथा पदोन्नति पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम आयु 55 वर्ष (कुलपति द्वारा छूट दी जी सकती है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) योग्य विद्वान जो कि अनुसंधान कार्य में कार्यरत हो ii) प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष का अनुभव प्राप्त हो तथा पीएच.डी. उपाधि हो एवं डॉक्टर उपाधि हेतु निर्देशन का काम भी किया हो iii) नियुक्ति के बाद कम से कम 2 वर्ष की सेवा करना अनिवार्य है
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं आवश्यक योग्यताएँ : IMU द्वारा प्रस्तावित के आधार पर
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	लागू नहीं
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	i) सीधी तथा पदोन्नति आधारित ii) नामांकन आधारित
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नतिः योग्य प्रोफेसर -- शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव जो (स्तंभ 7 में उल्लिखित है) हो। डेप्युटेशनः प्रोफेसर जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/स्वायत्त संस्था। केंद्रा/राज्य सरकार द्वारा चलाए जानेवाले योग्यताएँ (जो स्तंभ 7 में उल्लिखित हैं) हो।

12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	i) चयन समिति सुझावानुसार निदेशक का चयन 3 वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है। ii) अगर निदेशक अकादमिक कर्मचारी है तो आयु सीमा 65 वर्ष होगी, अन्यथा आयुसीमा 60 वर्ष जो कि 2 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

10 -- विश्वविद्यालय निदेशक-शारीरिक शिक्षा (फिसिकल एजुकेशन)

1.	पद का नाम	विश्वविद्यालय निदेशक-शारीरिक शिक्षा
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	पूर्व संशोधित वेतन 18,400-500-22400, छ.वे.आ. के वेतन श्रेणी रु. 37400-67000 एजीपी सहित रु. 10000 (अथवा यूजीसी/जीओआई में प्रस्तावित नियमानुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयन तथा पदोन्नति पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम आयु 50 वर्ष (कुलपति द्वारा छूट दी जा सकती है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	(i) शारीरिक शिक्षा में पीएच.डी. (ii) विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि DPE के रूप में 10 वर्ष का अनुभव हो अथवा विश्वविद्यालय सहायक DPE/कॉलेज DPE (चयन श्रेणी) में 15 वर्ष का अनुभव वांछित है। (iii) दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी/सम्मेलनों में भाग लिया हो। (iv) जिनका रिपोर्ट अच्छा हो। (v) जो कम से कम दो हफ्तों का कैंपों में प्रशिक्षण दिया हो, तथा स्पर्धाओं का संगठन किया हो। (vi) जो दलों में बढ़िया कार्य किया हो। राज्य स्तर की स्पर्धाओं में भाग लिया हो। राष्ट्रीय/आंतरिक विश्वविद्यालय/संयुक्त विश्वविद्यालय में भाग लिया हो।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं है आवश्यक योग्यताएँ : IMU द्वारा प्रस्तावित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन की असफलता में सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो, पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नति : योग्य प्रतिनिधि निदेशक जो शारीरिक शिक्षण में योग्यता प्राप्त हो तथा स्तंभ 7 में उल्लिखित योग्यता प्राप्त हो। डेप्युटेशन : डेप्युटेशनः प्रोफेसर जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/स्वायत्त संस्था। केंद्र/राज्य सरकार द्वारा चलाए जानेवाले योग्यताएँ (जो स्तंभ 7 में उल्लिखित हैं) हो।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	

11 -- विश्वविद्यालय सहायक DPEs/कालेज जीपीई (DPEs चयन श्रेणी)

1.	पद का नाम	विश्वविद्यालय : सहायक निदेशक : शारीरिक शिक्षण/कालेज निदेशक : शारीरिक शिक्षण (चयन श्रेणी)
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार

3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	पूर्व संशोधित वेतन 8000-275-13500, छ.वे.आ. के वेतन श्रेणी रु. 15600-39100 एजीपी सहित रु. 6000 (अथवा यूजीसी/जीओआई के नियमानुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम 40 वर्ष (कुलपति द्वारा छूट दी जा सकती है।
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	(i) विश्वविद्यालय DPE के रूप में पाँच वर्ष का अनुभव हो/कालेज DPE के पद पर वरिष्ट वेतन पर हो। (ii) जो कम से कम तीन या चार हफ्तों में आयोजित दो रिफ्रेशर कार्यक्रमों में भाग लिया हो जिसमें मूल्यांकन विधि का पालन किया गया हो। (iii) जो अच्छे दलों को निर्मित किया हो तथा दो हफ्तों में आयोजित कैंपों में प्रशिक्षण किया हो। (iv) शारीरिक फिटनेस परीक्षा पास की हो। (v) जिसका रिपोर्ट अच्छा हो (जिसको अच्छे रिपोर्ट प्राप्त हो)
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं आवश्यक योग्यताएँ : IMU द्वारा प्रस्तावित
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन की असफलता पर सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	पदोन्नतीः योग्य अधिकारी शारीरिक शिक्षण में तथा स्तंभ 7 में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त डिप्युटेशन : प्रोफेसर जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/स्वायत्त संस्था, केंद्र/राज्य सरकार द्वारा चलाए जानेवाले योग्यताएँ (जो स्तंभ 7 में उल्लिखित है) हो।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगीः i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) संबंधित शैक्षिक संकाय के डीन/अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	(i) सहायक DPE के पद पर पाँच वर्ष तक कार्य करने के बाद जिनका वेतनमान पे बी तथा रु. 15600-39100 एजीपी रु.8000 तथा जिनका पद प्रतिनिधि DPE/सहायक DPE (चयन श्रेणी)/कालेज DPE (चयन श्रेणी) हो। (ii) पे बॉण्ड 15600-39100 पे बैंड रु.8000 में तीन वर्ष कार्य करने के पश्चात् तथा विषय ज्ञान जो यूजीसी द्वारा प्रस्तावित है, विश्वविद्यालय DPE/DPE (चयन श्रेणी) कॉलेज DPE अॅव पे बॉण्ड रु. 37400-67000 एजीपी रु.9000 के पात्र होंगे।

12 -- प्रतिनिधि निदेशक : शारीरिक शिक्षण

1.	पद का नाम	प्रतिनिधि निदेशक : शारीरिक शिक्षण
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	पूर्व संशोधित 12000-420-18300 छठवें वेतन आयोग के वेतन समूह रु.15600-39100 एजीपी सहित रु.8000 तीन वर्ष की सेवा के बाद 37400-67000 एजीपी रु.9000 सहित अथवा अनुच्छेद 6(c)(i),(ii),(iii),(iv) तथा (v) O.M. सं.1-32/2006-U.II/U.I (1) दिनांक 31, 2008 MHRD, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी।
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयन पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम 45 वर्ष (कुलपति द्वारा छूट दी जी सकती है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) मास्टर की डिग्री में कनिष्ठतम 55% अंक हो। (एस.सी./एस.टी./अपाहिज छात्रों को 5% की छूट) अथवा समकक्ष श्रेणी बी के सात बिन्दु जैसे ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ. ii) विश्वविद्यालय सहायक DPEs / कालेज DPEs में कनिष्टतम छः वर्ष का अनुभव हो जिसमें दो वर्ष का पीएच.डी. एवं एक वर्ष का एम.फिल. उपाधि प्राप्त हो। iii) शारीरिक फिटनेस परीक्षा में उत्तीर्ण हो। iv) जिन का रिपोर्ट अच्छा हो।

		v) जो कम से कम एक ओरिएण्टेशन कार्यक्रम तथा एक रिफ्रेशमेंट कार्यक्रम में भाग लिया हो जो कम से कम दो तीन सप्ताहों तक चला हो।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	आयु : लागू नहीं है आवश्यक योग्यताएँ : IMU द्वारा प्रस्तावित के आधार पर
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	पदोन्नति की असफलता में डेप्युटेशन की असफलता में सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	**पदोन्नतिः** योग्यता युक्त सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षण के साथ शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव हो जो कि स्तंभ 7 में उल्लिखित है। **डेप्युटेशनः** शारीरिक शिक्षण में योग्यता प्राप्त विद्वान जो मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/स्वायत्त संस्थान/केंद्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित स्थापत्यों में निरंतर कार्यरत तथा स्तंभ 7 में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएँ हो।
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान
13.	टिप्पणी	---

13 -- सहायक निदेशक : शारीरिक शिक्षण (सहायक DPE)

1.	पद का नाम	सहायक निदेशक : शारीरिक शिक्षण
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकतानुसार
3.	वर्ग/विभाजन	प्रथम श्रेणी सेवाएँ
4.	वेतनमान	पूर्व-संशोधित 8000-250-13500 छठवें वेतन आयोग के वेतन समूह रु.15600-39100 एजीपी सहित रु.6000 (अथवा यूजीसी/जीओआई द्वारा प्रस्तावित)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	प्रवेश श्रेणी पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	अधिकतम 40 वर्ष (कुलपति द्वारा छूट दी जी सकती है)
7.	प्रत्यक्ष पद भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) मास्टर की डिग्री शारीरिक शिक्षण में कम से कम 55% अंक हो। (एस.सी./एस.टी./अपाहिज छात्रों को 5% की छूट) अथवा उसके समकक्ष.श्रेणी बी के सात बिन्दु ओ.ए.बी.सी.डी.ई. तथा एफ. ii) यूजीसी, सीएसआईआर द्वारा चलाए जानेवाले नेट की परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई परीक्षा पास की हो iii) राष्ट्रीय स्तर के चंपियनशिप में विश्वविद्यालय/अंतरविश्वविद्यालय/अंतर कालेज/के स्तर पर भाग लिया हो iv) शारीरिक फिटनेस परीक्षा में उत्तीर्ण हो वांछनीयः संबंधित विषय में पीएच.डी हो। (पीएच.डी उपाधि प्राप्त छात्रों के लिए नेट की आवश्यकता नहीं है NET नियम UGC D.O. No.F 1-1/2002 (PS) जून 14, 2006 को पारित नियम से यह लागू हुआ है।
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	लागू नहीं है
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो वर्ष
10.	पद भर्ती का विधान, प्रत्यक्ष - पद भर्ती, पदोन्नति, डेप्युटेशन, स्थानांतरण और विभिन्न माध्यमों द्वारा प्रतिशत में भरे जाने वाले स्थान	सीधी भर्ती
11.	अगर पद की भर्ती पदोन्नति/(डेप्युटेशन) प्रतिनियोजन/स्थानांतरण के आधार पर हो तो पदोन्नति/प्रतिनियोजन तथा स्थानांतरण के लिए अलग श्रेणी का निर्धारण	लागू नहीं है
12.	अगर विभागीय पदोन्नती समिति/पद भर्ती समिति हो तो संयोजन किस प्रकार का होगा?	विभागीय पदोन्नति समिति/चयन समिति इस प्रकार होगी: i) अध्यक्ष के रूप में कुलपति ii) संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञ जो कुलपति द्वारा मनोनीत iii) शैक्षिक संकाय के डीन/विभागाध्यक्ष/प्रत्येक विभाग के अध्यक्ष iv) कार्यकारिणी समिति द्वारा मनोनीत विद्वान

13.	टिप्पणी	i) सहायक निदेशक जो एम.फिल. उपाधि अथवा उच्च शिक्षा प्राप्त हो। इसके लिए योग्य हैं जो एजीपी रु.7000 तथा सहायक प्रोफेसर के रूप में पाँच वर्ष का अनुभव प्राप्त की हो। ii) जो व्यक्ति सहायक निदेशक का पद प्राप्त करता है जिसका पीएच.डी. उपाधि हो तो पाँच नान कांपौंडेड अग्रिम वेतन वृद्धि प्रवेश श्रेणी में स्वीकृत किया जाएगा। अगर एम.फिल. की उपाधि हो तो दो कांपौंडेड अग्रिम वेतन वृद्धि स्वीकृत होगी। iii) सहायक निदेशक : शारीरक शिक्षण। कालेज DPE (सीनियर स्केल) में पूर्व संशोधित वेतनमान रु.10000-15200 के स्थान पर 15600-39100 एजीपी सहित रु.7000 होगा।

14. कुल सचिव/ वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक

1.	पद का नाम	कुल सचिव/ वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक
2.	पद संख्या	विश्वविद्यालय के आवश्यकता के अनुसार
3.	वर्ग/विभाजन	ग्रुप 'अ'
4.	वेतनमान	पूर्व संशोधित वेतनमान के अनुसार रु. 16400-450-20900-500-22400, नया वेतन समूह रु. 37400-67000 के साथ ग्रेड वेतन रु. 10000, (या यू.जी.सी./भारत सरकार के नियमों के अनुसार)
5.	चयनित पद अथवा नहीं?	चयनित पद
6.	सीधे (प्रत्यक्षतः) भर्ती के लिए उम्र की सीमा	50 वर्ष से अधिक नहीं (सुपात्र मामलों में कुलपति द्वारा छूट)
7.	कुल सचिव/ वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक और समकक्ष पद के भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता एवं अन्य योग्यताएँ	i) स्नातकोत्तर उपाधि में कम से कम 55% अंक हो या यू.जी.सी. निर्धारित सात अंक मांप में समकक्ष ग्रेड 'बी' ii) सहायक प्रोफेसर के पद में कम से कम 15 साल का अनुभव रु. 7000 का ए.जी.पी. और इससे ऊपर या 8 साल के सेवा में रु. 8000 का ए.जी.पी. और अधिक जिसमें सह प्रोफेसर के शैक्षिक प्रशासन के अनुभव भी शामिल हैं या शोध स्थापना में समकक्ष अनुभव और/या उच्च शिक्षा के अन्य संस्थान या 15 साल का प्रशासनिक अनुभव जिसमें उप-कुलसचिव के रूप में 8 साल या ऐसा समकक्ष पद
8.	पदोन्नति के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताएँ	पदोन्नति आयु लागू नहीं है। सीधे नियुक्त जैसा शैक्षिक योग्यता **प्रतिनियुक्त/आमेलन** a) i) नियमित आधार पर अनुरूप पद पर होना या ii) पद में 3 साल का नियमित सेवा में रहना जिसका वेतनमान रु. 12000-375-16,500 के समकक्ष हो या (iii) पद में 8 साल का नियमित सेवा में रहना जिसका वेतनमान 10000-325-15200 या समकक्ष हो। b) ग्रुप 'अ' के पद पर 12 साल का प्रशासनिक अनुभव नोट : प्रतिनियुक्ति का काल जिसमें अन्य पूर्व-काडर का प्रतिनियुक्ति काल भी शामिल है जो इस नियुक्ति के पूर्व केन्द्रीय सरकार के अन्य संगठन/विभाग का पाँच साल से अधिक नहीं या सेवानिवृत्ति का दिनांक या आमेलन जो सर्व प्रथम है।
9.	परिवीक्षा काल अगर हो तो	दो साल
